# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025



Hero



माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेंद्र मोदी

हम अपने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार को देशवासियों के हित में किए गए GST बदलाव के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस पल को एक राष्ट्रव्यापी उत्सव में बदल दिया!

त्यौहार के इस समय में, अपने पसंदीदा हीरो टू-व्हीलर को घर ले जाएं, क्योंकि 100% GST लाभ सीधे आप तक पहुँचाए जा रहे हैं। डिलीवरी इस नवरात्रि से शुरू।

## कम कीमत, शानदार त्यौहार।

| मॉडल | इतने तक GST लाभ* |
|---|---|
| HF Deluxe | ₹ 5 600 |
| Passion+ | ₹ 6 400 |
| Splendor+ | ₹ 6 800 |
| Destini 125 | ₹ 7 400 |
| Glamour X | ₹ 7 800 |
| Xpulse 210 | ₹ 14 500 |




## आज ही अपनी हीरो बुक करें!

*ON EX-SHOWROOM RAIPUR

WORLD'S NO.1 24 YEARS IN A ROW ## MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

CALL TOLL-FREE
1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. ##Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2024 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY24). For all Corporate and Bulk Enquiries, Please email us on institutionalsales@heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Offer amount & combination of offers may vary as per model. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. Terms & Conditions apply.

**प्रीमिया डीलर्स:** रायपुर: **इंडियन सेल्स कॉर्पोरेशन** (मैग्नेटो द मॉल के सामने), 9289233242; बिलासपुर: **गैलेक्सी मोटर्स** (महाराणा प्रताप चौक के पास), 9289235193; अंबिकापुर: **आरके ऑटोबाइक्स** (आरके सिटी सेंटर, केदारपुर), 9289233759. **अधिकृत डीलर:** रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलौदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, **एसोशिएट डीलर:** रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, [illegible]: ललित सर्विसेज 8770383767, [illegible]: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, [illegible]: किरण मोटर्स 9754069392, [illegible]: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, [illegible]: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 [illegible]: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, [illegible]: विक्की मोटर्स: 9755583102, [illegible]: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, [illegible]: अंकित ऑटो: 9425240565, [illegible]: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, [illegible]: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, [illegible]: आरसन मोटर्स 9340335266, [illegible]: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, [illegible]: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, [illegible]: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, [illegible]: किरन ऑटोकेयर 9754069392, [illegible]: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, [illegible]: कान्हा मोटर्स 6260472025, [illegible]: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, [illegible]: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, [illegible]: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, [illegible]: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंडरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, [illegible]: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, [illegible]: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, [illegible]: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343 / 7898813343, [illegible]: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, [illegible]: अंशु ऑटो, 6261421161,, **डीलर एक्सटेंशन काउंटर:** रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, **ऐडिशनल वर्कशॉप:** रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरापारा) 2274333/666, [illegible], (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, **जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट:** संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983.

SAATCHI & SAATCHI



खबर संक्षेप

## आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत

**जीजामगांव।** पुलिस चौकी बिरेझर क्षेत्र के ग्राम मुरा में बुधवार 10 सितंबर को दो महिलाएं खेत में काम रही थीं तभी अचानक दोपहर को आकाशीय बिजली उन पर गिर गई। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई तथा दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि रेवती बाई पति सुरेन्द्र नगारची उम्र 34 वर्ष एवं ममता बाई पति नंदकुमार नगारची सुबह 10 बजे अपने खेत में काम करने गई थी तभी करीब दोपहर 2 से 3 बजे अचानक बादल आया और भारी गर्जना के साथ खेत में काम कर रही महिलाओं पर बिजली गिर गई। आकाशीय बिजली गिरने से रेवती बाई पति सुरेन्द्र नगारची की मौके पर ही मौत हो गई तथा ममता बाई पति नंदकुमार नगारची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पुलिस चौकी बिरेझर में दी गई। मृत महिला का पंचनामा कर पीएम के लिए कुरूद लाया गया।



## युवती से दो लाख की धोखाधड़ी, अपराध दर्ज

**बालोद।** ऑनलाइन सामान खरीदने के बहाने एक युवती के साथ 2,20,716 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम भिलाई की रहने वाली लोकेश्वरी साहू ने पुलिस में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। लोकेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया कि 24 अगस्त को उन्हें टेलीग्राम पर एक मैसेज मिला, जिसमें ऑनलाइन काम करके पैसे कमाने का लालच दिया गया था। शुरुआत में उन्होंने मना किया, बाद में राजी हो गए। उन्हें छोटे-छोटे ऑर्डर पर बोनस मिलने का झांसा दिया गया। शुरुआत में 175 रुपये का छोटा लाभ दिखाने के बाद, उन्होंने अलग-अलग दिनों में कई यूपीआई लेनदेन के माध्यम से पैसे जमा करना शुरू कर दिया। अलग-अलग खातों में कुल 2,20,716 रुपये जमा करा लिया है।

# कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2024 में गड़बड़ी को लेकर दायर सभी याचिकाएं हाईकोर्ट से खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2024 में हुई गड़बड़ी को लेकर पेश जनहित याचिका को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। चयनित अभ्यर्थियों के भी याचिका में शामिल होने पर चीफ जस्टिस ने कहा कि, आप खुद पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हो, सरकारी नौकरी बड़ी मुश्किल से मिलती है।

दरअसल 7 में से 4 याचिकाकर्ता परीक्षा में पहले ही चयनित हो चुके हैं, उसके बाद भी इन लोगों ने कोर्ट की शरण ली है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं से साफ कहा कि, इस पीआइएल की जरूत क्यों पड़ी , जब आपका चयन हो चुका है। दरअसल राज्य लोक सेवा आयोग के अंतर्गत गत वर्ष 2024 में पुलिस आरक्षकों की भर्ती परीक्षा आयोजित कराई गई थी। चयन से पहले इसमें राजनांदगांव में सभी शामिल अभ्यर्थियों की एक शारीरिक दक्षता परीक्षा भी कराई गई। पुलिस की इस परीक्षा में शामिल होने जा रहे उम्मीदवारों का फिजिकल टेस्ट बहुत अधिक महत्वपूर्ण होता है। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद भी जब तक फिजिकल फिटनेस में कोई अभ्यर्थी पूरी तरह खरा नहीं उतरता तब तक उसका अंतिम चयन नहीं हो सकता है। इस टेस्ट के दौरान राजनांदगांव में विभागीय अधिकारियों की ओर से भारी गड़बड़ी करने और अपने परिचितों के पक्ष में निर्णय कराने के आरोप लगाए गए थे। इसे ही लेकर सात अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका पेश की है।

### कोर्ट ने चयनितों से कहा- सरकारी नौकरी बड़ी मुश्किल से मिलती है

#### प्रक्रिया रद्द कर शासन ने जांच कराई

महाधिवक्ता प्रफुल्ल और भारत में शासन का पक्ष रखते हुए बताया कि भर्ती की प्रक्रिया के शुरुआत में राजनांदगांव में गड़बड़ी सामने आई थी। इसके बाद प्रक्रिया रद्द कर दी गई थी और स्वतः संज्ञान लेकर जांच कराई गई। फिर राजनांदगांव सहित 9 जिलों में गड़बड़ी की जांच की गई। जिसमें 5 जगह पर योग्य उम्मीदवार मिले। वहीं बाकी चार जगह जिसमें राजनांदगांव शामिल था, उसमें जांच कर फिर की गई और कुछ अधिकारियों पर विभागीय जांच भी कराई गई है। शासन की ओर से यह भी कहा गया कि अन्य याचिकाकर्ता जिनके अधिकारों का उल्लंघन किया गया है, उन्हें उचित मंच के समक्ष उम्मीदवारों की अंतिम नियुक्ति को चुनौती देने का अधिकार है।



#### 4 याचिकाकर्ता देंगे फिजिकल टेस्ट

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता बी.पी. सिंह ने कहा कि जिन पर गड़बड़ी के आरोप लगे थे, उन्हें फिर से चयन प्रक्रिया में शामिल किया गया है। जो कंपनी इसमें शामिल थी। अभी वह काम कर रही है। राज्य की ओर से महाधिवक्ता ने बताया कि गड़बड़ी सामने आने पर जांच में कुछ जिलों में अनियमितता पर कार्रवाई की गई। याचिकाकर्ताओं में से 4 अभ्यर्थी 14 सितंबर 2025 को होने वाले फिजिकल वेरिफिकेशन में शामिल होंगे। अदालत ने कहा कि अन्य अभ्यर्थी अंतिम नियुक्ति के बाद उचित मंच पर चुनौती दे सकते हैं। अंततः याचिका वापस लिए जाने के कारण खारिज कर दी गई।

### दंतेवाड़ा जिले के मालेवाही थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन के दौरान हादसा

# नक्सलियों के प्रेशर बम की चपेट में आने से इंस्पेक्टर और आरक्षक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**दंतेवाड़ा जिले के मालेवाही थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन एवं डिमाइनिंग के दौरान नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर व एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में भर्ती कराया गया। जिसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।**

दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मालेवाही थाना क्षेत्र से गुरूवार सुबह सीआरपीएफ 195 बटालियन की टीम कम्पनी मुख्यालय से सातधार एवं मालेवाही के मध्य नक्सल विरोधी अभियान के तहत एरिया डोमिनेशन एवं डिमाइनिंग की कार्यवाही के लिए रवाना हुए थे। अभियान के दौरान सुबह लगभग 10:30 बजे सातधार पुल से 8 मीटर आगे नक्सलियों द्वारा लगाए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। हादसे में गंभीर जवानों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में भर्ती किया गया है। घायल जवानों में सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर दीवान सिंह गुर्जर व आरक्षक आलम मुनेश शामिल है। जिनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एयरलिफ्ट कर दंतेवाड़ा से रायपुर रेफर किए जाने की तैयारी की जा रही है।







#### अभियान जारी रहेगा

नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। ऐसी घटनाओं से सुरक्षा बल विचलित नहीं होगा।

-गौरव रॉय
एसपी, दंतेवाड़ा



#### जवानों के हाथ व पैर में गंभीर चोटें

बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ 195 बटालियन की टीम प्रतिदिन की तरह कम्पनी मुख्यालय से सर्चिंग व गश्त के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी में पैर पड़ते ही जोरदार धमाका हो गया, जिसमें दोनों जवान घायल हो गए। ब्लास्ट होते ही साथी जवानों ने फौरन घायलों को सुरक्षित निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। ब्लास्ट से दोनों जवानों के हाथ, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गभींर चोट आई है। दोनों जवानों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

जंगली जानवरों के आने से दहशत

## कोपरा के पास सड़क पर दिखा भालू, रहवासी क्षेत्रों में बढ़ी आवाजाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गुरुवार देर रात को कोपरा के पास सड़क पर अचानक एक भालू दिखाई दिया, जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में जंगली जानवरों की हलचल बढ़ गई है, जिससे लोग काफी दहशत में हैं। हाल ही में, पाण्डुका वन परिक्षेत्र में एक खूंखार बाघ के आने की खबर मिली थी और पहले से ही दो दंतैल हाथी भी इस इलाके में मौजूद थे। अब एक भालू देखे जाने के बाद लोगों में डर और बढ़ गया है। हालांकि, वे दोनों हाथी इस क्षेत्र से निकलकर आगे बढ़ चुके हैं। भालू के देखे जाने के बाद, मुरमुरा गांव के लोग रात में अपने खेतों और खलिहानों की ओर जाने से डर रहे हैं। जंगली जानवरों से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, पाण्डुका और फिंगेश्वर वन विभाग की टीमें निगरानी कर रही हैं। उनका मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी जंगली जानवर गांव की आबादी वाले इलाकों में प्रवेश न करे।

## नाबालिग से गैंगरेप, दो साथियों को बंधक बनाकर मांगी फिरौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

छात्रावास में पढ़ने वाली नाबालिग अपने दो दोस्तों के साथ घूमने गई थी। इस दौरान सुनसान इलाके में 4 युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने बारी बारी से नाबालिग से दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद नाबालिग को जहां छोड़ा वहीं उसके दोनों साथियों को बंधक बनाकर परिवार वालों से 2 लाख रुपए फिरौती की मांग करने लगे। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार मंगलवार 9 सितंबर को पीड़िता अपने दो दोस्तों के साथ घूमने के लिए शिवरीनारायण तरफ जा रही थी। इस दौरान दोपहर के वक्त राहौद के आगे सुनसान इलाके में बाइक व स्कूटी में सवार 4 युवकों ने उन्हें घेर लिया। उन्हें डरा धमकाकर राहौद के पास जंगल की तरफ ले गए। वहां उनकी मोबाइल और बाइक को छिन लिया। फिर पीड़िता के साथ एक परिचित से जबरदस्ती संबंध बनाने कहा और उसे मोबाइल में रिकार्ड कर लिया। इसके बाद वे पीड़िता को झाड़ियों के बीच ले गए, जहां तीन युवकों ने बारी बारी से उसके साथ अनाचार किया, जबकि चौथा युवक निगरानी में लगा हुआ था। दुष्कर्म के बाद पीड़िता को पामगढ़ में छोड़ दिया।

#### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगे दो लाख

इधर उसके दोनों साथियों को बंधकर बनाकर रखा था, जिनसे दो लाख रुपए फिरौती की मांग करने लगे। रुपए नहीं देने पर उनके वीडियो को वायरल करने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने जब नाबालिग के दोस्तों से फिरौती मांगने उनके घर में फोन लगाया तो परिजन ने इसकी सूचना दर्ज कराई। दूसरी ओर डरी सहमी घर पहुंची नाबालिग ने यह बात परिजन को बताई और पुलिस को सूचित किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस टीम हरकत में आई और विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया।

#### 3 गिरफ्तार, एक फरार

आरोपी उत्तम प्रताप खूंटे पिता महेंद्र कुमार खुटे उम्र 19 वर्ष 10 माह निवासी बिलारी वार्ड नंबर 19, दुर्गेश कुमार सहिस पिता विष्णु कुमार उम्र 19 वर्ष निवासी राहौद बाजारपारा एवं खगेन्द्र गोड़ उर्फ सोम पिता संत कुमार उम्र 18 वर्ष निवासी राहौद बाजार पारा थाना शिवरीनारायण को गिरफ्तार किया। वहीं मामले में फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पति-पत्नी की फोटो वायरल करने दी धमकी, समझाने पर की मारपीट

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 121 जानकी नगर में पति एवं पत्नी के साथ युवक ने मारपीट किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। थाने में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 121 जानकी नगर निवासी 32 वर्षीय कार्तिक बैद्य ने पुलिस को बताया कि मेरे मोबाइल में फोटो था, जिसमें मै और मेरी पत्नी थे। उस फोटो को आरोपी अनूप मंडल अपने मोबाइल में ले लिया। आरोपी ने उसके बाद मेरी पत्नी को साथ आने और नहीं आएगी तो मैं जो मोबाइल में फोटो लिया हूं उसको वायरल कर दूंगा, तेरे पारिवारिक जीवन का तहस नहस कर दूंगा बोला था। मेरी पत्नी ने बताया, तब मैं 10 सितंबर को सुबह 8 बजे अनूप मंडल के घर गया, जो घर में नहीं मिला। मैने उसकी मां को बताया। तो उसने आकर मारपीट की।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025


### राधाकृष्णन आज लेंगे शपथ



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को शुक्रवार को पद की शपथ दिलाएंगी। सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह आयोजित है। राधाकृष्णन (67) ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों से हराया। तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा 21 जुलाई को अचानक इस्तीफा दिए जाने के कारण यह चुनाव कराया गया।




## एयरपोर्ट पर गिरी बिजली ने बिगाड़ी विमानों की चाल, सुबह चार रद्द, दोपहर बाद सुधरा सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर बुधवार शाम बिजली गिरने के बाद खराब हुआ सिस्टम गुरुवार दोपहर ही सुधारा जा सका। यही वजह है कि सुबह की चार फ्लाइट रद्द करने पड़ी। सुधार कार्य के लिए विशेष रूप से हैदराबाद से विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया। बुधवार रात ही सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। उम्मीद की जा रही थी, गुरुवार सुबह तक मशीन सुधर जाएगी और हवाई मार्ग से आवागमन पुनः सामान्य हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सुबह लगभग 11 बजे भोपाल से आने वाली फ्लाइट ने सुरक्षित लैंडिंग की। इसके बाद अन्य फ्लाइट नहीं उतारी जा सकीं। सिस्टम में पूर्ण रूप से सुधार के बाद ही दोपहर 3 बजे के बाद विमानों ने रायपुर विमानतल पर लैंड किया। पहले उन फ्लाइट को उतारा गया, जिन्हें मशीनी खराबी के कारण अन्य शहरों के लिए डायवर्ट किया गया था। विमानों ▶▶|शेष पेज 7 पर



### सुबह की ये उड़ानें रद्द

*हैदराबाद की टीम सुधार कार्य में लगी रही, लेकिन हालात दोपहर बाद ही सामान्य हुए। नेविगेशन और विजिबिलिटी की समस्या की वजह से गुरुवार सुबह कोलकाता, बेंगलुरु, दिल्ली और इंदौर जाने वाली चार फ्लाइट रद्द रहीं। गुरुवार को रायपुर-भोपाल सहित तीन नियमित उड़ानों का ही संचालन हो सका।*

### हालात सामान्य

*हमने गुरुवार दोपहर 2 बजे तक सभी सुधार कार्य पूर्ण कर लिया था। अब हालात सामान्य हैं। नुकसान का अभी आंकलन नहीं किया है।*

*- केके लहरे, डायरेक्टर, रायपुर एयरपोर्ट*

### इनको किया गया था डायवर्ट

बुधवार को मुंबई से रायपुर आने वाली फ्लाइट को नागपुर डायवर्ट किया गया था। इसी तरह से कोलकाता से रायपुर आने वाली फ्लाइट को भुवनेश्वर भेजा गया। हैदराबाद से आने वाली फ्लाइट भी लौटाई गई। दिल्ली से रायपुर आने वाली फ्लाइट को पहले भोपाल डायवर्ट किया गया, उसके बाद फिर से दिल्ली ले जाया गया। बुधवार को डायवर्ट हुई पांच फ्लाइट को सिस्टम सुधरने के बाद गुरुवार को रायपुर एयरपोर्ट पर लैंड किया गया।

विजय बघेल, राम सेवक पैकरा शाम को लौट पाए

### दिल्ली से आने वाले छग के नेता अटके रहे

*दिल्ली से यहां आने वाली फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से राज्य के दो सांसद, पूर्व गृहमंत्री, उनके सहयोगी और एक प्रशासनिक अधिकारी की यात्रा प्रभावित रही। 10 सितंबर की शाम दिल्ली से यहां आने वाली फ्लाइट में दुर्ग के सांसद विजय बघेल, सरगुजा के सांसद चिंतामणी महाराज, पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, उनके सहयोगी सरगुजा के जिला भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल व आईएएस अधिकारी सोनमणि वोरा प्रभावित* ▶▶|शेष पेज 7 पर

मैनपुर के मटाल इलाके में बड़ी कामयाबी, सर्चिंग अभियान जारी

# जंगल में मुठभेड़, मारे गए 10 नक्सली इनमें एक करोड़ का बड़ा कमांडर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

खास खबर

*मैनपुर थाना क्षेत्र के मटाल जंगल इलाके में गुरुवार की सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस मुठभेड़ में अब तक बड़े कमांडर सहित 10 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है।*

कहा जा रहा है कि मुठभेड़ में कुख्यात नक्सली कमांडर मनोज उर्फ मॉडेम, बालकृष्ण उर्फ भास्कर और मंडल कमेटी सदस्य प्रमोद उर्फ पांड भी मारा गया है, हालांकि पुलिस प्रशासन ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। गरियाबंद एडिशनल एसपी जितेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि इस मुठभेड़ में अब तक 10 नक्सली मार गिराए गए हैं। सर्चिंग अभियान अभी भी जारी है, लेकिन अंधेरा होने के कारण आगे की जानकारी मिलना कठिन हो रही है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

### जिले में हाई अलर्ट

मुठभेड़ की खबर के बाद पूरे जिले में हाई अलर्ट कर दिया गया है। अतिरिक्त सुरक्षा ▶▶|शेष पेज 7 पर

चारों तरफ से नक्सली घिरे

### लगातार गोलियों की आवाज गांव तक पहुंच रही

जानकारी के अनुसार पुलिस ने लगातार इस क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी रखा है और हर संदिग्धों पर नजर है। पिछले कुछ दिनों से फिर इस इलाके में नक्सली गतिविधियों की जानकारी लगने पर पुलिस की टीम कल रात में ही क्षेत्र में पहुंच चुकी थी और पूरे रणनीति के साथ चारो तरफ से नक्सलियों को घेरा गया है। लगातार रुक रुककर दोनों तरफ से मुठभेड़ जारी है, गोलियों की गूंज की आवाज गांव तक सुनाई दे रही है।




### मार्च 2026 तक नक्सलमुक्त भारत का संकल्प



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरियाबंद एवं नारायणपुर जिलों में नक्सल मोर्चे पर मिली बड़ी सफलता पर सीआरपीएफ की कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और डीआरजी के जवानों को बधाई ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मनोज और भास्कर की मौत की चर्चा

*स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस मुठभेड़ में कुख्यात नक्सली कमांडर मनोज उर्फ मॉडेम और बालकृष्ण उर्फ भास्कर के मारे जाने की खबर मिल रही है। ये दोनों लंबे समय से सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बने हुए थे और कई बड़े हमलों में शामिल रहे हैं। नक्सली संगठन की मंडल कमेटी सदस्य एसजेडएम प्रमोद उर्फ* ▶▶|शेष पेज 7 पर



### केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले- एक और बड़ी उपलब्धि

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, नक्सलियों के विरुद्ध हमारे सुरक्षा बलों ने आज एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ की कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और डीआरजी ने जॉइंट ऑपरेशन चलाकर 1 करोड़ रुपए के इनामी सीसीएम मोडेम बालकृष्णा उर्फ मनोज सहित ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इसी जंगल में मारे गए थे खुंखार नक्सली जयराम समेत 16

*ज्ञात हो कि जनवरी 2025 में गरियाबंद के मैनपुर कुल्हाड़ीघाट के इसी जंगल में 72 घंटे पुलिस फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दुर्दांत नक्सली जयराम उर्फ चलपति सहित 16 नक्सलियों को पुलिस ने चारों तरफ से घेर कर ढेर कर दिया था। यह बड़ी सफलता वर्ष के शुरूआत में ही मिली थी। ज्ञात हो कि कुल्हाड़ीघाट ओडिशा बार्डर की यह पहाड़ी घने जंगल और बड़े -बड़े खाई से घिरी हुई है। यहां तक पहुंचना बहुत कठिन काम है, इसलिए इसे नक्सली लंबे से अपना सुरक्षित ठिकाना समझ रहे थे और बीहड़ जंगल होने का फायदा उठाकर नक्सलियों का यह आरामगाह बन गया है, जहां पुलिस ने 16 नक्सलियों को जनवरी माह में ढेर कर दिया था।*

सीएम साय ने उद्यमियों, कारोबारियों से साझा की विकास-गाथा

# नई नीति आने के बाद छग में 6 लाख 65 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव, बस्तर पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। नक्सलियों के खात्मे के साथ यहां यह तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति बनने के बाद राज्य में 6 लाख 65 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। हमारी नीति बस्तर पर केंद्रित है। जाहिर है, विकास के साथ बस्तर मुख्याधारा से जुड़ेगा।

उद्यमी-कारोबारियों की मौजूदगी में श्री साय ने कहा कि जापान के टोक्यो, ओसाका और दक्षिण कोरिया के सियोल के बाद इंवेस्टर्स कनेक्ट कार्यक्रम की अगली श्रृंखला के लिए हमने बस्तर संभाग का चुनाव किया और हमें खुशी है कि इतनी जल्दी यह आयोजन हम कर सके। विकसित भारत ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बस्तर में कुछ बड़े काम

- 5200 करोड़ की रेल परियोजनाओं को मंजूरी
- 2300 करोड़ की सड़क विकास परियोजनाएं भी स्वीकृत
- एनएमडीसी द्वारा 43,000 करोड़ तथा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के लिए 200 करोड़ का निवेश ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बस्तर के लिए विशेष प्रावधान

साय ने कहा कि यूं तो पूरे प्रदेश में नये निवेश पर अनुदान प्रावधान हैं, लेकिन बस्तर के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। नई औद्योगिक नीति में बस्तर के 88 प्रतिशत ब्लॉक ग्रुप-3 में चिन्हांकित किए गए हैं। यहां निवेश करने पर उद्यमियों को सर्वाधिक लाभ मिलेगा। हमारी सरकार समावेशी विकास पर काम करती है और प्राथमिकता यह है कि पीछे रह गए वर्गों को उद्यम के सबसे पहले अवसर मिलें। इसलिए एससी-एसटी वर्ग के उद्यमियों के ▶▶|शेष पेज 7 पर

### उद्योग सचिव ने दिया वीडियो प्रजेंटेशन

*वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से राज्य की औद्योगिक नीति और बस्तर संभाग में उभरती संभावनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बस्तर की समृद्धि के लिए पर्यटन और* ▶▶|शेष पेज 7 पर

खरसिया के ठुसेकेला स्थित राजीवनगर की घटना

## पति-पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर बाड़ी में दफनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

खरसिया स्थित ठुसेकेला पंचायत के राजीवनगर गांव में पति-पत्नी सहित उनके दो बच्चों की टांगी मारकर निर्मम हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उनकी हत्या कर उनका शव बाड़ी में दफना दिया। सूचना पर पुलिस ने शवों को खोदकर निकाला। पूरी वारदात खरसिया थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार की सुबह खरसिया से 5 किमी व खरसिया थाने से 500 मीटर की दूरी पर स्थित राजीवनगर गांव निवासी बोधराम उरांव (40) का मकान दो दिनों से भीतर से बंद है और अंदर खून के धब्बे पड़े हैं। पुलिस ने जब घर का मुआयना किया तो खून के धब्बों, घसीटने के निशान से हत्या की पुष्टि हुई, लेकिन बुधराम और उसके परिजन मौके पर नहीं थे। इसके बाद घर की बाड़ी में खोजबीन शुरू की गई तो पुलिस को वहां शव दफनाने ▶▶|शेष पेज 7 पर



### बच्चों ने देखे खून की धब्बे

सावित्री ने मामले की जानकारी बुधराम की दीदी को दी तो उसने पड़ोसी से बात करके एक बच्चे को उनके घर जाकर देखने को कहा। रात होने से पड़ोसी के बच्चे ने वहां जाने से मना किया और सुबह घर की बाड़ी तरफ से जाकर दरवाजा खोला तो उसके होश उड़ गए। जमीन पर खून के धब्बे और घसीटने के निशान देखकर वह चिल्लाने लगा और घटना की जानकारी पूरे गांव में दी। इसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई।

### बड़ी बेटी बुआ के घर थी

बुधराम की बड़ी बेटी शिवानी (15) कई सालों से रायगढ़ चक्रधर नगर के कोतरलिया गांव में अपनी बुआ के यहां रहती है और पतरापाली में कक्षा 10वीं में पढ़ाई करती है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ▶▶|शेष पेज 7 पर

### प्लानिंग के साथ दिया है वारदात को अंजाम

जिस किसी ने भी इस वारदात को अंजाम दिया है उसने घटना से पहले पूरी प्लानिंग की थी। यह नरसंहार किसी एक व्यक्ति का काम नहीं हैं इसमें कई लोग शामिल हैं। वहीं यह बात तो तय है कि आरोपी बुधराम के परिचित थे, तभी वो आसानी से घर में प्रवेश किए, इसके बाद उनकी हत्या कर दी।

मची भगदड़

## ट्रंप के करीबी चार्ली की गोली मारकर हत्या, हमलावर फरार

एजेंसी ▶▶| ओरेम

अमेरिका में उताह के एक कॉलेज में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई। किर्क 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' द्वारा 'उताह वैली विश्वविद्यालय' के 'सोरेंसन सेंटर' प्रांगण में आयोजित एक बहस में बोल रहे थे। तभी हमलावर ने कुछ दूरी से परिसर की एक छत से गोली चलाई।

### हाथ में माइक तभी चली गोली

एक वीडियो में देखा गया कि 'उताह वैली यूनिवर्सिटी' में किर्क एक सफेद टेंट के नीचे माइक हाथ में लेकर बोल रहे थे। एक गोली चली, और किर्क को अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाते हुए देखा गया, जबकि उनकी गर्दन के बाईं ओर खून बह रहा था।

महापौर ने कहा- आईडी अपडेट नहीं, इसलिए गड़बड़ी

## पूर्व सीएम भूपेश को पाटन सदन के लिए संपत्ति कर का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर नगर निगम से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके पुराने सरकारी आवास पाटन सदन के लिए संपत्ति कर का अवैध नोटिस ऑनलाइन अपडेट नहीं होने के कारण शो हो रहा है। उनके मुख्यमंत्री रहते ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सरकारी आवास का टैक्स नहीं- मीनल

मामले में नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने कहा कि यह नोटिस नहीं है, ऑनलाइन डिमांड है, जो अपडेट नहीं होने के कारण दिखा रहा है। वैसे भी सरकारी आवास का संपत्ति नहीं वसूला जाता। यहां पर रहने ▶▶|शेष पेज 7 पर

मांझी के ऐसे बोल

## मंत्री बोले- अगर कोई पीने के लिए ले जा रहा तो उसे न पकड़ें

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में शराबबंदी लागू है और इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस बीच, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बड़ी मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर कोई शराब पीने के लिए ले जाता है तो उस पर पुलिस केस नहीं करना चाहिए और जेल में नहीं डालना चाहिए। जीतन राम मांझी ने एक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पुलिस पर साधा निशाना

जीतन राम मांझी ने आगे कहा कि समीक्षा बैठक में यह बात कही गई है कि यह पुलिस तंत्र है। उन्होंने कहा कि पुलिस के लोग अपने पाप को छुपाने के लिए बड़े-बड़े तस्करों को छोड़ दे रहें है और गरीब को पकड़ कर जेल भेज दे रहा है।

शीर्ष न्यायालय में कानूनी दिग्गजों की सुनी दलील, फैसला सुरक्षित

# राज्यपाल अपने कर्तव्य में विफल हो जाएं तो क्या हम चुप बैठें?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में राष्ट्रपति के संदर्भ पर फैसला सुरक्षित रखते हुए पूछा कि यदि राज्यपाल जैसे संवैधानिक पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहते हैं तो क्या वह निष्क्रिय बैठ सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट ने 10 दिन तक चली दलीलों के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने सुनवाई में राष्ट्रपति के संदर्भ पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पीठ ने सुनवाई के दौरान यह पूछा

पीठ ने संदर्भ पर महत्वपूर्ण सुनवाई शुरू करते हुए पूछा, जब राष्ट्रपति स्वयं संदर्भ मांग रही हैं तो समस्या क्या है? क्या आप वास्तव में इसका विरोध करने के लिए गंभीर हैं? दस दिन की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल के अलावा वेणुगोपाल, सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, अरविंद दातार, गोपाल सुब्रमण्यन, मनिंदर सिंह, एन के कौल, आनंद शर्मा, पी विल्सन और गोपाल शंकरनारायणन सहित वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनीं।



**90 फीसदी विधेयकों को मिली मंजूरी**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि 1970 से अब तक राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित कुल 17,150 विधेयकों में से 90 फीसदी को एक महीने के भीतर राज्यपाल की मंजूरी मिल गई। केवल 20 मामलों में मंजूरी रोकी गई। उन्होंने कहा कि संविधान समयसीमा न होने का मतलब यह नहीं है कि वहां कोई कानूनी खालीपन है। यह सोच-समझकर चुने गए शब्द हैं।

### राष्ट्रपति के 14 सवालों पर विचार करेगा कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से भेजे गए 14 सवालों पर विचार करेगा। इनमें यह भी शामिल है कि क्या राज्यपाल या राष्ट्रपति किसी विधेयक की मंजूरी अनिश्चितकाल तक रोक सकते हैं और क्या कोर्ट उन्हें ऐसा करने से रोकने के लिए समयसीमा तय कर सकता है। मामला अनुच्छेद 200 से जुड़ा है, जो राज्यपाल को चार विकल्प देता है- विधेयक को मंजूरी देना, खारिज करना, पुनर्विचार के लिए लौटाना या राष्ट्रपति के पास भेजना।

## परेशान होकर सीआरपीएफ ने लिखी खड़गे को चिट्ठी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है गांधी की सिक्योरिटी को लेकर सनसनीखेज खबर सामने आई है। सीआरपीएफ के वीवीआईपी सिक्योरिटी प्रमुख सुनील जून ने को कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को एक सख्त पत्र लिखा है। इसमें राहुल पर जेड प्लस सिक्योरिटी के नियम तोड़ने और गंभीरता न बरतने का गंभीर आरोप लगाया गया है। सीधे शब्दों में कहें तो राहुल अपनी जान की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे सिक्योरिटी एजेंसियां परेशान हैं।

# राहुल नहीं मानते कहना, बिना बताए 9 महीने में 6 बार गए विदेश

## सिक्योरिटी प्रोटोकॉल तोड़ने का लगा आरोप, अपनी सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरत रहे एलओपी

### 10 सितंबर को भेजा गया यह पत्र

जानकारी के अनुसार, यह पत्र 10 सितंबर को भेजा गया था। इस पत्र में राहुल के सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन न करने को लेकर गंभीर आपत्ति जताई गई है। इसमें कहा गया है कि राहुल गांधी बार-बार जेड प्लस विथ एएसएल सुरक्षा कैटेगरी के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। जून ने पत्र में लिखा कि राहुल गांधी सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं बरतते और कई बार सुरक्षा एजेंसियों की सलाह को नजरअंदाज कर देते हैं।

### 'येलो बुक प्रोटोकॉल' का उल्लंघन

इस पत्र में सबसे बड़ी शिकायत यह की गई है कि राहुल गांधी ने सीआरपीएफ सिक्योरिटी के 'येलो बुक प्रोटोकॉल' का उल्लंघन करते हुए बिना सूचना विदेश यात्राएं कीं। यह प्रोटोकॉल वीवीआईपी सुरक्षा के लिए बेहद अहम माना जाता है, और इसका पालन करना सुरक्षा एजेंसियों के लिए अनिवार्य होता है। पत्र में कहा गया है कि जेड प्लस एएसएल सिक्योरिटी से लैस वीआईपी को विदेश यात्रा से कम से कम 15 दिन पहले अपनी सुरक्षा एजेंसी को सूचित करना जरूरी होता है। लेकिन राहुल गांधी ऐसा नहीं करते। सीआरपीएफ ने शिकायत की है कि राहुल देश के उन चुनिंदा वीवीआईपी में से एक हैं जो 'अति संवेदनशील महत्व' रखते हैं, बावजूद इसके वह सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हैं।



### हर बार सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन

सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक, बीते 9 महीनों में राहुल गांधी 6 बार विदेश गए और हर बार सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। इनमें से किसी भी दौरे की सूचना एजेंसी को पहले से नहीं दी गई, जिससे सुरक्षा तंत्र को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पत्र में साफ कहा गया है कि यदि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया तो गांधी की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है। सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारी ने कांग्रेस नेतृत्व से आग्रह किया है कि राहुल गांधी को सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए सुनिश्चित किया जाए।

### देश की सबसे ऊंची सिक्योरिटी कैटेगरी

राहुल गांधी जेड प्लस कैटेगरी की सिक्योरिटी में हैं, जिसमें एविएशन सिक्योरिटी लायजन (एएसएल) शामिल है। ये देश की सबसे ऊंची सिक्योरिटी कैटेगरी है, जिसमें सशस्त्र कमांडो, बुलेटप्रूफ गाड़ियां और स्टेट पुलिस का समन्वय होता है। लेकिन राहुल इनके नियमों, यानी सीआरपीएफ की 'येलो बुक' प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे। खास तौर पर बिना बताए विदेश यात्रा पर जाने के मामले में।

### 6 विदेश दौरे जिन पर सुरक्षा उल्लंघन का आरोप

- 30 दिसंबर 2024 से 9 जनवरी 2025 – इटली दौरा (10-11 दिन नए साल पर)
- 12 मार्च से 17 मार्च – वियतनाम दौरा
- 7 अप्रैल से 23 अप्रैल – दुबई दौरा
- 11 जून से 18 जून – कतर के दोहा का दौरा
- 25 जून से 6 जुलाई – लंदन दौरा
- 4 सितंबर से 8 सितंबर – मलेशिया दौरा

## खबर संक्षेप

### पाक समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ 5 आतंकी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने कई राज्यों में छापेमारी के बाद पाकिस्तान स्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है। एक पोस्ट ग्रेजुएट समेत पांच आईएसआईएस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह मॉड्यूल देश में बड़ा हमला करने की योजना बना रहा था। सूत्रों ने बताया कि आरोपी आतंकी संगठन के स्लीपर मॉड्यूल का हिस्सा थे।

### मेरे खिलाफ पैसे देकर पॉलिटिकल कैंपेन

नई दिल्ली। ई-20 (20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर सोशल मीडिया पर बढ़ती चिंताओं पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर एक पेड पॉलिटिकल कैंपेन का शिकार हुए हैं। सरकार की ओर से इथेनॉल-मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के खिलाफ लॉबिंग करने का आरोप उन्होंने लगाया।



### अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत को बर्खास्त

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बाल यौन शोषण के दोषी जेफरी एपस्टीन से संबंधों के कारण अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत पीटर मैंडेलसन को बृहस्पतिवार को पद से हटा दिया। 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में दिए गए एक बयान में विदेश कार्यालय मंत्री स्टीफन डौटी ने कहा कि यह निर्णय इस सप्ताह मैंडेलसन द्वारा एपस्टीन को भेजे गए ईमेल के सामने आने के बाद लिया गया है। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, 'पीटर मैंडेलसन द्वारा लिखे गए ईमेल में अतिरिक्त जानकारी के मद्देनजर, प्रधानमंत्री ने विदेश सचिव से उन्हें राजदूत के पद से हटाने का अनुरोध किया है।''

## पीएम मोदी और मॉरीशस पीएम रामगुलाम के बीच हुई अहम बैठक

# भारत ने मॉरीशस को दिया 680 मिलियन का आर्थिक पैकेज, स्थानीय मुद्रा में होगा व्यापार

*वैश्विक संघर्षों, हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती समुद्री चुनौती और अमेरिकी टैरिफ संकट के बीच गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ.नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ वाराणसी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के अलावा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी व्यापक रूप से चर्चा की गई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बैठक के महत्वपूर्ण निष्कर्षों में जहां एक ओर भारत ने मॉरीशस को कुल 680 मिलियन डॉलर (25 मिलियन की बजटीय सहायता समेत) का विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। वहीं, दूसरी ओर दोनों देश स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने के लिए भी राजी हुए। जल्द ही इसकी आधिकारिक रूप से शुरुआत की जाएगी। आर्थिक पैकेज से मॉरीशस में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। विदेश मंत्रालय ने 11 सितंबर को जारी किए गए अपने बयान के जरिए यह जानकारी दी है।

**भारत की राजकीय यात्रा पर डॉ.रामगुलाम :** गौरतलब है कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री बीते 9 सितंबर से भारत की 8 दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। उनके साथ उनकी पत्नी वीना रामगुलाम, कैबिनेट के 6 मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल है। वाराणसी के बाद पीएम रामगुलाम अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करेंगे।

### दोनों देशों के बीच हुए 7 समझौतों-एमओयू पर हस्ताक्षर



### साझा भविष्य में किया भारत ने निवेश

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत द्वारा मॉरीशस को दिया गया आर्थिक पैकेज किसी तरह की कोई सहायता नहीं है। बल्कि यह हमारे साझा भविष्य में किया गया निवेश है। पिछले साल मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड की शुरुआत हुई थी और अब हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार को सक्षम करने की दिशा में काम करेंगे। हम दोनों दो देश तो हैं ही लेकिन हमारे सपने और भविष्य भी एक हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि शीर्ष नेताओं की बातचीत में दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार के मामले पर सहमति बनी है।

### दोनों देशों के बीच हुए 7 समझौते

बैठक के बाद भारत-मॉरीशस के बीच कुल 7 समझौतों-एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया। जबकि तीन घोषणाएं हुई। समझौतों में विज्ञान-प्रौद्योगिकी, समुद्री विज्ञान, लोकसेवा-प्रशासनिक सुधार, विद्युत, लघु विकास परियोजनाओं, हाइड्रोग्राफी और स्पेस जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। जबकि घोषणाओं में आईआईटी मद्रास, मॉरीशस विवि, रेडुइट के बीच एमओयू हुआ, भारतीय प्लांटेशन प्रबंधन संस्थान (बेंगलुरु), मॉरीशस विवि के बीच एमओयू टैमरिंड फॉल्स में 17.5 मेगावाट की फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजना स्थापित करने के लिए जीटूजी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई गई है। इस संबंध में समझौते के लिए एनटीपीसी की एक टीम जल्द मॉरीशस का दौरा करेगी।

### चागोस को बताया ऐतिहासिक समझौता

*प्रधानमंत्री ने मॉरीशस के पीएम और उनकी आम जनता को ब्रिटेन के साथ चागोस समझौता संपन्न होने की बधाई दी और कहा कि ये मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। भारत ने हमेशा राजनीतिक स्वतंत्रता और मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है। मामले को लेकर भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा, भारत के लिए मॉरीशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना गर्व की बात है। जिसके तहत हमने अपने मित्र देश की आवश्यकताओं व प्राथमिकताओं के मद्देनजर एक विशेष आर्थिक पैकेज का निर्णय लिया है।*

## विदेश मंत्रालय ने रूस के सामने उठाया मुद्दा

# रूसी सेना में फिर जबरन भर्ती धोखे से फंसाए गए भारतीय



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऐसे समय में जब रूस-यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना में शामिल हुए कई भारतीय लापता हैं। इस बीच, कुछ भारतीय युवकों को जबरन अग्रिम मोर्चे (फ्रंटलाइन) पर भेजे जाने का एक और मामला सामने आया है। स्टडी और बिजनेस वीजा पर मॉस्को गए सात लोगों के एक समूह ने बताया कि उन्हें एक तीसरे पक्ष के एजेंट ने धोखा दिया और 18 अगस्त, 2025 को रूसी सेना के एक शिविर में ले जाया गया, जहां उन्हें बंकर बनाने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें कथित तौर पर यह वादा करके फुसलाया गया था कि मॉस्को के बाहर निर्माण कार्य में उन्हें 20 लाख रुपये प्रति माह दिए जाएंगे, जो तीन महीने के अनुबंध के लिए 80 लाख रुपये के बराबर है।

हालांकि, वास्तव में यह रूसी सेना में भर्ती होने के लिए दी जाने वाली राशि है। सेना के शिविर में फंसे इन युवकों ने वॉट्सऐप के जरिए एक न्यूज पोर्टल के साथ अपने वीडियो शेयर किए और रूस में भारतीय दूतावास और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनकी शीघ्र और सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने की गुहार लगाई।

### प्रभावित परिवारों के है संपर्क में



भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने हाल में रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती की खबरें देखी हैं। 'हमने दिल्ली और मॉस्को दोनों जगहों पर रूसी अधिकारियों के साथ भी इस मामले को उठाया है और अनुरोध किया है कि इस प्रथा को समाप्त किया जाए और हमारे नागरिकों को कार्यमुक्त किया जाए। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों के परिवारों के संपर्क में भी हैं।'जायसवाल ने कहा, 'हम एक बार फिर सभी भारतीय नागरिकों से रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने का पुरजोर आग्रह करते हैं क्योंकि यह खतरों से भरा रास्ता है।

# ऐश्वर्या की एआई तस्वीरों के इस्तेमाल पर लगी रोक

## कई वेबसाइट कर रहीं थी अनाधिकृत उपयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करते हुए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। कोर्ट ने माना कि व्यक्तिगत विशेषताओं का अनधिकृत उपयोग जीवन के सम्मान के साथ जीने के अधिकार का उल्लंघन करता है।

न्यायमूर्ति तेजस कारिया ने इस मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कई संस्थाओं को ऐश्वर्या के व्यक्तिगत विशेषताओं (जैसे नाम, छवि, आवाज, और समानता) के दुरुपयोग पर रोक लगा दी है। बता दें कि ऐश्वर्या राय बच्चन ने कुछ दिन पहले दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने बताया था कि कुछ वेबसाइट अनाधिकृत रूप से उनकी तस्वीरों से पैसा बना रही हैं, तो वहीं कुछ अश्लीलता भी फैला रही हैं।




### यह है मामला

यह आदेश 11 सितंबर 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया, जिसमें कई वेबसाइट्स और प्लेटफॉर्म्स पर ऐश्वर्या की छवि, नाम, और एआई-जनरेटेड सामग्री के अनधिकृत उपयोग को रोकने का निर्देश दिया गया। यह मामला डिजिटल युग में डीपफेक और अनधिकृत उपयोग के खिलाफ हस्तियों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह फैसला ऐश्वर्या राय बच्चन के सम्मान और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए एक मजबूत कानूनी कदम है।

# इजराइल का अब यमन पर बड़ा हमला, 35 मरे

**सना।** इज़रायल ने बुधवार को यमन की राजधानी सना पर बड़े हमले किए हैं। हूति लगाताक इजराइल के एयरपोर्ट्स को निशाना बनाते रहते हैं। हूति के जरिए कंट्रोल किए जा रही हेल्थ मिनिस्ट्री ने बताया कि हमलों में कम से कम 35 लोगों की मौत हुई और 118 अन्य घायल हुए। जानकारों की मानें तो ये आंकड़ा और बढ़ सकता है। हूती के सैटेलाइट चैनल अल-मसीरा के मुताबिक, एक हमला सना के एकदम बीच में मौजूद एक सैन्य मुख्यालय इमारत पर हुआ, जिसमें कई लोग मारे गए और घायल हुए। हालांकि सटीक आंकड़े नहीं बताए गए हैं। चैनल ने कहा कि आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है।



HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

गठियावात, लकवा एवं सभी प्रकार के दर्द में अत्यंत गुणकारी
Since-2000
मारुति® मसाज ओइल
झटपट दिलाये आराम
गठियावात एवं हर प्रकार के दर्द निवारक मसाज तेल
गुणधर्म : हाथ, पैर, कमर, पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, संधिवात, गठीयावात, साइटिका, लकवा और सभी प्रकार के वेदना।
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. - 9425296176

## भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम

# भारतीय नौसेना को मिला पहला स्वदेशी 3डी एयर सर्विलांस रडार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने स्पेन की डिफेंस कंपनी इंद्रा के साथ मिलकर भारतीय नौसेना के लिए पहला 3डी एयर सर्विलांस रडार (3डी-एएसआर)- लांजा-एन कमीशन किया है। यह रडार एक भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर लगाया गया है। यह भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।




### टाटा और इंद्रा का सहयोग

यह उपलब्धि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (टीएएसएल) और इंद्रा के बीच 2020 में हुए समझौते का नतीजा है। इस समझौते में 23 रडारों की डिलीवरी का प्रावधान है, जिनमें से तीन पूरे इंद्रा से आएंगे। बाकी 20 टाटा भारत में असेंबल करेगा। टाटा ने कर्नाटक में एक रडार असेंबली, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग फैसिलिटी बनाई है, जो डिलीवरी को तेज करेगी।

### लांजा-एन रडार क्या है?

लांजा-एन इंद्रा का लांजा 3डी रडार का नौसैनिक संस्करण है, जो दुनिया के सबसे एडवांस लॉन्ग-रेंज एयर डिफेंस और एंटी-मिसाइल रडार में से एक है। यह रडार हवा और सतह दोनों के लक्ष्यों को 3डी में ट्रैक करता है। इसकी रेंज 254 नॉटिकल माइल्स (लगभग 470 किमी) है। यह ड्रोन, सुपरसोनिक फाइटर जेट, एंटी-रेडिएशन मिसाइल, और नौसैनिक प्लेटफॉर्म को पकड़ सकता है। यह खराब मौसम में भी काम करता है और दुश्मन के हमलों को रोकने में माहिर है। यह पहली बार है जब लांजा-एन रडार स्पेन के बाहर काम करेगा। इंद्रा ने इसे भारतीय महासागर की नमी और गर्मी के लिए अनुकूलित किया है।

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने के बाद महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989,9300000702

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*
पता: सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

रायपुर
शुक्रवार, 12 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष पंचमी
वर्ष: 24, अंक: 57
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य: 5.00**
मौसम
अधि. 31.1
न्यून. 23.9

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

03 टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में छाईं



विचार पेज
02 स्त्री सशक्तीकरण में सहकारिता...




## खबर संक्षेप

### शाह ने की इमिग्रेशन प्रोग्राम की शुरुआत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार पांच और हवाई अड्डों पर 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' की शुरुआत की, जो पूर्व-सत्यापित भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीय कार्ड धारकों की आव्रजन प्रक्रिया को तेज करता है। यह विशेष पहल सबसे पहले जुलाई 2024 में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुरू की गई थी।

### सोनिया के खिलाफ नहीं दर्ज होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और सांसद सोनिया गांधी को बड़ी राहत मिली है। एक याचिकाकर्ता ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सोनिया गांधी पर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने का आरोप लगाया गया था।

### नेपाल में थमा नहीं बवाल, इधर, भारतीयों की वापसी शुरू

# पहले तख्ता पलट के लिए हिंसा और अब 'कुर्सी' के लिए जंग, नेताओं के समर्थक भिड़े

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

- जेन ज़ी नेताओं की अंतरिम सरकार गठन के लिए सेना मुख्यालय में राष्ट्रपति पौडेल से बातचीत
- नेपाल के राष्ट्रपति ने कहा, मौजूदा संकट का समाधान खोजने के प्रयास जारी

*नेपाल में केपी ओली को प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद अब नई सरकार के गठन की तैयारी हो रही है। रेस में बिजली बोर्ड के पूर्व प्रमुख कुलमान घिसिंग, पूर्व सीजेआई सुशीला कार्की के नाम हैं। वहीं, काठमांडू के मेयर बालेन शाह के भी बड़ी संख्या में समर्थक हैं। ऐसे में अलग-अलग लोगों के समर्थकों में आपस में ही टकराव हो गया। भद्रकाली स्थित नेपाली सेना के मुख्यालय के बाहर जेन-जी समर्थकों के बीच अंतरिम सरकार के चयन को लेकर भिड़ंत हो गई। इधर, भारतीयों की सुरक्षित वापसी शुरू हो गई है।*

नेपाल की पूर्व सीजेआई सुशीला कार्की और काठमांडू के मेयर बालेन शाह के समर्थक सेना मुख्यालय के बाहर एक-दूसरे से उलझ गए कि नेपाल का नेतृत्व कौन करेगा। इसके चलते इलाके में एक बार फिर से तनाव फैल गया। ओली का इस्तीफा होने के बाद अब तक जेन-जी यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि अगला पीएम कौन बनेगा। मीटिंग के बाद हर बार नया नाम सामने आ रहा है। कुछ दिनों तक नेपाल की सड़कों पर खूनी हिंसा देखने के बाद जेन-जी प्रदर्शनकारी पिछले एक-दो दिन से शांत थे।

नई सरकार को लेकर माथा-पच्ची चल रही थी, लेकिन गुरुवार को बालेन और सुशीला के समर्थक आपस में ही एक-दूसरे से के ऊपर टूट पड़े। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। जेन जी समूह के प्रतिनिधि गुरुवार को ▶▶|शेष पेज 7 पर

### संसद को भंग करने की मांग

नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे 'जेन जी' समूह ने कहा कि संसद को भंग किया जाना चाहिए। लोगों की इच्छा को प्रतिबिंबित करने के लिए संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए।



### तीन कैदियों की मौत, 15 हजार से अधिक फरार

जेल में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन कैदियों की मौत हो गई, जबकि अब तक दो दर्जन से अधिक जेलों से 15,000 से अधिक कैदी फरार हो चुके हैं।



### 38 भारतीयों की सुरक्षित वापसी

## बयां किया पड़ोसी देश का हाल

नेपाल के बीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास और भारतीय प्रशासन के संयुक्त प्रयास से अब तक 38 भारतीय नागरिकों को नेपाल से सकुशल बाहर लाकर बिहार की सीमा रक्सौल पहुंचाया गया है। इनमें 22 लोग आंध्र प्रदेश के और 16 कर्नाटक के निवासी हैं।

### इंडिगो एयरलाइंस के दो विमान पहुंचे नेपाल

भारतीय पर्यटकों को नेपाल से निकालने के लिए इंडिगो एयरलाइंस की चार्टर्ड फ्लाइट्स भी चलाई जा रही हैं। इंडिगो के दो विमान काठमांडू पहुंचे। भारतीय पर्यटकों को भारत लाया जाएगा।

# 14 से 17 सितंबर तक भारी वाहनों का आवागमन किया गया प्रतिबंधित


दलदली सड़क पर धंस रही थीं बसें, हरिभूमि की खबर के बाद 24 घंटे के भीतर बनी एक किलोमीटर सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नारायणपुर-कोण्डागांव मार्ग एनएच-130डी, नारायणपुर-ओरछा तथा नारायणपुर-अंतागढ़ मार्ग की जर्जर हालत को देखते हुए 10 सितम्बर को अनुविभागीय दण्डाधिकारी नारायणपुर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में भिलाई स्टील प्लांट के प्रबंधक, राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, प्रबंधक निको जायसवाल, छोटेडोंगर अमदई माइंस एवं अंजरेल माइंस के अध्यक्ष, मालक परिवहन संघ के पदाधिकारी, ट्रांसपोर्टर और बस संचालक शामिल हुए। सड़क की अत्यधिक खराब स्थिति से आवागमन प्रभावित होने के कारण सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 से 17 सितम्बर 2025 तक भारी वाहनों और मालवाहक वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।

### मरम्मत होगी, पर छोटे वाहन चलेंगे

इस अवधि में सड़क मरम्मत का कार्य तेजी से किया जाएगा। वहीं दोपहिया, चारपहिया छोटे वाहन और आपातकालीन सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी।



चिंतन

# पड़ोसी नेपाल के हालात से सतर्क रहने की जरूरत

प्रधानमंत्री केपी ओली के इस्तीफा देने और सेना के मोर्चा संभालने के बाद धीरे-धीरे नेपाल का जनजीवन पटरी पर लौट रहा है। पूरे देश में वरिष्ठ नेताओं पर हमले हुए। संसद, सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आवास को जला दिया गया। जब नेपाली सेना ने मोर्चा संभाला, तब जाकर कुछ शांति लौटती दिख रही है। हालांकि, जेनरेशन-जी नेताओं ने राष्ट्रपति और सेना प्रमुख से बातचीत के दौरान कई मांगें रखी हैं। इनमें नेपाली संसद को भंग करना, जल्दी चुनाव करवाना और अपनी पसंद के गैर राजनीतिक व्यक्ति को प्रधानमंत्री नियुक्त करना शामिल है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि प्रदर्शनकारी नेपाल के संविधान को बदलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तस्वीर साफ नहीं है कि आगे क्या होने वाला है। हां, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्र को आश्वासन दिया है कि वह संविधान के दायरे में देश के मौजूदा राजनीतिक संकट को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। माना जा रहा है कि अभी अंतरिम सरकार बनाने की कवायद चल रही है। यही अंतरिम सरकार बाद में नेपाल में चुनाव करवाएगी। अभी नेपाल में जो बवाल और स्थिति है, उसे कंट्रोल करने के लिए अंतरिम सरकार की जरूरत है। अभी नेपाल का मुखिया कौन होगा, यह तय नहीं है। मगर माना जा रहा है कि सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का चीफ बनाया जा सकता है। अगले कुछ ही घंटों में यह साफ हो जाएगा कि नेपाल की कमान कौन संभालने वाला है, लेकिन अभी भी यक्ष प्रश्न यही है कि इतना बड़ा बवाल हुआ क्यों। नेपाल की पूर्व शिक्षा मंत्री सुमना श्रेष्ठ कहती हैं कि हंगामे के पीछे सोशल मीडिया पर प्रतिबंध मुख्य कारण नहीं है। यह तो बस ताबूत में आखिरी कील थी। मेरी पार्टी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 21 सांसद, संसद में चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गई, या काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह सबसे लोकप्रिय नेता बन गए, यह यूं ही नहीं हुआ। देश में गहरा आक्रोश और असमानता है। राजनीतिक दल वर्षों से किए गए अपने वादों पर खरे नहीं उतरे हैं। हमें नौकरी और शिक्षा के लिए पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हर प्रतिष्ठान पर उन पार्टियों का कब्जा है जो निरंकुश संस्थाओं की तरह चलती हैं। प्रधानमंत्री पद म्यूजिकल चेयर की तरह चल रहा है। इसी से युवाओं में लंबे समय से बहुत गुस्सा था और कुछ निहित स्वार्थी समूह उनके गुस्से का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी कारण लोगों के बिजनेस पर हमले हुए। प्रदर्शन शुरू होने के बाद पुलिस ने आधी रात तक बर्बर कार्रवाई की। यूनिफॉर्म पहले बच्चों को गोलियां मारी गई, जिसने आग में घी डालने का काम किया। विरोध इतना हिसंक हुआ कि 30 से ज्यदा लोगों की जान चली गई। अरबों रुपये की संपति का नुकसान हुआ। अब तय है कि सता और व्यवस्था में बड़ा बदलाव होगा। जेन जेड संविधान को पूरी तरह से खारिज करने के बजाय उसके कुछ अनुच्छेदों को निलंबित करना चाहता है। उम्मीद की जा रही है कि 6-12 महीनों में चुनाव होंगे और जनता के नेतृत्व वाली सरकार बनेगी। नेपाल में जो स्थिति बनी, उसके लिए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उनकी मनमानी नीतियां ही उन्हें ले डूबीं। नेपाल के लिए चिंता का विषय केवल यह नहीं कि वहां भावी अंतरिम सरकार किस रूप में गठित होगी। उसके लिए चिंतन की बात यह भी है कि युवाओं में दोबारा ऐसा आक्रोश पैदा न हो। यह सही समय है कि नेताओं की नई पीढ़ी नेपाल का नेतृत्व करने आगे आए और अपने पुराने नेताओं की गलतियों से सबक सीखे। भारत को भी नेपाल की चिंताजनक स्थितियों से सतर्क रहना होगा।

प्रचलन
विवेक शुक्ला



# चीन की सत्ता व सैन्य शक्ति के प्रतीक हैं काले बाल

चीन की राजधानी बीजिंग में बीती 3 सितंबर को आयोजित विक्ट्री डे परेड ने सारी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। इसमें चीनी सेना ने अपनी शक्ति, अनुशासन और एकता का शानदार प्रदर्शन किया। परेड में हजारों सैनिकों, नेताओं और सैन्य उपकरणों ने हिस्सा लिया, लेकिन क्या आपने गौर किया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग से लेकर किसी भी अन्य नेता या सैनिक के चेहरे पर दाढ़ी या मूंछ नहीं थीं। सबके चेहरे सफाचट। टीवी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को कुछ वयोवद्ध नेताओं से मिलते हुए दिखाया। इन सबकी उम्र 90 या इससे अधिक थी। इनके भी सिर के बाल काले थे। इसका मुख्य कारण है कि चीनी नेता और अधिकारी अपने बालों को काला डाई करते हैं। यह एक लंबी परंपरा है, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के शीर्ष नेतृत्व में प्रचलित है। बालों को रंगने की ये रिवायत माओत्से तुंग के जमाने से चली आ रही है। लेकिन 1990 के दशक से ये चलन और भी गाढ़ा हो गया है। चीन के नेताओं के काले बालों का राज़ हमेशा से लोगों के लिए कौतूहल का विषय रहा है। चाहे माओ हों या वर्तमान के शी जिनपिंग, वो है उनके चमकदार काले बाल। आखिर क्या वजह है कि ये नेता अपने बालों को हमेशा काला रखते हैं? ये काले बाल चीनी संस्कृति में जवानी, ताकत और ऊर्जा का प्रतीक माने जाते हैं। चीन में बालों का रंग न सिर्फ़ सुंदरता से जुड़ा है, बल्कि ये एक तरह से आपकी सेहत और नेतृत्व की छवि को भी दर्शाता है। सफ़ेद या भूरे बालों को उम्र बढ़ने या कमज़ोरी का संकेत माना जाता है और कोई भी नेता नहीं चाहता कि जनता उसे 'बूढ़ा' या 'कमज़ोर' समझे। बालों को काला रखना एक तरह से अपनी मज़बूत और युवा छवि को बनाए रखने का तरीका है। अगर आप चीनी नेताओं की तस्वीरें देखें, तो लगभग सभी के बाल काले और चमकदार दिखते हैं। ये कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। ये सब जनता की नज़रों में एक मज़बूत इमेज बनाने का खेल है। काले बाल न सिर्फ़ नेताओं को जवां दिखाते हैं, बल्कि ये संदेश भी देते हैं कि वो लंबे समय तक देश को लीड करने के लिए तैयार हैं। शी जिनपिंग की उम्र 71 वर्ष हैं। गौर से देखने पर उनके बालों में चांदी जैसे सफेद रंग की कुछ लकीरों को देखा जा सकता है। क्या उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक या विक्ट्री डे परेड के समय अपने बाल कायदे से नहीं रंगे? लगता तो यही है। आपको याद होगा कि विक्ट्री डे परेड से पहले एससीओ की तियानजिन शहर में हुई बैठक में शी जिनपिंग की भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी हुई थी। उसमें दोनों नेताओं के साथ उनके सहयोगी भी थे। उसमें शि जिनपिंग को छोड़कर बाकी सब नेताओं के बाल काले नजर आ रहे थे। हालांकि अधिकतर 60 की उम्र पार कर चुके हैं। चीन में गिरफ्तार या दंडित अधिकारियों को बाल डाई करने की अनुमति नहीं दी जाती। हालांकि यह भी सच है कि अधिकांश चीनियों के बाल प्राकृतिक रूप से काले ही रहते हैं। इस बीच, चीनी सेना में दाढ़ी रखने पर सख्त प्रतिबंध है, जो पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के ग्रूमिंग स्टैंडड्र्स का हिस्सा है। पीएलए के नियमों के अनुसार, सैनिकों को हमेशा साफ-सुथरा और एकसमान दिखना चाहिए। कई वैश्विक सेनाओं, जैसे अमेरिकी सेना या भारतीय सेना में भी ऐसे नियम एक स्तर तक ही हैं, लेकिन चीनी सेना में यह बेहद कठोर है। उदाहरण के लिए, पीएलए के नियमों में स्पष्ट है कि चेहरे पर बाल केवल मूंछ तक सीमित हो सकते हैं, और वह भी नियंत्रित लंबाई में। दाढ़ी को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। पर परेड में कोई सैनिक या नेता मूंछों वाला भी नहीं दिखाई दिया। विक्ट्री डे परेड में सैनिकों की दाढ़ी न होना भी प्रतीकात्मक है। यह परेड कोई साधारण मार्च नहीं है; यह चीन की सैन्य शक्ति का वैश्विक प्रदर्शन है। हालांकि बालों को हर सूरत में काला करने की जिद्ध भारत में बसे चीनी मूल के लोगों में नहीं है। राजधानी के कनॉट प्लेस में एक शूज शो रूम के मालिक जॉर्ज च्यू कहते हैं कि हम चीन से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। आखिर हमारे बुजुर्गों का संबंध चीन से है। पर अब हम भारतीय हो चुके हैं। हम बाल डाई नहीं करते। लब्बो लुआब ये है कि चीन में दाढ़ी और मूंछें न होना सैन्य अनुशासन, सुरक्षा और सांस्कृतिक एकता से जुड़ा है, जबकि बाल काले होना राजनीतिक प्रतीकवाद और युवा छवि का मामला है। विक्ट्री डे परेड जैसे आयोजन इन मूल्यों को मजबूत बनाते हैं। हालांकि, आधुनिक चीन में कुछ बदलाव आ रहे हैं, जैसे शी के कुछ सफेद बाल, लेकिन परंपरा बनी हुई है। समझना होगा कि सतह पर दिखने वाली सादगी के पीछे गहरे सांस्कृतिक और राजनीतिक कारण होते हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सहकारिता
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# स्त्री सशक्तीकरण में सहकारिता भागीदार

देश के विविध क्षेत्रों में सहकारिता ने ऐसा संबल प्रदान किया है कि इसके साथ मैत्री स्थापित कर नि:शक्त, बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी वर्ग सभी ने अपने जीवन को तराशना शुरू कर दिया है। खासकर, महिलाएं आर्थिक समृद्धि पा रही हैं। भारत की महिलाएं जो न केवल अपने जीवन में उजाला लाने में सक्षम बन रही हैं अपितु अपने घर परिवार को अच्छे से सहेज रही हैं। सरकार की तरफ से किया जा रहा यह प्रोत्साहन उनके जीवन को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। एक बात सच यही है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो भारत सशक्त बनेगा। इसलिए यह ज़रूरी है कि देश में सहकारिता को आगे बढ़ाया जाए और उसके केंद्र में महिलाएं हों।

सहकार से समृद्धि भारत में सहकारिता श्लोगन अब नहीं है। यह एक संगठित पहल बन गया है। विविध चुनौतियों के बीच आर्थिक सशक्तीकरण से ही कोई राष्ट्र अपने नागरिकों के सर्वाधिक कल्याण की बात सोच सकता है। देश के विविध क्षेत्रों में सहकारिता ने ऐसा संबल प्रदान किया है कि इसके साथ मैत्री स्थापित कर निःशक्त, बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी वर्ग सभी ने अपने जीवन को तराशना शुरू कर दिया है। खासकर, महिलाएं आर्थिक समृद्धि पा रही हैं। भारत की महिलाएं जो न केवल अपने जीवन में उजाला लाने में सक्षम बन रही हैं अपितु अपने घर परिवार को अच्छे से सहेज रही हैं।

आधी आबादी के प्रश्न पर बात करने व उनके सभी अधिकारों की रक्षा करने की समय-समय पर उठती आवाजें यदि सहकारिता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें तो उनको सशक्त होने से कोई रोक नहीं सकता। प्रायः देश में स्त्रियों के लिए जो स्त्रीवादी चिन्तक चिंता करते रहे हैं कि उन्हें पुरुषों के बराबर भागीदारी से वंचित किया जाता है और पितृसत्तात्मक समाज स्त्रियों के विकास में बाधा हैं। यह सहकारिता से जुड़ी महिलाओं ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि पितृसत्तात्मक समाज जैसा विमर्श हमारे स्वावलंबी जीवन में न बढ़ा है और न ही इससे हम घबराते हैं। ये भारतीय महिलाएं सहकारिता से आत्मनिर्भर बनने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और हर तरह से सशक्त बनकर ऐसी मिसाल बनाने के लिए तत्पर हैं जो महिलाओं के स्वत्व को प्रतिबिंबित करते हैं।

देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहाकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को लेकर अब इतना निश्चिन्त व आशान्वित हैं कि हमारे देश को चाहे कोई भी विकसित राष्ट्र बनने से रोके लेकिन सहकारिता से जुड़ी महिलाओं का उत्साह इस देश को सशक्त भारत बना देगा। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सच में इस मंत्रालय के माध्यम से पुरजोर प्रयास किया है और एक सक्षम समाज निर्माण करने की अपनी निष्ठा को मजबूती प्रदान की है। सहकारिता क्षेत्र में यह उनका अपना पुरुषार्थ अब बोल रहा है। सफलताओं की अनेक कहानियां कह रहा है। सशक्त एवं सक्षम महिलाएं जो कि सहकारिता के माध्यम से अपने जीवन में गुणात्मक सुधार लायी हैं, वह उनके सहकारिता संवाद में भी दिखा है। यह सनावद कार्यक्रम अब भारत में सराहना बटोर रहा है।

सहकारिता क्षेत्र में बुनियादी बातें जो महिला केंद्रित हैं, उसे भी जानना ज़रूरी है। इसके तहत यदि हम सर्वप्रथम बात करें बहु-राज्य सहकारी समितियों की तो इसके बोर्ड में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था अब दिखने लगी है। पहले जो बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम-2002 था, उसमें संशोधन करके बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिला निदेशकों की अनिवार्यता की गई। इसका फायदा यह होने वाला है कि संपूर्ण भारत की 1,550 से ज़्यादा बहु-राज्य सहकारी समितियां हैं, उनके बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हो जाएगा। दूसरा, आदर्श उपनियमों को अपनाकर प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों में भी महिला सदस्यों के लिए आरक्षण किया गया है। सहकारिता मंत्रालय ने अब पैक्स के लिए आदर्श उपनियम तैयार कर लिया है। एक लाख से अधिक पैक्स में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सीधे बनने जा रहा है। मंत्रालय ने तो अब अनुसूचित



जाति या अनुसूचित जनजाति की दो महिलाएओं की भागीदारी सनिश्चित करके एमएससीएस में नए प्रावधान कर दिए। इससे अब वह शिकायतें नहीं शेष रहेंगी जो मार्जिनलाइज्ड कम्युनिटी को लेकर हुआ करती थीं। सीईए की स्थापना के बाद तो देश की एमएससीएस के निदेशक मंडल आकस्मिक रिक्ति सहित के 146 चुनावों में 293 महिला निदेशक चुनी भी गईं। पीएसीएस राज्यों द्वारा अपने-अपने सहकारी अधिनियमों के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी समितियां भी होती हैं। वे भी किस प्रकार महिलाओं के लिए सहकारिता मामले में सहयोगी हों, उस पर भी व्यापक चिंतन सरकार करती रही हैं और आने वाले समय में उनके लिए भी उसकी शिफरिशें आएंगी तो वहां भी सशक्तीकरण होगा।


सबसे अहम् बात उभरकर सामने आई है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम जिसे एनसीडीसी कहते हैं, वह भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के तहत एक वैधानिक संगठन है। एनसीडीसी द्वारा स्वयं शक्ति सहकार योजना को लागू कर रहा है। इसमें नंदिनी सहकार योजनाएं पूरी तरह से वित्त पोषित और समर्थित हैं जिसका लाभ सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा। जब एनसीडीसी के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों और 9 उप-कार्यालयों के माध्यम से योजनाओं के कार्यान्वयन होगा तो महिला सहकारी समितियों को समय पर ऋण लेनदेन प्रवाह सुनिश्चित होगा। वित्तीय सहयोग प्राप्त कर चुकी महिलाएं अपने लिए अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकेंगी क्योंकि वित्तीय प्रवाह की कमी ही तो महिलाओं के जीवन प्रवाह को बाधित कर देते हैं। सहकारिता से उद्यमिता और उद्यमिता से आत्मनिर्भरता की आत्मगाथा अब महिलाएं बनने जा रही हैं।

एक विकास की यात्रा पर अग्रणी देश सर्वदा यही चाहता है कि उसके नागरिकों के बीच महिला नागरिक ज्यादा सशक्त हों और वे समग्रता से आगे बढ़ें। सबसे अच्छी बात यह है कि ये सहकारिता से जुड़ी महिलाएं डिजिटलीकरण को बढ़ावा दे रही हैं। अपने परिवार व बच्चों के लिए पढाई-लिखाई व जीवन-निर्वाह का माध्यम बन रही हैं। यह आगे बढ़ते हुए भारत की तस्वीर है। यह उस भारत की तस्वीर है जो अपने आज़ादी के बाद 75 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर अपने अमृतकाल में गतिमान है। सच में, महिलाओं को अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए सशक्त बनाने से उनके परिवारों के जीवन और समुदायों पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है और स्थायी आजीविका के साधन बनाने में मदद मिलती है, ऐसे कई अध्ययन हमें मिलते हैं।

स्त्री सशक्तीकरण के साथ समाज व देश सशक्तीकरण के लिए इतना उपयोगी माध्यम बन जाएगा, ऐसा अब से पहले इतने विश्वास के साथ लोग सोचते भी नहीं थे। अब महिलाओं की सहकारिता क्षेत्र में स्वयं की ओर से व्यक्त की गयी अभिरुचि और सरकार द्वारा किए जा रहे नए प्रयास व योजनाओं ने यह विश्वास जागृत कर दिया है कि हमारे देश के विकसित भारत बनने में यह भी एक उत्कृष्ट माध्यम है। बहुत से नए प्रयास गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व उनकी टीम ने शुरू किया है, उसे और सुदृढ़ता से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। भारत का एनडीडीबी, आनंद में सहकारिता के माध्यम से महिलाओं सशक्तीकरण हो रहा है। एनडीडीबी सहकारी प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि के लिए महिला डेरी सहकारिताओं को बढ़ावा देती है। दूध संघों को संपूर्ण महिला डेरी सहकारिताओं का गठन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सरकार की तरफ से किया जा रहा यह प्रोत्साहन उनके जीवन को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। एक बात सच यही है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो भारत सशक्त बनेगा इसलिए यह ज़रूरी है कि यदि देश में सहकारिता को आगे बढ़ाया जाए और उसके केंद्र में महिलाएं हों।

( लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# सफलता के लिए योजना बनाकर काम करे



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**त्रासदी का गहरा असर**

जब बाढ़ का पानी उतर जाएगा तो कैमरे और प्रशासन वहां से लौट आएंगे, लेकिन प्रभावित लोगों की पीड़ा बरसों तक बनी रहेगी। गिरे हुए मकान, डूबे खेत, कर्ज में दबे किसान और पढ़ाई से वंचित बच्चे हमें लगातार याद दिलाएंगे कि यह महज मौसम की सामान्य घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चिंता नहीं, बल्कि वर्तमान की कठोर सच्चाई है। सवाल यह है कि क्या हम इसे गंभीरता से लेकर रोकथाम की राह पकड़ेंगे या हर साल राहत और मुआवजे की रस्म अदायगी दोहराते रहेंगे। क्यों बदल रहा है मानसून का पैटर्न? दरअसल, मानसून अब पहले जैसा नहीं रहा। कहीं बेहद कम बारिश होती है, तो कहीं अचानक बादल फट जाते हैं। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण अनिवार्य हो जाता है।

*- लखन वर्मा, पलारी*

## करंट अफेयर

# चीन में कैलाश तीर्थयात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह

बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के रास्ते निजी ऑपरेटर के माध्यम से तिब्बत में कैलाश पर्वत की यात्रा करने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों से काठमांडू में मौजूदा स्थिति के कारण सावधानी बरतने का आग्रह किया है। भारतीय दूतावास द्वारा बुधवार को जारी एक परामर्श में कहा गया कि नेपाल में मौजूदा स्थिति के कारण वहां से निजी टूर ऑपरेटर द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले भारतीय नागरिकों की योजनाबद्ध यात्रा व्यवस्था प्रभावित हुई है। परामर्श में कहा गया, वर्तमान घटनाक्रम को देखते हुए तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र, चीन में मौजूद भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।



परामर्श में कहा गया, बेहद ऊंचाई और दुर्गम भूभाग को देखते हुए, उन्हें अपने स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आवश्यक देखभाल और सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। उन्हें स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ बीजिंग और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास की सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने किसी सहायता की आवश्यकता होने पर हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

## ऑफ बीट

# नासा के मंगल रोवर से प्राचीन जीवन के मिले मजबूत संकेत

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मंगल ग्रह पर भेजे गए रोवर 'पर्सिवरेंस' ने एक सूखी नदी की धारा में चट्टानें खोज निकाली हैं जिनमें प्राचीन सूक्ष्म



जीवन के संभावित संकेत हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले 'पर्सिवरेंस'' द्वारा वहां एकत्र किए गए नमूनों का पृथ्वी की प्रयोगशालाओं में गहन विश्लेषण जरूरी है। वर्ष 2021 से मंगल ग्रह पर घूम रहा यह रोवर सीधे तौर पर जीवन का पता नहीं लगा सकता। इसके बजाय, यह चट्टानों और नलियों में छेद करने के लिए एक ड्रिल लेकर चलता है ताकि अरबों साल पहले जीवन के लिए सबसे उपयुक्त माने गए स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों को रखा जा सके। नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाने की प्रतीक्षा है। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो नासा द्वारा सस्ते, त्वरित विकल्पों की तलाश के कारण रोक दी गई है। दो वैज्ञानिकों एसईटीआई संस्थान के जेनिस बिशप और मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय के मारियो पेरेंटे ने इसे एक 'रोमांचक खोज' बताते हुए कहा कि इसके लिए गैर-जैविक प्रक्रियाएं जिम्मेदार हो सकती हैं। स्टोनी ब्रुक विश्वविद्यालय के प्रमुख शोधकर्ता जोएल ह्यूरोविट्ज़ ने कहा, 'यही कारण है कि हम यह नहीं कह सकते कि यह जीवन का सकारात्मक प्रमाण है।'

## ट्रेंड

### ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम



आज लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कालीकट और अमृतसर हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन: ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा से लंबी कतारें, मैन्युअल चेक-इन और देरी की समस्या खत्म हो जाएगी।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### समुद्री खाद्य निर्यात



102 नई भारतीय मत्स्य इकाइयाँ अब यूरोपीय संघ के सदस्य देशों को निर्यात कर सकेंगी। इस विकास से तटीय राज्यों में हमारे मछुआरों को बाज़ारों का विस्तार करने, बेहतर मुनाफ़ा कमाने, रोज़गार बढ़ाने और हमारे समुद्री खाद्य निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### पुण्यतिथि पर नमन



हिंदी साहित्य की अमिट स्तंभ, 'पद्म विभूषण' महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उनकी लेखनी ने नारी सशक्तिकरण को शब्द दिए, स्त्री चेतना को स्वर दिया और मानवीय संवेदनाओं को नई ऊँचाइयाँ दीं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### 'नैतिक विजय'



अपनी हर एक हार में नैतिक विजय खोजने में महारत हासिल कर चुकी है कांग्रेस। उपराष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को कांग्रेस के जयराम रमेश ने एक बार फिर 'नैतिक विजय' करार दिया है।

**- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में छाईं

कान्स फिल्म फेस्टिवल के बाद जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा की फिल्म होमबाउंड अब टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में छाई हुई है। यहां 'होमबाउंड का प्रीमियर हुआ, जिसमें निर्देशक नीरज घेवान समेत फिल्म की कास्ट मौजूद रही।

एजेंसी ▶▶ मुंबई



इस दौरान अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने फैंस के साथ भी बातचीत की, उन्हें ऑटोग्राफ दिए और उनके साथ सेल्फी भी ली। जान्हवी का लुक भी अब वायरल है। टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होमबाउंड के प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई। इस दौरान अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने कस्टम-मेड मिउ मिउ क्रिएशन में सबका दिल जीत लिया, जो साड़ी की सुंदरता से प्रेरित एक स्टाइलिश आउटफिट है। पहनावा, मुलायम प्लीट्स और खूबसूरत अलंकरणों से सजी वन शोल्डर गाउन में जान्हवी काफी खूबसबूरत लग रही थीं। इस दौरान जान्हवी रेड कार्पेट पर पोज देने के बाद फैंस से भी मिलीं। उन्होंने फैंस के साथ सेल्फी भी ली और उन्हें ऑटोग्राफ भी दिया। जान्हवी इस दौरान काफी खुश नजर आ रही थीं। इस दौरान जान्हवी के साथ फिल्म के बाकी लीड कलाकार ईशान खट्टर और विशाल जेठवा भी नजर आए। जबकि निर्देशक नीरज घेवान ने भी अपनी कास्ट के साथ रेड कार्पेट पर पोज दिए। कान फिल्म फेस्टिवल में सेलेक्ट होने के बाद से 'होमबाउंड' साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बनी हुई है। इसकी दो जीतें 2025 की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक के रूप में इसकी जगह पक्की कर देती हैं। इससे इतर जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उनके साथ वरुण धवन, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## अपनी सभी हीरोइन के साथ फ्लर्ट करते थे गोविंदा : सुनीता

**मुंबई।** पति पत्नी और पंगा के आगामी एपिसोड में सुनीता आहूजा बतौर अतिथि नजर आएंगी। इस दौरान वो गोविंदा को लेकर भी कई किस्से साझा करेंगी। अब हालिया प्रोमो में पता चलता है कि शो में सुनीता ने काफी मस्ती भी की। इस दौरान सुनीता ने बताया कि गोविंदा उस वक्त में अपनी हर को-एक्ट्रेस के साथ फ्लर्ट करते थे। हालांकि, सुनीता ने बताया कि सोनाली बेंद्रे इकलौती ऐसी अभिनेत्री थीं जिन पर गोविंदा ने कभी अपना जादू नहीं चलाया और उनके साथ कभी भी फ्लर्ट नहीं किया। यह सुनकर सेट पर मौजूद हर कोई हैरान था। क्योंकि, सोनाली बेंद्रे ने गोविंदा के साथ ही अपने कॅरियर की पहली बड़ी हिट फिल्म आग दी थी। शो में सुनीता का बेबाक अंदाज भी कई मौकों पर देखने को मिला।








## पद्मिनी कोल्हापुरे के लिए ट्रेन की छत पर चढ़ गए ऋषि

**मुंबई।** प्रेम रोग के बाद ऋषि कपूर और पद्मिनी कोल्हापुरे की जोड़ी सुपरहिट हो गई थी। हर कोई दोनों को साथ देखने के लिए बेकरार हुए थे। दोनों ने आगे चलकर कई फिल्मों में साथ में काम किया था। इसमें से एक फिल्म थी जमाने को दिखाना है। नासिर हुसैन की फिल्म का एक गाना था- अरे होगा तुमसे प्यारा कौन।' जिसमें ऋषि कपूर ट्रेन की छत पर चढ़ गए थे। उदास बैठीं पद्मिनी कोल्हापुरे के लिए गाना गाते हैं। अपने प्यार का इजहार करते हैं। मगर, एक्ट्रेस मुंह फेर लेती है और अपनी चिंता में डूबी रहती है। इस गाने को शैलेंद्र सिंह और आर.डी बर्मन ने बनाया था। ये गाना तो ब्लॉकबस्टर था, लेकिन 'जमाने को दिखाना है' कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी।



## फिर भी दिल हैं हिंदुस्तानी को मानते हैं अपनी बड़ी असफलता


**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान ने अपने कॅरियर में तमाम फिल्में की हैं। उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हुईं तो कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुईं। इन्हीं फ्लॉप फिल्मों में से एक को शाहरुख खान अपने कॅरियर की सबसे बड़ी असफलता मानते हैं। उन्होंने बताया था कि इस फिल्म के फ्लॉप होने के बाद वो, उनके डायरेक्टर और को-एक्ट्रेस जूही चावला बुरी तरह रोए थे। शाहरुख खान की ये फिल्म साल 2000 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम है फिर भी दिल है हिंदुस्तानी। फिल्म में शाहरुख खान के साथ जूही चावला नजर आई थीं। इस फिल्म को अजीज मिर्जा ने डायरेक्ट किया था। प्रीति जिंटा के साथ एक पुरानी बातचीत में शाहरुख खान ने कहा था कि वो फिर भी दिल हैं हिंदुस्तानी को अपनी सबसे बड़ी असफलता मानते हैं। शाहरुख खान ने कहा था कि उनके लिए, जूही के लिए और अजीज के लिए सबसे बड़ी असफलता थी फिर भी दिल है हिंदुस्तानी। शाहरुख ने कहा था, मतलब मैं जिंदगी में कभी भी टेबल पर बैठकर फिल्म नहीं चलने के लिए रोया नहीं हूं। हम तीनों रोए थे। हम रोते रहते थे कि ये क्या हो गया। बिल्कुल नहीं चली थी वो फिल्म। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप थी। 13 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 18.20 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.2 है।



# आज बॉक्स ऑफिस पर महाक्लैश एक साथ भिड़ेंगी ये छह फिल्में...

*मुंबई। फिल्मी प्रेमियों को अक्सर शुक्रवार का इंतजार रहता है। क्योंकि, फ्राइडे को सिनेमाघरों में नई फिल्में रिलीज होती हैं। इस फ्राइडे 12 सितंबर को थिएटर में एक या दो नहीं, बल्कि 6 फिल्में एक साथ दस्तक देने वाली हैं। इन सभी फिल्मों को काफी अच्छे बजट में बनाया गया है। फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बागी 4 ने कब्जा किया हुआ है, देखते हैं इन फिल्मों को कौन सी फिल्म टक्कर दे पाएगी।*

***एक चतुर नार*** *: इस लिस्ट में पहला नाम फिल्म 'एक चतुर नार' का है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में आपको दिव्या खोसला कुमार और नील नितिन मुकेश लीड रोल में नजर आएंगे। एक चतुर नार फिल्म को टी-सीरीज के बैनर तले बनाया गया है और उमेश शुक्ला ने डायरेक्ट किया है। हाल ही में रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।*



***लव इन वियतनाम*** *: इस लिस्ट में रोमांटिक फिल्म 'लव इन वियतनाम' का नाम भी शामिल है। अगर, आपको रोमांटिक फिल्म देखना काफी पसंद है तो आप इस फिल्म को किसी भी हाल में मिस नहीं कर सकते हैं। ये फिल्म आपको काफी पसंद आएगी। इस फिल्म में आपको अवनीत कौर और शांतनु माहेश्वरी के साथ खानगान लीड रोल में नजर आएंगी।*

***हीर एक्सप्रेस*** *: अगर आपको फैमिली ड्रामा फिल्म देखना पसंद है तो आप इस फ्राइडे थिएटर में 'हीर एक्सप्रेस' देख सकते हैं। इस फिल्म में आपको दिविता जुनेजा, प्रीत कमानी, आशुतोष राणा, संजय मिश्रा और गुलशन ग्रोवर नजर आएंगे. थिएटर में फिल्म 12 सितंबर को दस्तक देने वाली है।*

***जुगनुमा*** *: अगर आपको मनोज बाजपेयी की फिल्में देखना पसंद है तो आप 'जुगनुमा' को देख सकते हैं। यह फिल्म भी 12 सितंबर को थिएटर में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म एक जादुई फिक्शनल है, जिसमें आपको म्यूजिक, इमोशंस सब कुछ देखने को मिलेगा। लीड रोल में आपको दीपक डोबरियाल और प्रियंका बोस दिखेंगे।*

***मिराई*** *: तेजा सज्जा स्टारर एक साई-फाई फिल्म 'मिराई' को भी आप देख सकते है। यह फिल्म 12 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म का डायरेक्शन कार्तिक गट्टामनेनी और अनिल आनंद ने किया है। लीड रोल में आपको तेजी सज्जा और मांचू मनोज नजर आएंगे।*

***मन्नू क्या करेगा?*** *: रोमांटिक फिल्म के शौकीन लोग इस हफ्ते थिएटर में फिल्म देखने जा सकते हैं। इस फ्राइडे रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'मन्नू क्या करेगा?' रिलीज होने वाली है। फिल्म का डायरेक्शन संजय त्रिपाठी ने किया है, जिसमें व्योम यादव लीड रोल में नजर आएंगे।*






## टीवी मसाला



## 18 साल बाद बिग बॉस की मेजबानी करेंगे अरशद

**नई दिल्ली।** इस बार 'बिग बॉस 19' के वीकेंड के वार में सलमान खान की जगह नजर आएगी 'जॉली एलएलबी 3' की टीम। सलमान की जगह इस बार बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और अरशद वारसी बिग बॉस के घर को संभालेंगे। यह पहली बार नहीं है जब अक्षय या अरशद बिग बॉस से जुड़े हैं। अक्षय पहले सीजन 11 के ग्रैंड फिनाले में दिख चुके हैं। वहीं, अरशद वारसी ने 2006 में बिग बॉस के पहले सीजन को सोनी टीवी पर होस्ट किया था। उस सीजन में राखी सावंत, कश्मीरा शाह, संभावना सेठ और रूपाली गांगुली जैसे प्रतियोगी थे, और विजेता थे राहुल रॉय। अरशद 18 साल बाद बिग बॉस के मंच पर वापसी करेंगे, जो फैंस के लिए पुरानी यादें ताजा करेगा। सलमान खान 13-14 सितंबर को अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग के लिए लद्दाख में व्यस्त होंगे, इसलिए वह इस बार नहीं होंगे। बिग बॉस को पहले अरशद वारसी, फिर अमिताभ बच्चन और शिल्पा शेट्टी ने होस्ट किया, लेकिन पिछले 16 साल से सलमान खान इसकी मेजबानी कर रहे हैं।




हमारी हिंदी

मोनिका शर्मा

भाषा राष्ट्र का गौरव होती है, यह लोगों को आपस में जोड़ती है, देश को मजबूत बनाने में सहायक होती है। हमारी हिंदी भाषा, देश क्या, विदेशों में भी पढ़ी और बोली जाती है, इसका सम्मान है। हर भारतीय को हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करके इसका मान-सम्मान बढ़ाकर इसके विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

# हिंदी अपनी भाषा से करो प्यार



बच्चो, हिंदी केवल एक भाषा भर नहीं है। इससे हमारे देश का मान भी जुड़ा है। साथ ही हम सब नागरिकों का सम्मान भी हमारी इस भाषा से ही जुड़ा है। असल में हिंदी हमारे देश की आधिकारिक भाषा है। हिंदी भाषा को 14 सितंबर 1949 को आधिकारिक भाषा बनाया गया। इस दिन हमारे देश की सरकार ने हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। देश के नागरिकों ने भी अपनी प्यारी भाषा को दिल में जगह दी, मन से मान दिया। इसीलिए इस दिन को हम हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं।

## हिंदी है हमारी पहचान

दुनिया भर में हिंदी भाषा हमारी पहचान है। दुख की बात है कि फिर भी स्कूल हो या घर, हम सब हिंदी बोलने से दूरी बना रहे हैं। बच्चो, अपनी भाषा का मान-सम्मान करने का सबसे प्यारा तरीका है, हम हिंदी भाषा से जुड़े रहें। इसीलिए गर्व से हिंदी बोलो। मन से हिंदी पढ़ो। अपनी प्यारी हिंदी का दिल से सम्मान करो। बच्चो, हिंदी बहुत प्यारी और मीठी भाषा है। दुनिया की एक प्रमुख भाषा होने के बावजूद हिंदी को कमतर आंकने की सोच भी दिखती है। हिंदी बोलने वालों को पिछड़ा समझा है। अपनी भाषा में बोलने, पढ़ने या कुछ कहने-सुनने में हमें कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। किसी भी दूसरी भाषा को सीखना-बोलना बुरा नहीं, लेकिन अपनी भाषा की अहमियत कभी नहीं भूलनी चाहिए। अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि हिंदी ना सीखी जाए। हिंदी को अंग्रेजी के मुकाबले कमतर समझा जाए। दुख की बात है, हमारी प्यारी भाषा हिंदी को लेकर यह सोच हमारे आस-पास दिखती है। इसी कारण बोल-चाल से हिंदी गायब हो रही है। बच्चो, तुम अपनी भाषा से जुड़े रहने के रास्ते पर चलो।

## कमाल की भाषा हिंदी

बच्चो, 'अ आ इ ई' से हुई हिंदी पढ़ने की शुरुआत तो तुम्हें जरूर याद होगी। हिंदी के वर्णों को तालिका को वर्णमाला कहते हैं। एक-एक अक्षर को जोड़ बनी भाषा की इस प्यारी सी लड़ी को अक्षरों की माला भी कहा जाता है। हिंदी के अक्षर, मात्रा, शब्द और वाक्य सब कुछ कमाल के हैं। हमारी भाषा पूरी तरह से एक वैज्ञानिक भाषा है। इसे चमत्कार ही तो कहेंगे कि हिंदी का कोई भी अक्षर उलटे लिखे जाने पर भी हमें उलझन में नहीं डालता। शीशे में भी किसी अक्षर का उल्टा रिफ्लेक्शन नहीं दिखता। तुमने अपने या अपने दोस्तों के घर में कई तरह की बोलियां भी सुनी होंगी। दादा-दादी, नाना-नानी अपनी बोली में खूब बोलते हैं।

### टेक्निकल वर्ल्ड में बोलबाला

आजकल टेक्निकल वर्ल्ड में भी हिंदी का बोलबाला है। बहुत से मोबाइल एप हिंदी में काम करते हैं। एआई भी हिंदी भाषा में हमारे सवालों का जवाब देता है। इंटरनेट पर हिंदी भाषा में भी सब कुछ सर्च किया जा सकता है।



ज्यादातर डिजिटल सिस्टम हिंदी बोलने, पढ़ने, लिखने, समझने वालों से हिसाब से बनाए जा रहे हैं। साथ ही हमारे देश के तो हर हिस्से में हिंदी जानने वाले लोग रहते हैं। 77 प्रतिशत देशवासी हिंदी पढ़-लिख बोल और समझ लेते हैं। ऐसे में कभी देश के दूसरे प्रदेश में जाने पर हिंदी भाषा में बोलना ही हमें एक-दूसरे से जोड़कर रखता है। अपनेपन का एहसास करवाता है।

## हिंदी की हैं कई बोलियां



बच्चो, हिंदी की कई बोलियां भी हैं। अवधी, ब्रज, बुंदेलखंडी, भोजपुरी और राजस्थानी आदि बोलियां, इस सूची में शामिल हैं। तुम्हें लग रहा होगा कि इन बोलियों को तो बिल्कुल अलग ही तरह से बोला जाता है। असल में इन सभी को लिखने की लिपि एक ही है। इतना ही नहीं हिंदी जानने वाला व्यक्ति नेपाली भाषा को भी आसानी से पढ़ सकता है। बच्चो, हमारी प्यारी हिंदी ने अंग्रेजी, फारसी और अरबी जैसी भाषाओं से कुछ शब्द भी दिल खोलकर अपनाए हैं। इन भाषाओं के कई शब्दों को हिंदी में भी बोलते हैं। इतना ही नहीं डिक्शनरी ऑक्सफोर्ड में भी हिंदी के शब्द शामिल किए जा चुके हैं। इनमें योग, कर्म, खाकी, चड्डी, पायजामा, मंत्र, अन्ना, अच्छा, बापू, बड़ा दिन, सूर्य नमस्कार, नमस्ते, जुगाड़, गुरु, चटनी और स्वदेशी जैसे सैकड़ों शब्द भी शामिल हैं।

## हर ओर छाई हिंदी

प्यारे बच्चो, शब्दों की सहज मिठास और दिल को छू लेने वाले अंदाज के लिए जानी जाने वाली हमारी हिंदी समय के साथ दुनिया भर में अपनी जगह बना रही है। हिंदी में पढ़ना-लिखना या हिंदी बोलना सिर्फ हमारे देश तक ही सीमित नहीं है। भारत के अलावा, थाईलैंड, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, भूटान, पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव में हिंदी अच्छे से बोली जाती है। साल 2024 तक के आंकड़े कहते हैं कि ग्लोबल लेवल पर 135 करोड़ लोग हिंदी बोलते-समझते हैं। दुनिया के 150 देशों में हिंदी बोली जाती है। विश्व स्तर पर लोग हिंदी को जानने-समझने में रुचि ले रहे हैं। दुनिया भर में 176 से ज्यादा विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है। अंग्रेजी और मंदारिन (चीनी) के बाद हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हम दुनिया के किसी भी हिस्से में जाएं, कोई ना कोई हिंदी भाषी इंसान मिल जाता है। बच्चो, है ना यह गर्व करने की बात! *

### यूं जुड़ो हिंदी से

बच्चो, सबसे पहले तो हिंदी बोलने-पढ़ने को कोई नीची बात या कमजोरी नहीं समझो। अपनी भाषा को सम्मान देना सबसे प्यारी बात है। हिंदी को अच्छे से जानने-समझने के लिए दैनिक जीवन में हिंदी बोलो। हिंदी में लिखी किताबें पढ़ो।



तुम्हारी पसंद के बहुत से कार्टून फिल्म प्रोग्राम्स अब हिंदी में भी आते हैं। इनको भी देखो। स्कूल के समारोह में हिंदी में कविता पढ़ सकते हो। अपनी डायरी, कहानी या कविता भी हिंदी में लिखना शुरू करो। जैसे अंग्रेजी का कोई शब्द समझ ना आने पर टीचर्स या घर के बड़ों से पूछते हो, हिंदी के शब्दों के अर्थ जानने में भी रुचि लो। जो दोस्त हिंदी बोलते हैं उनका मजाक कभी ना बनाओ। अपने दोस्तों के साथ हिंदी में बात करो। अपनी भाषा से एक भावनात्मक जुड़ाव बनाओ। वैसे भी अपनी भाषा में दिल की भावनाओं को जताने से सुंदर क्या हो सकता है। बच्चो, यह समझना भी जरूरी है कि हिंदी भाषा से जुड़ना तुम्हें अपनी संस्कृति से भी जोड़ता है। अंग्रेजी ना बोल पाने वाले अपने बड़े-बुजुर्गों के करीब लाता है। हमारी सुंदर, सरल और मीठी सी भाषा हिंदी को सीखने समझने के बहुत से फायदे हैं।

कविता / सूर्य कुमार पांडेय

### हिंदी दिवस मनाएं हम




हिंदी को अपनाएं हम,
हिंदी पढ़ें, पढ़ाएं हम।
बोलें और बतियाएं हम,
हिंदी दिवस मनाएं हम।

हिंदी की जयकार सुनें,
सात समंदर पार सुनें।
इसकी बोली-बानी में,
भारत की ललकार सुनें।
हिंदी जिन्हें नहीं आती,

उनको इसे सिखाएं हम।
हिंदी पढ़ें, पढ़ाएं हम।

हम करते सबसे विनती,
हिंदी की सीखें गिनती,
रटें पहाड़े हिंदी में,
कभी नहीं होगी गलती।
कितनी मीठी भाषा है,
इसके गाने गाएं हम।
हिंदी को अपनाएं हम।

कविता / फहीम अहमद

### प्यारी बोली हिंदी



इतनी मीठी भाषा हिंदी,
जैसे दूध-बताशा हिंदी।
आशा नई जगाती मन में
करती दूर निराशा हिंदी।

संस्कृति की रंगोली हिंदी,
है सबकी हमजोली हिंदी।
करते शब्द ठिठोली हर पल,
इतनी प्यारी बोली हिंदी।

सीधी, सरल, सुसंगत हिंदी,
हर महफिल की रंगत हिंदी।
बड़ी सुकोमल, पावन जैसे
चंदन, रोली, अक्षत हिंदी।

गीत, कहानी, कविता हिंदी,
है बहती सुर सरिता हिंदी।
है यह स्वाभिमान देश का,
गौरव और अस्मिता हिंदी।

गंगा-जमुनी धारा हिंदी,
जैसे रही जग सारा हिंदी।
भाषाओं के अंबर पर ज्यों
चमक रहा ध्रुवतारा हिंदी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

### सीख देती कहानियां

बच्चो, तुम सबको अच्छा बनने की सीख तो मम्मी-पापा, भैया-दीदी, दादा-दादी, टीचर और अड़ोस-पड़ोस के अंकल-आंटी देते ही रहते हैं। लेकिन जब ऐसी कोई सीख किसी कहानी के जरिए रोचक ढंग से मिलती है तो वो बात ज्यादा अच्छे से समझ आती है, है ना! ऐसे ही रोचक ढंग से सीख देने वाली कुछ कहानियों की किताब 'पकड़ी गई चालाकी' हाल में छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। शीर्षक कहानी 'पकड़ी गई चालाकी' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह शौर्य, चालाकी से लूडो खेल जीत लेता है लेकिन फिर जब दादाजी उसे उसकी गलती का एहसास कराते हैं तो वह शर्मिंदगी महसूस करने लगता है। 'खूबसूरती का राज' कहानी में अवनि को उसकी बुआ समझाती हैं कि वास्तव में कोई इंसान कब खूबसूरत दिखता है?



ज्यादातर बच्चे, मम्मी या पापा का स्मार्टफोन मिलने पर उसमें गेम्स खेलने लगते हैं। लेकिन फोन किस तरह पढ़ाई में मददगार हो सकता है, इसे तुम अथर्व की कहानी 'स्मार्टफोन की महिमा' में पढ़ सकते हो। अगर मन में दृढ़ विश्वास हो तो शारीरिक अक्षमता भी मनचाही जीत पाने में बाधा नहीं बनती, यह सीख देती है 'जीत का उपहार' कहानी। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत अच्छी हैं। *

**किताब:** पकड़ी गई चालाकी, **लेखिका:** आरती 'आस्था'
**मूल्य:** 149 रुपए, **प्रकाशक:** सर्व भाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

### हंसगुल्ले



**अध्यापक :** 'मुंह में पानी आना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**रोनित :** जैसे ही मैंने नल में मुंह लगाकर नल खोला, मेरे मुंह में पानी आ गया। **-शिखा, बिलासपुर**

**अध्यापक :** 'दांत खट्टे करना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**सोनू :** मैंने मोनू को नीबू का अचार खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए। **-नव्या, रायपुर**

### जीके क्विज-170

1. हाल ही में भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल में कौन-सा स्थान हासिल किया?
2. कुछ समय पूर्व ही देश की नई महालेखा नियंत्रक (सीजीए) कौन बनी हैं?
3. भारत के नए उपराष्ट्रपति कौन बने हैं?
4. हिंदी को देश की राजभाषा का दर्जा कब दिया गया था?
5. भारत में कितनी भाषाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है?
6. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
7. बल का मात्रक क्या होता है?
8. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?
9. ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
10. प्रसिद्ध उपन्यास 'राग दरबारी' के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-170 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-169 का उत्तर :** 1.चिकिथा तानीपार्थी, 2.रमेन डेका, 3.ज्ञानेश कुमार, 4.जी. शंकर कुरुप, 5.एंटवर्प (बेल्जियम), 6.लॉर्ड कैनिंग, 7. नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 8.विक्रम 3201, 9.विटामिन डी, 10.शुक्र

**जीके क्विज-169 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, अंकिता-रायपुर, रोहित-रोहतक, कमल-महासमुंद, विकास-बालोद, हर्ष-राजनांदगांव, सुमन-भोपाल, आर्यन-बलौदा बाजार, सुशील-महेंद्रगढ़, साकेत-दुर्ग



कहानी

विमला नागला

सौम्या को जब रिजल्ट मिला तो हिंदी को छोड़ कर सभी विषयों में उसे ए ग्रेड मिला था। इस बात से वह बहुत दुखी हुई। सौम्या ने क्या गलती की थी कि उसे हिंदी में ए ग्रेड नहीं मिला, यह कमी जानते हुए उसकी दादी ने बड़ी चतुराई से उसे एक ऐसा उपाय बताया, जो बड़ा चमत्कारी निकला। जल्द ही सौम्या की हिंदी में बहुत अच्छा सुधार हो गया।

## करामाती कलम



आज सौम्या को स्कूल में रिजल्ट कार्ड मिला था। वह पांचवीं कक्षा में पढ़ती है। सौम्या बहुत दुखी थी। सभी विषयों में उसको ए प्लस ग्रेड मिला था, लेकिन हिंदी में बी ग्रेड था। उसे समझ में नहीं आ रहा था, ऐसा क्यों हुआ? सौम्या घर आकर रोने लगी। मम्मी ने जब उसके रोने का कारण जाना तो उन्होंने समझाया, 'बेटा, परीक्षा में हिंदी की छोटी-सी गलती के भी नंबर कटते हैं। इस समृद्ध भाषा में एक बिंदी की भी चूक से शब्द का अर्थ बदल जाता है। शायद तुमने भी इसी तरह की गलती की होगी।'

तभी सौम्या की दादीजी और पापा भी आ गए। सौम्या के रोने का कारण जब उन्होंने पूछा तो मम्मी ने बताया। वह यह भी बोलीं, 'मुझे लगता है, इसके हिंदी लेखन में वर्तनी की अशुद्धियों के कारण ही सही उत्तर लिखने पर भी इसको इतने कम अंक मिले हैं।'

'ओह! यह अशुद्ध वर्तनी वाली बात तो ठीक वैसी ही है, जैसे स्वादिष्ट भोजन के बीच अचानक से कंकड़ का आ जाना। काश! इसके प्रति सौम्या पहले से ही सचेत होती, पर कोई बात नहीं, देर आए दुरुस्त आए।' वहां बैठी दादीजी बोलीं।

मम्मी ने स्कूल में सौम्या के टीचर से फोन पर बात की। उन्होंने भी हिंदी में अधिक अशुद्धियों को ही कम अंक मिलने का कारण बताया। सौम्या अनमनी-सी चुपचाप दूसरे कमरे में चली गई।

दादी जी ने रात को सोते समय प्यार से सौम्या के सिर पर हाथ फेरते हुए पूछा, 'सौम्या, क्या आज तू मुझसे कहानी नहीं सुनेगी?' 'जी नहीं!' बहुत धीमे स्वर में सौम्या बोली।

दादी बोलीं, 'ठीक है सौम्या! तू कहानी भले ही मत सुन, पर यह देख!' 'क्या है यह?' सौम्या ने पूछा।

'सौम्या! यह देख, मेरे पास मेरी मां की दी हुई एक करामाती कलम है। इस कलम के बारे में मैंने आज तक किसी को नहीं बताया। पर आज तेरी यह हालत मुझसे देखी नहीं जा रही, इसीलिए...।' 'क्या..? आपके पास ऐसी करामाती कलम थी तो आप पहले देतीं न...।' सौम्या झट से बोली। 'कोई बात नही बेटा, जीवन में अभी तो ऐसी बहुत सी परीक्षाएं आएंगी। यह कोई साधारण कलम नहीं है। इसकी एक अद्भुत विशेषता यह है कि जिस प्रकार हमारे शरीर को चलाने के लिए प्रतिदिन भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक इसी प्रकार इस कलम को भी रोजाना कागज चखने की खुराक चाहिए। यह जितनी खुराक लेगी, उतना ही इसका चमत्कार बढ़ेगा।'

'वो कैसे?' सौम्या को आश्चर्य हुआ।

'कलम को हाथ में लेते ही नियमित रूप से इसका उपयोग करना होगा। इसके रुकते ही इसका जादू खत्म समझो।' दादी बोलीं।

'वाह! यह इतनी करिश्माई कलम है, तो भला फिर रोज काम लेने में कौन-सी परेशानी है!' हाथ नचाती हुई सौम्या बोली। दादी जी वह सुंदर सुनहरी कलम सौम्या के हाथों में देती हुई बोलीं, 'लो बेटा! तुम अब इसे नियमपूर्वक काम में लेना। चलो, हम सबसे पहले इसके जादू की परख के लिए आज से ही नहीं, अभी से ही हिंदी में एक पेज सुलेख लिखकर करते हैं।'

'जी!' सौम्या ने खुशी-खुशी हामी भरी।

शुरुआत में सौम्या ने बहुत लापरवाही के साथ जल्दी-जल्दी लेखन कार्य किया। जब वह इसे दिखाने दादी के पास गई तो दादी जी ने कलम को कान में लगाकर कुछ सुना और उदास स्वर में बोलीं, 'सौम्या, यह कलम कह रही है कि मैं इस लड़की के पास हरगिज नहीं रहूंगी, क्योंकि इसकी गंदी, घसीटमार लिखावट के साथ लिखी ढेर सारी अशुद्धियों से मैं बुरी तरह घबरा गई हूं।'

यह सुनते ही सौम्या का मुंह उतर गया। वह आंखों में आंसू लिए कलम को निहारने लगी। तभी दादी ने फिर से कलम को अपने कान के पास ले जाने का उपक्रम किया और बोलीं, 'सुनो सौम्या! अब यह कह रही है कि चलो छोड़ो, यह सौम्या की पहली गलती है, इसीलिए मैं उसे माफ कर देती हूं, लेकिन आगे से इसे मेरे उपयोग में पूरी सावधानी बरतनी होगी।'

यह सुनकर सौम्या खुशी से झूम उठी। अब तो वह प्रतिदिन एक-एक शब्द शुद्ध और जमा-जमा कर लिखती, इस डर से कि कहीं कलम रूठ न जाए। बस फिर क्या! कहते हैं न, 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान!'

सतत अभ्यास से सौम्या की अशुद्धियां एक दिन लगभग समाप्त ही हो गईं। अन्य विषयों में पढ़ाई में वह ठीक थी ही। अपने शुद्ध हिंदी लेखन के प्रयास से उसने अगली परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह खुशी से नाच उठी और दादी को धन्यवाद देते हुए बोली, 'दादी जी, यह सब तो आपकी करामाती कलम की ही करामात है।'

दादी जी उसे दुलारते हुए बोलीं, 'बेटा! यह कलम की करामात नहीं, तेरी मेहनत का फल है। सच कहूं तो यह कोई करामाती कलम नहीं है। इसे तो तुम्हारे पापा से ही मंगवाया था। लेकिन अब यह सचमुच ही तुम्हारी मेहनत और लगन से साधारण से करामाती बन गई। बेटा! जीवन में सफलता का कोई शॉर्ट-कट नहीं होता। हमें सफल होने के लिए जीवन में खूब मेहनत करनी ही पड़ती है।'

दादी की बात सुनते हुए, सौम्या सहमति के साथ मुस्करा रही थी। *

शब्द ज्ञान / शिवानी छाया

### अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

बच्चो, हिंदी में कई सारे शब्द ऐसे हैं, जो अपने-आप में अनेक शब्दों या वाक्यांश का अर्थ समाहित किए हुए हैं। जब हम हिंदी में अनेक शब्दों के बदले प्रयुक्त होने वाले ऐसे एक शब्द का प्रयोग बोलने या लिखने में करते हैं तो हमारी भाषा या हमारा लेखन संक्षिप्त और प्रभावशाली हो जाता है। अनेक शब्दों के बदले प्रयुक्त होने वाले एक शब्द के कुछ उदाहरण बच्चो तुम यहां देख सकते हो-

जिसका कभी अंत न हो : अनंत
जिसको क्षमा न किया जा सके : अक्षम्य
जिसके समान कोई दूसरा न हो : अद्वितीय
कम बोलने वाला : मितभाषी
जिसकी कोई आशा न हो : आशातीत
अनुचित बात के लिए आग्रह : दुराग्रह
आलोचना करने वाला : आलोचक
अनुकरण करने योग्य : अनुकरणीय
परिवार के साथ : सपरिवार
ऊपर कहा हुआ : उपर्युक्त
नीचे लिखा हुआ : निम्नलिखित
स्मरण करने योग्य : स्मरणीय
दर्शन करने योग्य : दर्शनीय
जो सबको प्रिय हो : सर्वप्रिय
किए गए उपकार को मानने वाला : कृतज्ञ
जो कम पैसे खर्च करता हो : मितव्ययी

अनेक शब्दों के बदले एक शब्द के ऐसे अनेक उदाहरण तुम्हें हिंदी व्याकरण और भाषा की किताबों में मिल जाएंगे। तुम अपने स्कूल में हिंदी के अध्यापक या घर के बड़ों से भी इस तरह के और भी शब्दों के बारे में पूछ सकते हो, जान सकते हो। तुम इन शब्दों को जानो-समझो, इनके प्रयोग करना सीखो और अपने हिंदी ज्ञान को और भी समृद्ध बनाओ। *

### अंतर बताओ


बच्चो, यहां दिए गए चित्रों में अध्यापिका जी बच्चों को हिंदी पढ़ा रही हैं। देखने में तो ये दोनों ही चित्र एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.टीचर जी का चश्मा गायब है। 2.पीछे बाईं तरफ बैठी लड़की के पीछे ब्लैक-बोर्ड रखा हुआ है। 3.बाईं तरफ बीच में रखे ब्लॉक में से 'ह' अक्षर गायब है। 4.ट्वॉय-ट्रेन के पास रखी हिंदी वर्णमाला की किताब गायब है। 5.आगे की तरफ बॉक्स में हिंदी वर्णमाला के ब्लॉक्स रखे हुए हैं। 6.आगे की तरफ बैठी लड़की के टी-शर्ट का रंग अलग है। 7.दाहिनी तरफ सबसे ऊपर रखा 'क' अक्षर वाला ब्लॉक गायब है। 8.दीवार पर लगी पेंटिंग में चिड़िया की बजाय फूल दिख रहे हैं।

### चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां हिंदी की क्लास का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र के कलर्ड कट-आउट्स भी साइड में दिए गए हैं। तुम इन कलर्ड कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र को रंगीन बनाओ।




उत्तर : A-1, B-8, C-7, D-5, E-3, F-6, G-2, H-4, I-9

# ई रिक्शा पलटा, चालक सहित 4 छात्र-छात्राएं घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



बालोद-दुर्ग मुख्य मार्ग पर गंजपारा शराब दुकान के पास एक टीवीएस वाहन चालक की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। शराब खरीदने की जल्दबाजी में अचानक गाड़ी मोड़ने से एक ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार चार स्कूली छात्राएं और चालक घायल हो गए।

गुरुवार सुबह, जमरेवा निवासी ई-रिक्शा चालक फिरोज कुमार साहू चार छात्राओं को लेकर आत्मानंद स्कूल, आमापारा जा रहा था। जब वे गंजपारा शराब दुकान के पास पहुंचा, तो उनके आगे चल रहे टीवीएस वाहन चालक ने बिना किसी इंडिकेटर के अचानक अपनी गाड़ी शराब दुकान की ओर मोड़ दी। ई-रिक्शा चालक ने टक्कर से बचने के लिए तुरंत ब्रेक लगाया, जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक फिरोज कुमार साहू के साथ-साथ चार छात्राएं भी घायल हुईं, दीक्षा सिन्हा कक्षा 2, डोषिता सिन्हा कक्षा 4, भूमिका साहू कक्षा 11 और तारिणी साहू कक्षा 10वीं शामिल हैं। सभी घायल छात्राओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। घटना के बाद, टीवीएस वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

## मालवाहक चालक को रोक मारपीट कर अवैध वसूली पुलिसकर्मी सस्पेंड

**राजनांदगांव।** जिले के बोरतलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मालवाहक को रास्ते में रोककर मारपीट एवं अवैध वसूली की शिकायत सामने आई है। पुलिसकर्मी सहित दो आरोपियों द्वारा की गई इस घटना की जानकारी मिलते ही मामला दर्ज करने के साथ ही पुलिस कर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शैलेष कुमार पिता हसन वर्मा 30 वर्ष निवासी ग्राम पीपरखारकला थाना एवं पोस्ट बोरतलाव 9 सितंबर की शाम 6 बजे अपने पिकअप मालवाहक वाहन में स्वयं के 2 नग मवेशी एवं एक बछड़ा को भरकर जा रहा था। मवेशियों का पालन-पोषण करने में असमर्थ होने के चलते वह उसे बीजेपार के राजा वर्मा पिता दीनदयाल वर्मा के साथ सौदा किया था। जिसकी पंचायत से बिक्रीनामा रसीद भी बनवाई थी। वह अपने मवेशियों को क्रेता राजा वर्मा पिता दीनदयाल वर्मा जाति लोधी ग्राम बीजेपार को सौंपने जा रहा था। इस दौरान मेरेगांव से लगभग 12 किलोमीटर दूर रास्ते में ग्राम कोठीटोला के समीप सैनिक कैम्प के सामने पुलिस वर्दी में हथियारबद्ध पुलिस द्वारा रोका गया। उसके साथ दोनों के द्वारा मारपीट भी की गई है।

# तालाब में मिली युवक की लाश, जांच जारी

**धमतरी।** हटकेशर के तालाब में एक युवक की लाश पानी में मिलने से आसपास सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को हटकेशर वार्ड के नागदेव मंदिर के पास स्थित तालाब में लोगों ने एक शव का देखा। तालाब में शव मिलने से आसपास हड़कम्प मच गया। तत्काल घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया। मृतक की शिनाख्ति सियाराम ध्रुव उम्र 44 वर्ष पिता पुनीतराम हटकेशर वार्ड निवासी के तौर पर की गई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शाम तक शव को वरदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। संस्था के शिवा प्रधान, डुमन साहू व योगेश साहू ने शव को जिला अस्पताल पहुंचा मर्च्यूरी में शिफ्ट कर दिया है। युवक की मौत घटना है या दुर्घटना, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।


**आम सूचना**

ICICI Bank | पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390007

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''आईसीआईसीआई बैंक'') से प्राप्त स्वर्ण आभूषणों के बदले सुविधा (''सुविधा'') के लिए बकाया राशि का भुगतान करने हेतु नोटिस जारी किया गया है। हम 22 सितंबर, 2025 को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी आयोजित करने के लिए बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के खाता हटाने/ई-नीलामी की तिथि बदलने का अधिकार है। नीलामी ऑनलाइन https://jewel-auction.procuretiger.com पर दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट पर लॉग इन करें। मृतक उधारकर्ता के मामले में, सभी शर्तें कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: कोलकाता-बेहला | |
| 032862005900 | रितिका चक्रवर्ती |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: पटना-अनीसाबाद | |
| 133362003756 | सविता सिंह |

दिनांक: 12.09.2025
स्थान: बेमेतरा, बिलासपुर

हस्ता. प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
दूरभाष: +91 44 4564 4000 | फैक्स: +91 44 4564 4022

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड एवं आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सह-पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणकर्ता (ओं), सह-ऋणकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को कॉलम (iii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि कॉलम (iv) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका कब्जा पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) को देय राशि की वसूली के लिए नीचे वर्णित अनुसार है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट यानी www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र. सं. | (i) मांग नोटिस राशि | (ii) समझौता आईडी | (iii) उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और जमानतदार (ओं) का नाम | (iv) गिरवी रखी गई संपत्ति का पता | (v) आरक्षित मूल्य राशि | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि और समय | (viii) नीलामी की तिथि और समय समाप्ति | (ix) निरीक्षण की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय मुद्रा 14134123.54/- मांग सूचना दिनांक: 30-सितंबर-2019 | 13599057 | डायनामिक हेयर सॉल्यूशन, आरोग्य दा फिजियोफिट, शत्रुघ्न सोंढ़ी एवं सुजाता सोंढ़ी | खसरा नंबर 149/36, पोटियाकला, वार्ड नंबर 52, रा.नि.मं. दुर्ग-1, तहसील और जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001 में स्थित संपत्ति का समस्त भू एवं भू-खण्ड। | भारतीय मुद्रा 10000000.00/- | भारतीय मुद्रा 1000000.00/- | 30-सितं.-2025 11.00 बजे सुबह से दोपहर 1.00 बजे तक | 29- सितं.2025 10.00 बजे सुबह से 5.00 बजे शाम तक | 23- सितं.2025 10.00 बजे सुबह से 5.00 बजे शाम तक |
| | | | संपत्ति स्थान एवं छवियों के क्यूआर कोड | | संपत्ति निरीक्षण ऑनलाइन | | | अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर: नाम-विनय सोनी संपर्क नंबर- 9039038793 नाम-हेमंत नाग संपर्क नंबर-9922185777 | |

अस्वीकरण: कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल संपत्ति पर मौजूद चल परिसंपत्तियों, यदि कोई हो, की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांक: 12.09.2025
स्थान: रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पहले आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

एनएमडीसी NMDC

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028
सीआईएन: L13100TG1958GOI001674

**वर्क्स प्रभाग - संविदा विभाग**
**ई-निविदा सूचना (घरेलू बोली के लिए खुली निविदा सूचना)**

निविदा पूछताछ संख्या: HO(Contracts)/NMDC/ICCC/2025/276 दिनांक 11/09/2025

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है, जो अपने मुख्यालय, बचेली, किरंदुल एवं दोणिमलै कॉम्प्लेक्स में 5 वर्षों की अवधि के लिए डिजाइन, निर्माण, वित्त, प्रचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) आधार पर एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र (आईसीसीसी) की स्थापना और पीए प्रणाली के साथ सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के कार्यान्वयन के कार्य के लिए अनुभवी घरेलू बोलीदाताओं से एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करती है।

विस्तृत एनआईटी और बोली दस्तावेजों को निम्नलिखित वेबसाइट लिंक पर 11/09/2025 से 10/10/2025 तक देखा और/या डाउनलोड किया जा सकता है:

1. एनएमडीसी वेबसाइट https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender
2. केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल https://www.eprocure.gov.in/epublish/app पर निविदा पूछताछ संख्या के माध्यम से निविदा सर्च करें
3. एमएसटीसी पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/eprocn/

एमएसटीसी पोर्टल से बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बोलीदाता एमएसटीसी वेबसाइट पर जाएं (कम्पैटबिलटी हेतु माइक्रोसॉफ्ट एज ब्राउजर का प्रयोग करें) और टेन्डर ईवेंट संख्या NMDC/Head Office/Contract/1/25-26/ET/346 सर्च करें।

बोलीदाताओं से आग्रह है कि वे एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपनी बोली दाखिल करें। ऑनलाइन बोली दाखिल करने की विस्तृत जानकारी एनआईटी में दी गई है। बोलीदाताओं को भविष्य में किसी शुद्धि पत्र, यदि कोई हो, के लिए नियमित आधार पर एनएमडीसी की वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसीए पोर्टल पर जाना आवश्यक है।

अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित से संपर्क किया जा सकता है -
अधिशासी निदेशक (वर्क्स), एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद, फैक्स संख्या 040 – 2353 4746, टेलीफोन संख्या 040 – 23532800, ई-मेल : contracts@nmdc.co.in.

अधिशासी निदेशक (वर्क्स)

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/10 (नियमित पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | 31.08.2025 को आयु (वर्ष) न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|---|
| प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल प्लेटफॉर्म) | एमएमजीएस-III | 34 | 28 | 35 |
| उप प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल प्लेटफॉर्म) | एमएमजीएस-II | 25 | 25 | 32 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/11 (नियमित पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | 31.08.2025 को आयु (वर्ष) न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|---|
| प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एमएमजीएस-III | 63 | 25 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→ "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 11.09.2025 से 02.10.2025 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 11.09.2025

महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

**प्रपत्र ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

**कैंडिड गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ हेतु**

**प्रासंगिक विवरण**

| | |
|---|---|
| 1. कार्पोरेट देनदार का नाम | **कैंडिड गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** |
| 2. कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 24/10/2007 |
| 3. प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | कंपनी रजिस्ट्रार – छत्तीसगढ़ |
| 4. कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U74920CT2007PTC020429 |
| 5. कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | ई-2/55, सेक्टर-7, अमलीडीह रोड, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 |
| 6. कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 09/09/2025 |
| 7. ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 08/03/2026 |
| 8. अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | प्रभात जैन |
| 9. अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है। | एलआईजी 212 ई-7 अरेरा कॉलोनी, यूनियन बैंक के पास, स्टॉप नंबर 11, भोपाल, मध्य प्रदेश 462016. IP.CAPRABHATJAIN@GMAIL.COM |
| 10. अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई-मेल | cirp.candidguardservices@gmail.com |
| 11. दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 23/09/2025 |
| 12. अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | लागू नहीं, क्योंकि लेनदारों के लिए कोई वर्ग निर्धारित नहीं है |
| 13. किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. (क) संबंधित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है: | वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads भौतिक पता: एलआईजी 212 ई-7 अरेरा कॉलोनी, यूनियन बैंक के पास, स्टॉप नंबर 11, भोपाल, मध्य प्रदेश 462016 |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने दिनांक 09.09.2025 को कैंडिड गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है कैंडिड गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण 23.09.2025 को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय ऋणदाता को फॉर्म सीए में – लागू नहीं वर्ग के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से अपने अधिकृत प्रतिनिधि की पसंद का संकेत देना होगा।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

दिनांक: 11.09.2025
स्थान: भोपाल

अंतरिम समाधान पेशेवर का नाम और हस्ताक्षर:
प्रभात जैन
IBBI/IPA-001/IP-P-02233/2020-2021/13480



पहला ऐतिहासिक महिला नौकायन अभियान

# त्रिवेणी पोत से 26 हजार समुद्री मील की यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सेना, वायुसेना और नौसेना जैसी देश की तीन सशस्त्र सेनाओं की 10 महिला अधिकारियों ने गुरुवार को अपने पहले ऐतिहासिक समुद्री नौकायन अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' की मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से शुरुआत की है। जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस और तीनों सेनाप्रमुखों के साथ मिलकर नई दिल्ली से वर्चुअल हरी झंडी प्रदान की। साथ ही अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह यात्रा नारी शक्ति, सशस्त्र बलों की एकता, आत्मनिर्भर भारत, देश की सैन्य कूटनीति और वैश्विक विजन का एक ज्वलंत प्रतीक है। महिला अधिकारियों की टीम स्वदेशी त्रिवेणी नौकायन पोत (आईएएसवी) के जरिए कुल 26 हजार समुद्री मील की यात्रा करेंगी। जिसे पूरा करने में उन्हें 9 महीने का समय लगेगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है।

- रक्षा मंत्री ने 'समुद्र प्रदक्षिणा' को वर्चुअल हरीझंडी दिखाकर किया रवाना

# 'वर्दी पहनने के बाद धर्म से ऊपर उठना चाहिए'

## सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र पुलिस को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोई व्यक्ति जब पुलिस की वर्दी पहनता है, तो उसे सभी प्रकार के धर्म और जाति जैसे पूर्वाग्रहों से ऊपर उठ जाना चाहिए। उसे सिर्फ कानून के मुताबिक अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने 2023 के अकोला दंगों से जुड़े एक मामले में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया है। इस SIT में हिंदू और मुस्लिम, दोनों समुदायों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने अकोला दंगों की जांच में महाराष्ट्र पुलिस की आलोचना की है। कोर्ट का फैसला एक ऐसे व्यक्ति की याचिका पर आया है, जिसने दंगों के दौरान हुई एक हत्या का चश्मदीद होने का दावा किया है। उसका आरोप है कि असली अपराधी के बजाय, कुछ मुस्लिम व्यक्तियों के खिलाफ FIR दर्ज की गई।

### 2023 में भड़क उठे थे दंगे

13 मई 2023 को, महाराष्ट्र के अकोला शहर में पैगंबर मुहम्मद के बारे में एक आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे थे। 17 साल के याचिकाकर्ता मोहम्मद अफजल मोहम्मद शरीफ का दावा है कि वह दंगों में गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने हॉस्पिटल में उसका बयान लिया लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की। याचिकाकर्ता का दावा है कि उसने राजेश्वर पुल पर चार लोगों को एक व्यक्ति को तलवार और लोहे के पाइप से मारते हुए देखा था। बाद में इस व्यक्ति की पहचान विलास महादेवराव गायकवाड़ के रूप में हुई। गायकवाड़ की इस हमले में मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस केस में एफआईआर दर्ज की, लेकिन उसके मामले में निष्क्रिय बनी रही. अगर पुलिस उसे भी पीड़ित के रूप में स्वीकार कर लेती तो हत्या वाले केस में पुलिस के झूठे और मनगढ़ंत सबूत उजागर हो जाते।

# उत्तराखंड बाढ़ : 1200 करोड़ की होगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देहरादून का दौरा किया और उत्तराखंड के प्रभावित क्षेत्रों में बादल फटने, बारिश और भूस्खलन के कारण बाढ़ की स्थिति और नुकसान की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा और नुकसान का आकलन करने के लिए देहरादून में एक आधिकारिक बैठक की। उन्होंने उत्तराखंड के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने पूरे क्षेत्र और उसके लोगों की मदद के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया और कहा, सरकार इस कठिन समय में राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करेगी और हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

- प्रधानमंत्री ने समीक्षा बैठक के बाद किया ऐलान

**homefirst** We'll take you home

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तौहीद रज़ा, जुम्मन खान | ख.नं.-562/13, प्लॉट नंबर 02, प.ह.नं.-13/18, गणेश नगर मौजा जामुल, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490023 चौहद्दी : पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-सड़क, उत्तर-चतर सिंह चंद्राकर का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-08-2024 | 14,01,020 | 10-10-2024 | 20,84,550 | 2,08,455 | 13-10-2025 (11 am-2pm) | 11-10-2025 (up-to 5pm) | 7008279115 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तों हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : rampracad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-** । बिक्री वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।
दिनांक : 12-09-2025
स्थान : भिलाई

द्वारा हस्ताक्षरित/ प्राधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

# तनाव के बीच अमेरिका से मिला तेजस विमान का तीसरा इंजन

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** टैरिफ के मुद्दे पर बने हुए मौजूदा तनाव के बीच अमेरिका ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमान के लिए तीसरा जीई-404 इंजन सौंप दिया है। जबकि इसी महीने के अंत तक चौथा इंजन मिलने की भी संभावना है। एचएएल के सूत्रों ने बताया कि अगले अक्टूबर महीने में वायुसेना को दो तेजस मार्क1ए विमान सौंपे जाएंगे। इसके अलावा एचएएल ने 10 और तेजस विमान बना लिए हैं और अब उन्हें केवल अमेरिका से जीई-404 इंजनों की आपूर्ति का इंतजार है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र.748/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 10/09/2025

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 175183 | डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य। | 116.46 | 01.10.2025 |
| 175146 | नगर पालिका मुंगेली क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य। | 12.53 | 26.09.2025 |

टीपः- 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट Http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

**डोडा। जम्मू-कश्मीर के डोडा में बृहस्पतिवार को एक घर में हुए कम तीव्रता वाले विस्फोट के बाद मकान मालिक शिक्षक और एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। घर में विस्फोट की घटना से जिले में एक बार फिर से दहशत फैल गई।

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद-500028
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN) - L13100TG1958GO1001674

अनुबंध विभाग

ई-निविदा सूचना (घरेलू बोली हेतु खुली निविदा पूछताछ)

निविदा पूछताछ संख्या : एचओ(अनुबंध)/एनएमडीसी/यूएलएमएसएस/2025/275, दिनांक : 11.09.2025

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत एक 'नवरत्न' सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, एनएमडीसी लिमिटेड, डोनिमलाई कॉम्प्लेक्स (डीआईओएम, केआईओएम और पैलेट प्लांट) में एकीकृत खान रसद प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (यूएलएमएसएस) के कार्यान्वयन हेतु सिस्टम इंटीग्रेटर (एसआई) के चयन कार्य हेतु अनुभवी घरेलू बोलीदाताओं से एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बोलियाँ आमंत्रित करती है। यह कार्य 5 वर्षों के लिए डिज़ाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) के आधार पर किया जाएगा।

विस्तृत एनआईटी और बोली दस्तावेज़ 11.09.2025 से 10.10.2025 तक निम्नलिखित वेबसाइट लिंक से देखें और/या डाउनलोड किए जा सकते हैं;

1. एनएमडीसी वेबसाइट – https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल – https://www.eprocure.gov.in/epublish/app और निविदा पूछताछ संख्या के माध्यम से निविदा खोजें।
3. एमएसटीसी पोर्टल – पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/eprocn/
एमएसटीसी पोर्टल से बोली दस्तावेज़ तक पहुँचने के लिए, बोलीदाताओं को एमएसटीसी वेबसाइट पर जाना होगा (संगतता के लिए माइक्रोसॉफ्ट एज ब्राउज़र का उपयोग करें) और निविदा ईवेंट संख्या एनएमडीसी/ मुख्यालय/ अनुबंध/22/25-26/ईटी/345 खोजें।

बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऑनलाइन बोली जमा करने का विवरण एनआईटी में दिया गया है। बोलीदाताओं को भविष्य में किसी भी तिथि पर शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के लिए नियमित रूप से एनएमडीसी की वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसी पोर्टल पर जाना होगा।

अधिक स्पष्टीकरण के लिए, निम्नलिखित से संपर्क किया जा सकता है।

कार्यकारी निदेशक (कार्य), एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद, फैक्स संख्या 0402353 4746, टेलीफोन संख्या 040-23532800, ईमेल : contracts@nmdc.co.in।

कार्यकारी निदेशक (कार्य)
एनएमडीसी लिमिटेड की ओर से

**कार्यालय कलेक्टर कांकेर एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन जोग राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**(अधिसूचना धारा 19 भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013)**

क्रमाक/ 585/ वा / भूअ / प्र.क्र / 20220214140001 1/अ-82/2021-22
कांकेर, दिनांक 03/09/2025

चुकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि विकासखण्ड कांकेर के **कोदाभांट - झुनियापारा - मोहपुर मार्ग के कि.मी. 2/10 हटकुल नदी** पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य हेतु ग्राम मोहपुर की रकबा 0.37 हे. की निजि भूमि निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन हेतु आवश्यकता है :-

अनुसूची

भूमि का वर्णन
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर।
तहसील - कांकेर
ग्राम / नगर - मोहपुर / प.ह.नं. 28
भूमि का क्षेत्रफल - 0.37 हेक्टेयर

| क्रमांक | खसरा नंबर | रकबा (हे.) में | क्रमांक | खसरा नंबर | रकबा (हे.) में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 0.05 | 6 | 310 | 0.02 |
| 2 | 135 | 0.07 | 7 | 165 | 0.02 |
| 3 | 306 | 0.08 | 8 | 311/2 | 0.04 |
| 4 | 307 | 0.01 | 9 | 163 | 0.01 |
| 5 | 311/1 | 0.04 | 10 | 167 | 0.03 |
| योग :- कुल खसरा नंबर 10 रकबा 0.37 हेक्टेयर | | | | | |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ भू-अर्जन अधिकारी, कांकेर के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. प्रस्तावित भू-अर्जन में किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नही है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर)
कलेक्टर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर
एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन,
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-252603412/2

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

**टीचर**

आवश्यकता है- प्रोफेसर कॉलोनी व रावतपुरा स्थित उज्जवल पब्लिक स्कूल में नर्सरी से 10वीं (अंग्रेजी माध्यम) तक SST, संस्कृत, अंग्रेजी, पढ़ाने हेतु अनुभवी शिक्षकों व प्रिंसिपल की आवश्यकता है **संपर्क करे:- 9827187027, 7000376167.** (RO-264)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ऑटो एसेसरीज होलसेल शॉप में कार्य हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क- श्री राम ऑटो एम.जी. रोड. रायपुर मोबाइल - 9300627327.** (RO-6704)

**सेल्स कार्य**

आवश्यकता है- मोटर पार्ट्स के छत्तीसगढ़ में विक्रय हेतु सेल्स पर्सन की आवश्यकता है वेतन 10000 से 15000 योग्यतानुसार। **आगम एंटरप्राइजेज, वाणिज्य भवन के पास, देवेंद्र नगर चौक , जेल रोड , रायपुर 9827900773.** (RO-313)

**हेल्पर/वेल्डर/फिटर**

आवश्यकता है- फैक्ट्री में रोजगार का अवसर बिर्कोनी महासमुंद स्थित फैक्ट्री में लेबर, हेल्पर, वेल्डर, फिटर की सख्त जरूरत! रहने की सुविधा उपलब्ध. **संपर्क करे- 6381298638.** (RO-6701)

**सर्वेयर**

आवश्यकता है- रायपुर एवं बिलासपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों हेतु सेल्समैन कम सर्वेयर चाहिए महीना आय 21000 रुपए टीए, डीए सहित नियम शर्तें लागू। **सम्पर्क- राधाकृष्णा सेवा संस्थान रायपुर बिलासपुर 8109100493.** (RO-38668)

**मेड**

आवश्यकता है- गृह सहायक (मेड) की आवश्यकता है (उम्र 25 - 40 वर्ष) घरेलू काम, 24 घंटे घर पर रहने के लिये, **स्थान- बैरन बाजार, रायपुर, मोबाइल नंबर- 7225844359.** (RO-6703)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आस पास घरेलू कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन -15000, 11 घंटे ड्यूटी, सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक **सम्पर्क करे मोबाईल नं.- 97541 60228.** (RO-7227)

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.** (RO-12)

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में ड्रायवर की आवश्यकता है । जो गाड़ी लोड- अनलोड कर सके । वेतन 12000/- रुपये कार्य समय सुबह 9:00 से 8:30 बजे तक **पता- सुहागा मंदिर ब्राहमण पारा रायपुर संपर्क करें- मो. 9826182338.** (RO-A)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल (सीएंडएफ) में आवश्यकता है बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर, **संपर्क: मणिधारी ट्रेडर्स ,औषधि वाटिका, मेडिकल कॉम्प्लेक्स डूमरतराई रायपुर. 9669164000, 9165929000.** (RO-441)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- रायपुर की प्रतिष्ठित ज्वेलरी शॉप में आवश्यकता है, अनुभवी सेल्समैन की, वेतन योग्यतानुसार। समय 1 से 3 **संपर्क:- समृद्धि ज्वेलर्स सदर बाजार रायपुर। मो.- 7000171415.** (RO-7383)

**शॉपिंग मॉल वर्क**

आवश्यकता है- VPS में काम करने हेतु अनुभवी युवक युवती कर्मचारी की आवश्यकता है कृपया अपना अपना आधार कार्ड फोटो और और आपका परिचय पत्र लेकर VPS में आकर मिलें ,पता , VPS किराना , VPS SUPER BAZAR , **पता , वर्षा कॉम्प्लेक्स भाठागाँव रायपुर छत्तीसगढ़** , VPS WHATSAPPP **नंबर 8109 199 199.** (RO-498)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल:- 9329103178.** (RO-265)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**अन्य**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719. (RO-1152)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो **संपर्क करें:- 9229187457.** (RO-1137)

**For Rent**
**किराया**

मकान किराये से देना है- 3 बीएचके 519A बी.आर.यादव सुंदर नगर, फुटबॉल हाउस के पीछे रायपुर सरकारी नौकरी व बैंककर्मी को प्राथमिकता **संपर्क - 9926115916, 9340292326.** (RO-6706)

किराये से देना है- वृंदावन धाम श्रीकृष्ण नगरी (U.P.) एसी रूम, गीजर, फ्रिज, टीवी अटैच वॉशरूम, लिफ्ट 5 स्टार रूम मात्र 1200/- प्रतिदिन किराया सभी मन्दिर के पास **सम्पर्क करें- श्री उमेश गौतम 8881119584** (RO-38633)

**Property**
**प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- 2BHK मकान बेचना है टिकरापारा बजरंग चौक साहू मोहल्ला **मो.- 9691799340, 7089779078.** (RO-6705)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - पपूर्व दिशा वाला प्लॉट बिक्री के लिए:1706 स्क्वायर फीट का प्लॉट, 49.5 लाख में रहेजा होम्स सोसाइटी, दलदल सिवनी रायपुर में। **संपर्क करें: 7879576933.** (RO-A)

**Finance**
**फायनेंस**

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, **संपर्क – 9311830460.** (RO-268)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

सब कुछ है यहां पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

**RAIPUR SMART BUSINESS**
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

**Healthcare**

इसे जरूर पढ़िये और समझिये
● इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गोनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसे: शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि ।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्युनो थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही है।

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## जैकेट के शेष

### एयरपोर्ट पर गिरी...

के प्रभावित होने से हवाई यात्री खासा परेशान रहे।

**रनवे के किस हिस्से में उतारें विमान, यह बताती है मशीन** : प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिस मशीन पर बिजली गिरी वह डीवीओआर है। यह विमानों को टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान सिग्नल देती है। इस सिग्नल के माध्यम से ही पायलेट रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग कर पाते हैं। इस सिस्टम के नहीं होने से विमान को रनवे को किस हिस्से पर उतारा जाए, इसकी सटीक जानकारी नहीं हो पाती। मौसम पूरी तरह से साफ रहने, दिन का समय होने और पायलेट के अत्यधिक अनुभवी होने की स्थिति में अपवादस्वरूप आपातकाल में इस मशीन के बगैर लैंडिंग की जा सकती है। हल्का कोहरा या धुंध रहने की भी स्थिति में इस मशीन के बगैर लैंडिंग या टेकऑफ संभव नहीं होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, खराब मौसम के कारण बुधवार और गुरुवार को विजिबिलिटी की भी समस्या रही। इस कारण मैनुअल सिस्टम ने भी काम नहीं किया और विमान संचालन के लिए पूरी तरह से मशीनों पर निर्भर रहना पड़ा। **कुछ हिस्सों में कार्य शेष** : अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, मुख्य हिस्सों में सुधार कार्य पूर्ण कर लिया गया है, लेकिन कुछ हिस्सों में कार्य शेष है। हालांकि यह माइनर है। इसके बाद भी इसमें सुधार किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो। सुधार कार्य पूर्ण होने के बाद टीम वापस हैदराबाद लौटेगी। फ्लाइट्स के डायवर्ट व रद्द होने के कारण दो दिनों में दो हजार से अधिक यात्री प्रभावित हुए हैं।

### दिल्ली से आने वाले...

यात्रियों में शामिल थे। दिल्ली से यहां आने वाली फ्लाइट लैंड नहीं कर पाने की स्थिति में भोपाल के लिए डायवर्ट की गई थी। बताया गया है कि वहां फ्यूल नहीं मिलने के कारण फिर उसे दिल्ली ले जाया गया। सभी यात्रियों को दिल्ली में होटल में ठहराया गया था। इन यात्रियों में शामिल सांसद विजय बघेल ने बताया कि वापसी के समय वे अपने दिल्ली निवास में वापस चले गए थे।

### जंगल में मुठभेड़, मारे ...

बल तैनात किए जा रहे हैं। ग्रामीणों से जंगल की ओर न जाने की अपील की गई है। पुलिस ने कहा है कि अभियान समाप्त होने के बाद पूरी जानकारी मीडिया को साझा की जाएगी। **हथियार बरामद हुए** : ऑपरेशन में फोर्स को ऑटोमेटिक वेपन एक-47, सहित कई हथियार और समग्री बरामद हुई है। साथ ही कुछ दस्तावेज रजिस्टर भी बरामद होने की जानकारी मिली है। जिससे आने वाले समय में कई खुलासे होंगे। **संयुक्त अभियान में शामिल कई सुरक्षा बल** : गोपनीय सूचना के आधार पर सीआरपीएफ, एसटीएफ, कोबरा, गरियाबंद ई-30 और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरूवार सुबह मटाल जंगल में सर्चिंग अभियान चलाया। इसी दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ शुरू हुई। सुरक्षा बलों का अभियान क्षेत्र में जारी है और सघन सर्चिंग की जा रही है।

### मार्च 2026 तक ....

दी है। गरियाबंद जिले में हुई मुठभेड़ में अब तक 10 नक्सली ढेर किए गए हैं। इनमें 1 करोड़ के इनामी और केंद्रीय समिति सदस्य मोडेम बालकृष्णा उर्फ मनोज भी शामिल है। यह नक्सल उन्मूलन अभियान में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसी क्रम में नारायणपुर जिले में भी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण की राह चुनी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में हमारा विश्वास है कि मार्च 2026 तक 'नक्सलमुक्त भारत' का संकल्प साकार होगा।

### मनोज और भास्कर ...

पांड के भी मारे जाने की चर्चा है। पुलिस प्रशासन जांच कर रही है।

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह ....

10 कुख्यात नक्सलियों को मारा गिराया है। समय रहते बचे-खुचे नक्सली भी आत्मसमर्पण कर दें। आगामी 31 मार्च से पहले लाल आतंक का समूल नाश निश्चित है।

### नई नीति आने ....

विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करने हमने नई औद्योगिक नीति का निर्माण किया है। हमारी यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाए गए सुशासन के परफार्म, रिफार्म और ट्रांसफार्म के मंत्र पर तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की बुनियाद तेजी से विकसित होते उद्योगों के आधार पर रखी जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए नई औद्योगिक नीति में राज्य में निवेश के लिए अनुदान प्रावधान और प्रोत्साहन रखे गए हैं तथा इज ऑफ डूइंग बिजनेस और स्पीड आफ डूइंग बिजनेस के संकल्प के अनुरूप साढ़े तीन सौ से अधिक रिफार्म किए गए हैं। हमने जापान और दक्षिण कोरिया के अलावा मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु तथा नवा रायपुर में भी इंवेस्टमेंट समिट किए हैं। नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद अब तक हमारे पास लगभग 6 लाख 65 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं। नई नीति में कोर सेक्टर के साथ आईटी, एआई, फार्मा, टेक्सटाइल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा ग्रीन एनर्जी से जुड़े माध्यमों पर विशेष अनुदान प्रावधान रखे गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सुशासन तथा अभिसरण के सचिव राहुल भगत, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और बड़ी संख्या में निवेशक उपस्थित थे। **बस्तर का औद्योगिक माहौल उन्नत होगा** : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व का सर्वाधिक लाभ बस्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला है। यहां से विशाखापट्टनम के लिए एक्सप्रेसवे गुजर रही है। रावघाट-जगदलपुर रेलमार्ग का कार्य हो रहा है और तेलंगाना से किरंदुल को जोड़ने वाली रेल रूट का सर्वे किया जा रहा है। उड़ान परियोजना से मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट को उन्नत बनाया गया है। बोधघाट परियोजना पर शीघ्र कार्य शुरू होगा। कनेक्टिविटी के इस दौर में आगे रहने के लिए बस्तर में नए मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। अधोसंरचना की इन बड़ी परियोजनाओं से बस्तर का औद्योगिक माहौल काफी उन्नत होगा। **बस्तर में निवेश के लिए बिछा रेड कारपेट** : मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के उद्यमशील युवाओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से पूंजी, स्किल और काउंसलिंग दी जा रही है। इसके चलते नया उद्यमी वर्ग तेजी से उभर रहा है। बस्तर में पर्याप्त संसाधन हैं। उद्योग लगाने पर कच्चे माल की लागत कम होगी।

**6.95 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव** : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति निवेशकों के लिए आकर्षक और लाभकारी साबित हो रही है। अब तक 6.95 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिली है। उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीजापुर में पहली बार राइस मिल की स्थापना हो रही है। उन्होंने बताया कि जगरगुंडा की इमली मंडी, जो वर्षों से बंद थी को फिर से चालू कराया गया है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि निवेश की दृष्टिकोण से अब बस्तर की तस्वीर बदल जाएगी, नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा। विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि बस्तर में औद्योगिक सृजन व नई औद्योगिक नीति के क्रियान्वयन हेतु बस्तर जिले में इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### बस्तर में कुछ...

0 बड़े सार्वजनिक निवेशों के साथ-साथ लगभग 1,000 करोड़ का निजी निवेश भी सेवा क्षेत्र और एमएसएमई में किया जा रहा है। 0 जगदलपुर में 350 बेड का मल्टी-स्पेशियलिटी निजी अस्पताल स्थापित होगा 0 550 करोड़ के निवेश और 200 रोजगार अवसरों के साथ यह परियोजना बस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को ऊंचाई देगी और इसे मेडिकल शिक्षा का केंद्र बनाएगी 0 जगदलपुर में 33 करोड़ रुपये के निवेश से एक और मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल 0 नवभारत इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा 85 करोड़ के निवेश से 200 बेड का मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित होगा

### बस्तर के लिए ...

लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी का प्रावधान भी किया गया है। उद्योगों की स्थापना के पीछे उद्देश्य केवल अर्थव्यवस्था को रफ्तार देना ही नहीं बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी है।

### उद्योग सचिव ने ...

छोटे उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। साल बीज और इमली जैसे उत्पादों की देशव्यापी आपूर्ति में बस्तर की प्रमुख भूमिका है, जिनका उपयोग कॉस्मेटिक उद्योग में किया जाता है। उन्होंने बताया कि निवेशकों के लिए औद्योगिक माहौल को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए कई नवाचार किए गए हैं। अब उद्यमियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और साल में केवल एक बार परीक्षण होगा।

### पति-पत्नी और दो...

के सबूत मिले। तब तक पुलिस को पता नहीं था कि बाड़ी में कितने शव दफन हैं। इसके बाद मामले की जानकारी एसडीएम को देकर खोदने की अनुमति ली गई और खुदाई के दौरान देखते ही देखते बुधराम, उसकी पत्नी सहोद्रा उरांव (35), बेटी शिवांगी उरांव (6) व बेटे अरविंद उरांव की लाश मिली।

### बड़ी बेटी बुआ...

अगर घटना के वक्त शिवानी भी अपने घर पर होती तो आरोपी उसे भी मार देते, वो तो भगवान का शुक्र है कि वो अपने बुआ के घर थी, जिससे उसकी जान बच गई।

### पूर्व सीएम भूपेश को...

पाटन सदन सरकारी आवास के रूप में दर्ज है, इसमें संपत्ति कर नहीं लगता। यहां रहने वाले को समेकित कर, जल कर और यूजर चार्ज के रूप में 2019 से 2025 तक का टैक्स लगता है। यह इन वर्षों का पटा भी है। महापौर ने कहा कि ऑनलाइन अपडेट नहीं होने के कारण यह दिख रहा है। निगम ने अपनी तरफ से कोई नोटिस उन्हें नहीं भेजा है। भूपेश बघेल ने सरकारी सिस्टम पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को 7,258 रुपए अदा करने का वचन देता हूं। वैसे तो शासकीय आवास में संपत्ति कर नहीं लगता, फिर भी जिस पाटन सदन को मैंने पौने दो साल पहले ही खाली कर दिया था, आज विष्णुदेव सरकार ने मुझे नोटिस भेजा है। मुझे बताया गया है कि मुझे 7,258 रुपए का भुगतान करना है। भले ही यह नोटिस अवैध हो, लेकिन फिर भी मैं मुख्यमंत्री की इच्छा पूरी करूंगा। अच्छा है कि वे भी तैयार रहें, क्योंकि उनकी सरकार 'कुनकुरी सदन' का भी तो टैक्स मांगेगी!

### सरकारी आवास का...

वाले के नाम से समेकित कर, जलकर और यूजर कर के रूप में टैक्स लिया जाता है। 2019 से 2025 तक उनके नाम से आवंटित था। उन्होंने इसका टैक्स भी अदा किया है, जो अपडेट नहीं होने के कारण दिखा रहा है।

### मंत्री बोले- अगर कोई...

निजी समाचार चैनल से बात करते हुए कहा, अगर कोई शराब ले जा रहा हो तो उसको पकड़ना नहीं है लेकिन पुलिस तंत्र है, उसको पकड़ लेती है। जो लोग हजारों-लाखों लीटर की शराब बना रहे हैं, चोरी कर रहे हैं, तस्करी कर रहे हैं, वैसे लोगों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए।

### राज्यपाल अपने कर्तव्य में...

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, गोपाल सुब्रमण्यम, अरविंद दातार और अन्य सहित कानूनी दिग्गजों की दलीलें सुनीं। यह अनुच्छेद 200 और 201 के आसपास केंद्रित था और मुख्य मुद्दा यह था कि क्या संवैधानिक न्यायालय राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समयसीमा निर्धारित कर सकता है।

## पेज एक के शेष

### पहले तख्ता पलट के...

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल के साथ भद्रकाली स्थित सेना मुख्यालय में अंतरिम सरकार के नेता का नाम तय करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रदर्शनकारी जेन जी समूह पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की, काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह और दो अन्य के नाम पर अंतरिम सरकार के नेतृत्व के लिए विचार कर रहा है। अंतरिम नेता प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की जगह लेंगे, जिन्होंने छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक आंदोलन के बाद मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। सेना के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत जारी है। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं बताया। सेना के प्रवक्ता ने कहा, हम विभिन्न हितधारकों के साथ कई दौर की बातचीत कर रहे हैं। बातचीत मुख्य रूप से मौजूदा गतिरोध से बाहर निकलने और साथ ही देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर केंद्रित है। बैठक के दौरान सेना मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में युवा बेसब्री से फैसला सुनने का इंतजार करते दिखे।


**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं. eT-HQ-WAT-23-2025, दिनांक : 03.09.2025

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियंता / ईस्टेट / वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन वरिष्ठ मण्डल अभियंता/ कार्य/ इलेक्ट्रिक लोको शेड एवं डीजल लोको शेड / वाल्टियर सेक्शन में इलेक्ट्रिक लोको शेड, डीजल लोको शेड, NCC में सेवा भवनों की मरम्मत।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 2,17,11,526.52, EMD : ₹ 2,58,600.00, कार्य पूरा होने की अवधि: 08 (आठ) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 29.09.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-581/Q/25-26



**इंडियनऑयल**

IndianOil

CIN : L23201MH1959GOI011388

**इंडियनऑयल के पाइपलाइन्स प्रभाग में प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के तहत प्रशिक्षुओं की भर्ती**

विज्ञापन सं: पीएल/एचआर/ईएसटीबी/एपीआर (2025)–2

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, पाइपलाइन्स प्रभाग द्वारा आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल राज्य में प्रभाग के विभिन्न स्थानों पर इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, टेलिकम्यूनिकेशन एवं इंस्ट्रूमेंटेशन, मानव संसाधन, अकाउंट्स, डेटा एंट्री ऑपरेटर और डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर प्रशिक्षुओं की भर्ती हेतु योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

रिक्तियों की अनुमानित संख्या 537 है। विज्ञापन संबंधी अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया इंडियनऑयल की वेबसाइट www.iocl.com पर IndianOil For You→IndianOil for Careers→Apprenticeships सेक्शन देखें।

भविष्य में सभी उद्घोषणाएं केवल इंडियलऑयल की वेबसाइट www.iocl.com पर ही प्रकाशित की जाएंगी। यह किसी अन्य वेबसाइट/माध्यम पर उपलब्ध नहीं होंगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि उपरोक्त विज्ञापन से जुड़ी नवीनतम जानकारी के लिए समय–समय पर इंडियनऑयल की वेबसाइट देखते रहें।

NATS/NAPS पोर्टल और इंडियनऑयल पाइपलाइन्स प्रशिक्षु पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18.09.2025 है।



छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**

**जल संसाधन संभाग, जशपुर (छ. ग.)**

**शुद्धि पत्र क्र. 1**

निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 25.08.2025 निविदा सिस्टम नं. 174034 (प्रथम आमंत्रण), जी नम्बर - 252603083 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| S. No. | Particulars | Previous Published | | Amendment As | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ClubbedQuantity | Clubbed Rate | Clubbed Quantity | Clubbed Rate |
| 1. | ITEM RATE TENDER, FORM - B (ENVELOPE - 'C') ANNEXURE-I SCHEDULE OF QUANTITIES (i) S.NO.03 IN COLUMN 3 & 4 | 8719.85 | 2711.28 | 5442.27 | 4344.14 |
| 2 | ITEM RATE TENDER, FORM-B (ENVELOPE - 'C') ANNEXURE – I Physical Turnover S.No. 2 All Type of Concrete in Structures Other than lining | 10394.71 x 0.50 = 5669.84 11/12 (Say 5670.00 Cum) | | 7117.13 x 0.50 = 3882.07 11/12 (Say 3882.00 Cum) | |
| 3 | Online Tenders are invited up to 22.09.2025, 17:30 Hour | | | | |
| 4 | Bid Open Date and Time 23.09.2025 at 11:30 Hours. | | | | |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, जशपुर (छ. ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर, (छ.ग.)

G-252603330/2



**HDFC BANK**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग–सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें। जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री विश्वकर्मा गौतम,** खसरा 1400/3(भाग) पुराना, 1400/90, प.ह.नं.14/19ए, ब्लॉक एवं रा.नि.मं.दुर्ग–1, मौजा कुरूद तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490024.<br>**श्री विश्वकर्मा गौतम,** वार्ड 28 72/बी, एल.आई.ए. छावनी, रूकमनी धर्मकाटा के बगल, शिव टिम्बर ट्रेडर्स, छावनी, प्लॉट नं. – 72/बी, आई. ई. भिलाई, छत्तीसगढ़, 490023.<br>**श्री विश्वकर्मा गौतम,** मै. गौतम फर्नीचर, प्लॉट नंबर 72 बी, एल आई ए, छावनी चौक, भिलाई छत्तीसगढ़ 490023.<br>**श्रीमती उर्मिला,** खसरा 1400/3(भाग) पुराना, 1400/90, प.ह.नं.14/19ए, ब्लॉक एवं रा.नि.मं.दुर्ग–1, मौजा कुरूद तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490024.<br>**श्री विश्वकर्मा गौतम,** वार्ड 17 72/बी, शिव टिम्बर ट्रेडर्स, छावनी, आई. ई. भिलाई, रूकमनी धर्मकाटा, दुर्ग, छ.ग., 490023.<br>**श्रीमती उर्मिला,** वार्ड 17 72/बी, शिवा टिम्बर ट्रेडर्स, छावनी आई ई भिलाई, रुखमणी धर्म काटा, दुर्ग – छत्तीसगढ़, 490023. | ₹ 18,47,870/- as on 31-जुलाई-25 | 30 अगस्त-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग जिसका खसरा नं. 1400/3(भाग)पुराना, प.ह.नं. 14, मौजा कुरूद, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, ब्लॉक एवं रा.नि.मं. दुर्ग – 1, दुर्ग, छ.ग. |
| 2. | **श्री हुसैन अकरम,** यूनिट–215, अटल आवास योजना, स.क्र., ना. कुरा, धरसीवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ 493221.<br>**श्री हुसैन अकरम,** 02 तिवरैया, शिवांश स्कूल के पास, धरसीवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ 493221.<br>**श्री हुसैन अकरम,** मै. ए.के. मोबाइल रिपेयरिंग, शॉप 1, 02, एनएच 30, तिवरैया, धरसीवा – रायपुर, छत्तीसगढ़–493221.<br>**श्रीमती खातून जिनात,** यूनिट–215, अटल आवास योजना, स.क्र., ना. कुरा, धरसीवा रायपुर छत्तीसगढ़ -493221.<br>**श्रीमती खातून जिनात,** भाटापारा, सिलयारी रोड, तिवरैया, धरसीवा – रायपुर, छत्तीसगढ़, 493221.<br>**श्रीमती खातून अनावारी,** यूनिट–215, अटल आवास योजना, स.क्र., ना. कुरा, धरसीवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ 493221.<br>**श्रीमती खातून अनावारी,** पति आरिफ़ हुसैन, तिवरैया, धरसीवा, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493221. | ₹ 5,65,188/- as on 31-जुलाई-25 | 30 अगस्त-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति, यूनिट–215, अटल आवास योजना, ख.सं., 1527(भाग) मौजा– कुरा, प.ह.नं.–3, रा.नि.मं.–धरसीवा 1, ग्राम पंचायत–कुरा, वार्ड नंबर 11, वीर सावरकर वार्ड, तह. एवं जिला–रायपुर छ.ग. |
| 3. | **श्री मसीह कमाल,** मकान खसरा नंबर 639/13, प्लॉट प.ह.नं. 23/37, मौजा सिरगिट्टी, संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 7, बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495004.<br>**श्री मसीह कमाल,** 126 कैलाश गोंड, भवानी मंदिर, जोगिया डेरा 1, बालको, कोरबा, छत्तीसगढ़, 495684.<br>**श्री मसीह कमाल,** राजू होटल, टीपी नगर, बाल्को, कोरबा, छत्तीसगढ़ – 495677.<br>**श्रीमती मसीह प्रीति प्रिया,** मकान खसरा नंबर 639/13, प्लॉट प.ह.नं. 23/37, मौजा सिरगिट्टी, संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 7, बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495004.<br>**श्रीमती मसीह प्रीति प्रिया,** 126 कैलाश गोंड, भवानी मंदिर, जोगिया डेरा 1, बालको, कोरबा, छत्तीसगढ़, 495684. | ₹ 8,18,995/- as on 31-जुलाई-25 | 30 अगस्त-2025 | समस्त भाग आंशिक भाग का मकान खसरा नंबर 639/13, प्लॉट नंबर 103/1, शीट 38, प.ह.नंबर 23/37, मौजा सिरगिट्टी, संत कबीर दास वार्ड नंबर 7, विकास खंड– बिल्हा, तहसील और जिला– बिलासपुर छ.ग. |
| 4. | **श्री कुमार के वी राज,** प्लॉट 22, खसरा 146/10 प.ह.नं. 15, मौजा कातुलबोड़, मकान 22, विद्या विहार वार्ड क्रमांक 58, दुर्ग छत्तीसगढ़, 490020.<br>**श्री कुमार के वी राज,** निजी महाविद्यालय, भिलाई, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय सेक्टर 6, भिलाई–सेक्टर 5, छत्तीसगढ़ 490006.<br>**श्री कोटिकलापुडी श्रीराम चंद्रमूर्ति,** प्लॉट 22, खसरा 146/10 प.ह.नं. 15, मौजा कातुलबोड़, मकान 22, विद्या विहार वार्ड नंबर 58, दुर्ग छत्तीसगढ़, 490020.<br>**श्रीमती के विभूति राजकुमार,** प्लॉट 22, खसरा 146/10, प.ह.नं. 15, मौजा कातुलबोड़, मकान 22, विद्या विहार वार्ड नंबर 58, दुर्ग छत्तीसगढ़, 490020.<br>**श्रीमती के विभूति राजकुमार,** निजी महाविद्यालय, भिलाई, श्री शंकराचार्य, महाविद्यालय सेक्टर 6, भिलाई–सेक्टर 5 छत्तीसगढ़ 490006. | ₹ 7,00,012/- as on 31-जुलाई-25 | 30 अगस्त-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट 22, खसरा 146/10, प.ह.नं. 15, मौजा कटुलबोड़, मकान 22 विद्या विहार वार्ड नं. 58 दुर्ग 1 तह. एवं जिला– दुर्ग छ.ग. |
| 5. | **श्री मोटवानी मनीष,** यूनिट–23, रहेजा होम्स (प्लॉट), क्रमांक. 134/1, 135/1-2, 162, 163/3,164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम– दलदल सिवनी; तह. एवं जिला. – रायपुर, छत्तीसगढ़– 492015.<br>**श्री मोटवानी मनीष,** फ्लैट 201 ब्लॉक ए, दूसरी मंजिल, डॉल्फिन इम्प्रेस, मोवा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492014.<br>**श्री मोटवानी मनीष,** श्री गणेश स्टोर्स, बालाजी टावर, स्टेशन रोड, रायपुर छत्तीसगढ़ 492009.<br>**श्रीमती मोटवानी साक्षी,** यूनिट–23, रहेजा होम्स (प्लॉट), क्रमांक. 134/1, 135/1-2, 162, 163/3,164/1-2, 209/4-5-17, पी.एच. क्रमांक 109/41; ग्राम दलदल सिवनी; तह. एवं जिला. – रायपुर, छत्तीसगढ़– 492015.<br>**श्रीमती मोटवानी साक्षी,** फ्लैट 201 ब्लॉक ए, दूसरी मंजिल, डॉल्फिन इम्प्रेस, मोवा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492014.<br>**श्रीमती मोटवानी साक्षी,** श्री गणेश स्टोर्स, बालाजी टॉवर, स्टेशन रोड, रायपुर छत्तीसगढ़ 492009. | ₹ 24,49,791/- as on 31-जुलाई-25 | 30 अगस्त-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट यूनिट–23 का वह सारा टुकड़ा और पार्सल, रहेजा होम्स (प्लॉट), ख.नं. 162, 163/3 (भाग), प.ह.नं. 41; आरआईसी– रायपुर 7, विकासखंड– धरसीवा कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 26 ग्राम– दलदल सिवनी; तहसील एवं जिला – रायपुर, छ.ग. |
| 6. | **श्री मोटवानी मुकेश,** यूनिट–19 रहेजा होम्स (प्लॉट), स.क्र. 134/1, 135/1-2, 162, 163/3, 164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम– दलदल सिवनी; तह. एवं जिला– रायपुर, छत्तीसगढ़ 492015.<br>**श्री मोटवानी मुकेश,** फ्लैट नंबर 401, चौथी मंजिल, मेन रोड, मोवा, डॉल्फिन इम्प्रेस मोवा, रायपुर, छ.ग., 492014.<br>**श्री मोटवानी मुकेश,** श्री गणेश स्टोर्स, बालाजी टावर, स्टेशन रोड, रायपुर – छत्तीसगढ़ 492009.<br>**श्रीमती मोटवानी भाविका,** यूनिट–19 रहेजा होम्स (प्लॉट), स.क्र. 134/1, 135/1-2, 162, 163/3, 164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम– दलदल सिवनी; तह. एवं जिला– रायपुर, छत्तीसगढ़ 492015.<br>**श्रीमती मोटवानी भाविका,** फ्लैट नंबर 401, चौथी मंजिल, मेन रोड, मोवा, डॉल्फिन इम्प्रेस मोवा, रायपुर, छ.ग., 492014.<br>**श्रीमती मोटवानी भाविका,** अम्ब्रेला ट्रेडिंग, बालाजी टावर, स्टेशन रोड, रायपुर – छत्तीसगढ़ 492009. | ₹ 30,11,126/- as on 31-जुलाई-25 | 30 अगस्त-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति यूनिट–19 रहेजा होम्स (प्लॉट) क्रमांक 163/3 (भाग), प.ह.नं. 109/41, रानिमं.– रायपुर 7, ग्राम– दलदल सिवनी; तहसील एवं जिला– रायपुर छ.ग. |
| 7. | **श्री चंदेल प्रशांत सिंह,** फ्लैट–501, फ्लोर–5, श्रीजी हाइट्स, ब्लॉक–15, प्लॉट नंबर–17/81/2, 17/82/2, 17/61, 17/80/2, प.ह.नंबर–113, सिविल लाइन्स, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्री चंदेल प्रशांत सिंह,** 12/195, अग्रवाल नर्सिंग होम के पीछे, खुटेही हुज़ूर, रीवा–मध्य प्रदेश 486001.<br>**श्रीमती चंदेल सुरेश सिंह,** फ्लैट–501, फ्लोर–5, श्रीजी हाइट्स, ब्लॉक–15, प्लॉट नंबर–17/81/2, 17/82/2, 17/61, 17/80/2, प.ह.नंबर–113, सिविल लाइन्स, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्रीमती चंदेल सुरेश सिंह,** 12/195, अग्रवाल नर्सिंग होम के पीछे, खुटेही हुज़ूर, रीवा–मध्य प्रदेश 486001.<br>**श्री चंदेल जे.बी. सिंह,** फ्लैट–501, फ्लोर–5, श्रीजी हाइट्स, ब्लॉक–15, प्लॉट नं.–17/81/2, 17/82/2, 17/61, 17/80/2, प.ह.नं.–113, सिविल लाइन्स, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्री चंदेल जे.बी. सिंह,** 12/195, अग्रवाल नर्सिंग होम के पीछे, खुटेही हुज़ूर, रीवा – मध्य प्रदेश 486001. | ₹ 55,36,399/- as on 31-जुलाई-25 | 30 अगस्त-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की फ्लैट–501, फ्लोर–5 श्रीजी हाइट्स ब्लॉक–15, सिविल लाइंस वार्ड क्रमांक 42 प्लॉट क्रमांक– 17/61, 17/80/2, प.ह.नं.–113, सिविल लाइंस, तह. जिला– रायपुर छ.ग. |
| 8. | **श्री सिंह रमेश कुमार,** प्लॉट–बी20, चौहान बिजनेस पार्क, फेज–1, स.क्र. 248/1, ग्राम–खपरी, प.ह.नं. 11 दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491226.<br>**श्री सिंह रमेश कुमार** पिता शेष नाथ सिंह, क्वार्टर–23/34 7वीं बटालियन, कटुल बोर्ड भिलाई, एस ए एफ लाइन्स भिलाई – दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491226.<br>**श्री सिंह रमेश कुमार,** पुलिस अधीक्षक, कार्यालय अधीक्षक, पुलिस विभाग, पुलिस रेडियो कार्यालय भिलाई, जोन सेक्टर 06 – भिलाई, छत्तीसगढ़ 490006.<br>**श्रीमती सिंह नीता,** प्लॉट–बी20, चौहान बिजनेस पार्क, फेज–1, क्र.सं. 248/1, ग्राम–खपरी, प.ह.नं. 11 दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491226.<br>**श्रीमती सिंह नीता** पति रमेश कुमार सिंह, मकान नंबर 24/34 7वीं बटालियन, कातुलबोड़ सफ लाइन्स, वार्ड नंबर 58 एस ए एफ लाइन्स भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491226. | ₹ 9,32,610/- as on 31-जुलाई-25 | 30 अगस्त-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट–बी20, चौहान बिजनेस पार्क, फेस–1, क्रमांक 248/1, ग्राम–खपरी, प.ह.नं. 11 आरआईसी–दुर्ग, 1 तह. और जिला– दुर्ग छ.ग. |
| 9. | **श्री जयसवाल शुभम,** यूनिट–एलआईजी–II/2089, औद्योगिक क्षेत्र, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पावर हाउस, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490001.<br>**श्री जयसवाल शुभम,** मैसर्स श्याम इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लॉट नंबर 14, सिलतारा, फेज़ 1, बिलासपुर बाईपास रोड, बीरगांव, रायपुर छत्तीसगढ़ 493221.<br>**सुश्री जयसवाल श्वेता,** यूनिट–एलआईजी–II/2089, औद्योगिक क्षेत्र, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पावर हाउस, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490001.<br>**सुश्री जयसवाल श्वेता,** मै. श्वेता जयसवाल, द्वारा–मेसर्स श्याम इलेक्ट्रिकल्स, प्लॉट नंबर 14, सिलतरा फेज़ 1, रायपुर छत्तीसगढ़ 493221. | ₹ 22,78,598/- as on 31-जुलाई-25 | 30 अगस्त-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की यूनिट–एलआईजी–II/2089, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, वार्ड क्रमांक 26, खसरा नं. 1347 प.ह.नं.–19, आरआईसी–दुर्ग 1, हाउसिंग बोर्ड, छावनी बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भिलाई तह. और जिला– दुर्ग छ.ग. |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, कोरबा
दिनांक : 12.09.2025
पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम), मुंबई–400020

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड


## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5986

**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

**शब्द पहेली- 5985 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | रा | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | रा | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | ब्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल- 5996

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल- 5995 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## खबर संक्षेप

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को 2,720 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले


**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल (केपीआईएल) और उसकी अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों को 2,720 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि कंपनी को ये ऑर्डर बिजली पारेषण और वितरण (टीएंडडी) के साथ-साथ भवन और कारखाना (बीएंडएफ) कारोबार में मिले हैं।

### रियल एस्टेट को 80 अरब डॉलर का निवेश मिला



**सिंगापुर।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने पिछले 15 साल में लगभग 80 अरब अमेरिकी डॉलर का संस्थागत निवेश हासिल किया है, जिसमें विदेशी निवेशकों का योगदान 57 प्रतिशत है। क्रेडाई और कोलियर्स की एक संयुक्त रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'इंडियन रियल एस्टेट: फॉस्टरिंग इक्विटी एंड फ्यूलिंग इकॉनमिक ग्रोथ' एक संयुक्त रिपोर्ट जारी की।

### ग्लास फाइबर के आयात पर डंपिंग शुल्क लगाने की मांग



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन, बहरीन, थाइलैंड से इलेक्ट्रिकल्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले ग्लास फाइबर के आयात पर पांच साल के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला है।

# जीएसटी कटौती दोपहिया ग्राहकों के लिए कार खरीदने का अवसर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ बिक्री में वृद्धि लगभग सात फीसदी पर वापस आ जाएगी

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती के बाद अगले वित्त वर्ष से घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री में वृद्धि लगभग सात प्रतिशत पर वापस आ जाएगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन के मौके पर कहा कि छोटी कार खंड, जिसमें कंपनी का दबदबा है, में वृद्धि की उम्मीद लगभग 10 प्रतिशत है।

## सियाम के वार्षिक सम्मेलन में मारुति के अधिकारी ने कहा

### मासिक किस्त में कमी होगी

छोटी कारों के लिए, उन्होंने कहा, "हमें उम्मीद है कि यह 10 प्रतिशत रहेगी।" उन्होंने कहा कि 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर आयकर में छूट, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती से मासिक किस्त (ईएमआई) कम होगी, और जीएसटी दर में कमी जैसे कई कारक छोटी कारों को और अधिक किफायती बनाने में मदद करेंगे जिससे दोपहिया वाहन चालकों को कार खरीदने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।"




### पूछताछ में 15 फीसदी की वृद्धि

अधिकारी ने बताया कि जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा के बाद से, 'श्राद्ध' का समय होने के बावजूद पूछताछ में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और बाजार का रुझान उत्साहजनक है। बनर्जी ने यह भी कहा कि कंपनी ने जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने की घोषणा पहले ही कर दी है।

*दोपहिया ग्राहक चार पहिया में अपग्रेड हो सकते हैं*

*अधिकारी ने कहा, "हमारा मानना है कि यह सभी दोपहिया वाहन ग्राहकों के लिए चार पहिया वाहन में 'अपग्रेड' करने का एक बड़ा अवसर है।" पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से छोटी कार श्रेणी में, सामर्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण, घरेलू यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री धीमी रही है।*

### सीएजीआर पहले के स्तर पर होगी

जीएसटी दर में कमी के वाहन बिक्री वृद्धि पर प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "भारतीय वाहन उद्योग के लिए दीर्घकालिक विकास चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) जो पहले लगभग सात प्रतिशत हुआ करती थी, हमें लगता है कि 2026-27 से यह फिर से उसी स्तर पर आ जाएगी।"

### 17.5 लाख इकाई रही बिक्री

उद्योग के अनुमानों के अनुसार, इस वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त अवधि में, यात्री वाहनों की बिक्री लगभग 17.05 लाख इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 17.31 लाख इकाई थी।

## ऊर्जा मंत्री जोशी ने कहा, जल्द 50 लाख रूफटॉप सोलर का आंकड़ा छुएंगे

# पीएम सूर्य घर योजना में देशभर के 20 लाख से ज्यादा घरों पर रूफटॉप सोलर प्रणाली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश भर में 20 लाख से ज़्यादा घरों में रूफटॉप सोलर प्रणाली (छत पर सौर बिजली परियोजना) लगाई जा चुकी हैं और बहुत जल्द इसमें 30 लाख की संख्या और जुड़ जाएगी।

हालांकि, मंत्री ने देश भर में इस योजना के तहत एक करोड़ लाभार्थियों के लिए रूफटॉप सोलर उपकरण लगाने के लक्ष्य का आधा हिस्सा हासिल करने के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं बताई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और प्रधानमंत्री-कुसुम योजनाओं की राज्यों की समीक्षा बैठक के उद्घाटन को संबोधित करते हुए, जोशी ने कहा, "अब 20 लाख (घरों) में रूफटॉप लगाने का काम पूरा हो गया है और बहुत जल्द हम 30 लाख और जोड़ेंगे। कुल मिलाकर, हमारा लक्ष्य (योजना के तहत) एक करोड़ घरों का है।'

### आधे लाभार्थियों को शून्य बिजली बिल मिल रहा

*मंत्री ने कहा, "प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत, हम पहले ही देख चुके हैं कि लगभग आधे लाभार्थियों को शून्य बिजली बिल मिल रहे हैं। यह दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को सार्थक राहत प्रदान करने के एक मॉडल को दर्शाता है। मैं सभी राज्यों से ऐसे तरीकों को अपनाने और सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का आग्रह करता हूं।"*

### योजना मांग आधारित पहले आओ पहले पाओ

जोशी ने कहा कि यह योजना मांग-आधारित है और लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिए जाएंगे। उन्होंने राज्यों से दोनों योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए सक्रिय रहने को कहा।



*उपयोगिता आधारित मॉडल को मंजूरी*

*मंत्री ने बताया कि उन्होंने उन सभी लोगों के लिए एक उपयोगिता-आधारित मॉडल को मंजूरी दे दी है जिनके सिर पर छत नहीं है। उन्होंने आगे कहा, "कुछ राज्यों ने इसे (रूफटॉप सोलर लगाने) बहुत तेजी से करने की योजना बनाई है। आंध्र प्रदेश भी ऐसा ही एक राज्य है। मुख्यमंत्री ने मुझसे मुलाकात की थी और मुझे प्रस्तुतीकरण दिया था। कुछ राज्यों ने हमें इस उपयोगिता-आधारित मॉडल को लागू करने की मांग भेजी थी। हमने इसे मंजूरी दे दी है।"*

### ग्रिड कनेक्टिविटी व लाइसेंस अनुपालन में कुछ समस्या

जोशी ने यह भी कहा कि विभिन्न योजनाओं, ग्रिड कनेक्टिविटी और लाइसेंस में अनुपालन संबंधी समस्याएं हैं और राज्यों को और अधिक सक्रिय रहने की जरूरत है। उन्होंने ... 2030 तक 550 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य के बारे में कहा, "हमने लगभग 251.5 गीगावाट स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता हासिल कर ली है। हमें अगले पांच वर्षों में 248 गीगावाट और हासिल करने की आवश्यकता है।

### भारत में 100 गीगावाट मॉड्यूल निर्माण क्षमता


जोशी ने बताया कि आज भारत में 100 गीगावाट मॉड्यूल निर्माण क्षमता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है और 12,600 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। उन्होंने कहा, '2028 तक स्वदेशी सौर सेल प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करने के बाद, अब हम स्वदेशी 'वेफर्स' और स्वदेशी 'इनगोट्स' की ओर भी बढ़ रहे हैं। इससे हमें भारत में ही संपूर्ण सौर मूल्य श्रृंखला बनाने में मदद मिलेगी।'

### पीएम कुसुम योजना के दूसरे चरण पर काम

पीएम-कुसुम 2.0 योजना के बारे में उन्होंने कहा कि मंत्रालय को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी लेनी होगी। उन्होंने कहा, "हम पीएम कुसुम योजना के दूसरे चरण पर पहले से ही काम कर रहे हैं, जिसे वर्तमान चरण की अवधि समाप्त होने के बाद मार्च, 2026 में शुरू किया जाएगा।"

# सेंसेक्स 124 अंक मजबूत निफ्टी चढ़कर पहुंचा 25,000 अंक के पार

■ फेड के दर कटौती की उम्मीद से वैश्विक बाजार में तेजी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी बनी रही और बीएसई सेंसेक्स 124 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू शेयर बाजार लाभ में रहे।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसक्स में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 123.58 अंक की बढ़त के साथ 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 217.07 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी में लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 32.40 अंक बढ़कर लगभग तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 25,005.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, इटर्नल और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "निफ्टी 50 सूचकांक 25,000 अंक की महत्वपूर्ण सीमा से ऊपर बंद हुआ है। अमेरिका द्वारा भारत पर अप्रत्याशित रूप से 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने से मुख्य सूचकांक एक समय 24,400 अंक तक गिर गया था।"

### निफ्टी सीमित दायरे में काम करता रहा

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "बृहस्पतिवार को बाजार में सुस्ती रही और अंत में मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। सकारात्मक शुरुआत के बाद, निफ्टी पूरे सत्र में एक सीमित दायरे में रहा और अंततः 25,005 अंक के स्तर पर बंद हुआ।"

## बिजनेस साइट

### अगस्त 2025 में जीवन बीमा कंपनियों के नए बिजनेस में 6.01% की वृद्धि

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा उद्योग ने अगस्त 2025 में नए बिजनेस प्रीमियम में 6.01 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह जानकारी लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल द्वारा जारी ताजा आंकड़ों से सामने आई है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष की शुरुआत से लेकर अब तक (वायटीडी आधार पर), नया प्रीमियम 1,54,193.76 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,63,461.52 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस वृद्धि को बीमा कंपनियों के बेहतर रणनीतिक प्रयासों और बीमा जागरूकता अभियानों का परिणाम माना जा रहा है। काउंसिल के अनुसार, व्यक्तिगत सिंगल प्रीमियम में साल दर साल 9.71 प्रतिशत और नॉन-सिंगल प्रीमियम में 4.51% की वृद्धि देखी गई। कुल मिलाकर व्यक्तिगत प्रीमियम श्रेणी में 6.20 प्रतिशत की वृद्धि ने नए बिजनेस को मजबूती प्रदान की है। बीमा कंपनियों ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बीमा उत्पादों की पहुँच बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। इसके तहत अब तक 4,37,125 से अधिक नए व्यक्तिगत बीमा एजेंट जोड़े गए हैं। हालांकि, रिटायरमेंट और अन्य कारणों से समग्र एजेंट वृद्धि दर केवल 2.75 प्रतिशत रही। डिजिटल माध्यमों का बढ़ता उपयोग और बीमा एजेंट नेटवर्क का विस्तार बीमा उद्योग में नई जान फूंक रहे हैं। यह प्रवृत्ति आने वाले महीनों में और भी तेज होने की संभावना है, जिससे वित्त वर्ष 2025 के अंत तक नई ऊँचाइयों तक पहुँचने की उम्मीद है।

### रायपुर में अदाणी सोलर का प्रोडक्ट लांच और पार्टनर मीट आज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में आज नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र का एक अहम आयोजन होने जा रहा है। होटल सायाजी में अदाणी सोलर और श्री शंकर मशीनरी स्टोर्स के संयुक्त तत्वावधान में चैनल पार्टनर अनाउंसमेंट, प्रोडक्ट लांच एवं पार्टनर मीट का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अदाणी सोलर के वरिष्ठ अधिकारी सेसिल अगोस्टिन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।
वे राज्य भर से आए डीलरों, वितरकों, व्यवसायिक साझेदारों और युवा उद्यमियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम सूर्य घर योजना (हर घर सोलर) के तहत उभरते अवसरों पर संवाद करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेशभर से सोलर उद्योग से जुड़े व्यवसायी, वितरक और उद्यमी शिरकत करेंगे। आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ को स्वच्छ ऊर्जा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक रोल मॉडल स्टेट के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत संदेश जाएगा। ज्ञात हो कि अदाणी सोलर देश की अग्रणी सौर मॉड्यूल निर्माता कंपनी है और वह स्वच्छ ऊर्जा को आम जनता तक पहुँचाने के लिए अग्रसर है।

### एक्सिस बैंक ने 'पिंक कैपिटल : द स्पेक्ट्रम ऑफ क्वीर मनी' पेश की



**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने 'पिंक कैपिटल: द स्पेक्ट्रम ऑफ क्वीर मनी' रिपोर्ट पेश की। यह एक गुणात्मक रिपोर्ट है जो भारत के एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के वित्तीय जीवन का पड़ताल करती है। रिपोर्ट के मुताबिक समलैंगिक (क्वीयर) उपभोक्ता जरूरी चीजों पर खर्च को प्राथमिकता देते हैं। ये उपभोक्ता सबसे अधिक महत्त्व प्रणालीगत पहुंच एवं समानता (34.2%), इसके बाद स्वास्थ्य सेवा एवं सुरक्षा (20%), वित्तीय सुरक्षा एवं भविष्य की स्थिरता (18.6%), भावनात्मक तथा सामाजिक मान्यता (17.3%), और जीवनशैली तथा संस्कृति (10%) को देते हैं। ये खर्च करने के तरीके एक ऐसे समुदाय को दर्शाते हैं जो अस्तित्व, सम्मान और दीर्घकालिक स्थिरता को प्राथमिकता देता है। उल्लेखनीय है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवा और वृद्धों की देखभाल प्रमुख क्षेत्रों के रूप में उभरे। इसके अलावा अध्ययन में पाया गया कि समलैंगिक उपभोक्ता उन ब्रांडों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं जो ठोस, समावेशी समाधान प्रदान करते हैं, जैसे संयुक्त खाते, पेंशन और स्वास्थ्य सेवा लाभ आदि। समावेशी ब्रांडिंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन रोजमर्रा की प्रक्रिया में समावेश सबसे महत्वपूर्ण है जिससे स्थायी विश्वास बनता है। वित्तीय सुरक्षा और भविष्य की स्थिरता के लिहाज से दो प्रमुख बिंदु उभरे।

### गेम्स 24X7 करेगी 70 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी




**नई दिल्ली।** डिजिटल गेमिंग कंपनी गेम्स24X7 ने सभी प्रकार के पैसा आधारित ऑनलाइन गेम पर सरकार के प्रतिबंध के बाद लगभग 70 प्रतिशत यानी लगभग 500 कर्मचारियों की छंटनी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी को भेजे गए ई-मेल का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला।

*एचएमएसआई 350 सीसी के दाम 18,800 रु. घटाएगी : नई दिल्ली। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने से अपने 350 सीसी तक के मॉडल की कीमतें 18,800 रुपये तक घटाने का फैसला किया है। बयान में कहा कि वह अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में हाल ही में जीएसटी दर में की गई कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी।*

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony,Doranda,Ranchi-834002**
**Fax No.:0651-2400123 (E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 400/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of LILO of 1ckt of 220 kV TTPS-Govindpur TL at proposed Maithon GSS (40 Km.) on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 1,62,15,39,180.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 3,24,30,790.00 On line mode |
| Completion Period | 18 Months |
| e-Tender fee | Rs. 25,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 16.09.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 16.09.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 09.10.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 10.10.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
PR 361637 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D — General Manager C&M (NWBP)

**Government of Maharashtra**
**Office of the Executive Engineer**
**Construction Division (Special Project) Nagpur**
E-Mail :-constdivnagpur.ce@mahapwd.com — Telephone No 0712-2562976

**E-Tender Notice No. 20 Year 2025-26**

Online E-Tenders in works **"B-1"** Forms (Percentage Rate) are invited by Executive Engineer Construction Division (Special Project) Nagpur for the following works from the Registered / Unregistered Contractor / Bidder whos satisfy the qualifying criteria. The tender documents should be downloaded from the Government Website **https://mahatenders.gov.in** The competent authority reserves the right to accept or reject any or all the tenders. Conditional Tenders will not be accepted.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू.लाख) |
|---|---|---|
| 1 | **Construction of CC Approach Road Ghorpad sie with footpath, RCC Drain and Compound Wall from Ravidas Nagar Hanuman Mandir to Shitlamata Mandir CC Internal Road, ROB Approach Roads Kamptee Side, Paver Block work and Godown Road near ROB Kamptee in Tahasil Kamptee Dist. Nagpur** | Rs. 938.28 Lakhs |
| A | **Tender Download :- As per e-tender schedule uploaded on e-portal http://mahatenders.gov.in Tender pre-Bid Meeting :- As per e-tender schedule uploaded on e-portal http://mahatenders.gov.in E-Tender Opening:-Online Time Table will be applicable and it will be Final.** | |

**All information of e-tendering is available on the following websites/Notice Board**
1) https:// **https://mahatenders.gov.in** (If there is any changes in the notice, then the information will be communicated on the above websites) Online Time Table will be applicable and it will be Final.
2)Executive Engineer, Construction Division (Special Project) Nagpur Office Notice Board.
3) For any correspondance contact Above mention e-mail & Telephone No
4) On Date of downloading of Tender, submit Copy of Tender and Annaxre in Envelope No. I to this division.

**Outward No/ 5860/Tender/Dt./10/09/2025**
**आरओसी 2025-26/ क्र.-5/ C 2494**

**Sd/-**
**(Parag Thamke)**
**Executive Engineer, Construction Division (S.P.) Nagpur**

**कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ,ग,)**
**शांतिनगर, वार्ड क्र. 25, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर**
E-Mail - jagdalpurnagarnigam@yahoo.com, Website-nagarnigamjagdalpur.in, Phone No. - 07782-221055

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /1608 / नपानि / लोनिवि / 2025 — जगदलपुर दिनांक 10/09/2025

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| S. No. | System Tender No. | Name of work | PAC Lakhs | Amount of Earnest Money | Tender Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 175018 | Construction of Cricket Box Unit at Bastar club campus Jagdalpur ( 100X30ft ) ( DMFT Fund) (IInd Call) | 17.27 | 13000.00 | Form 'A, B & C' (Mixed Percentage and Item Rate Basis) |
| 2 | 175022 | Construction of Cricket Box Unit at Indra Stadium Jagdalpur. (100X50ft ) ( DMFT Fund) (IInd Call) | 19.95 | 15000.00 | |
| 3 | 175025 | Construction work of community building near Shankar temple in Maharani Ward No. 14, Jagdalpur (MP Fund) (IInd Call) | 10.00 | 8000.00 | Form "A" Percentage Rate Basis) |
| 4 | 175026 | Rate contract tender for Providing and Fixing of tent equipment and material including all the electric and mechanical fitting on rent Municipal Corporation Jagdalpur (IIrd Call) | 50.00 | 50000.00 | Form "C" Item Rate |

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 26.09.2025 को सायं 5.30 बजे तक देखे / क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं । अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट http://uad.cg.gov.in मे भी देखी जा सकती है। निविदा शर्तें, बी.ओ. क्यू, सूचना में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर उपरोक्त वेवसाईट मे भी देखी जा सकती है। संशोधन सूचना, समाचार पत्र पर प्रकाशित नहीं किया जावेगा ।
**टीप :-** निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है।

S-45202/2 — स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें

**कार्यपालन अभियंता**
**नगरपालिक निगम, जगदलपुर**

**आम सूचना**

**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को सोने के आभूषणों के बदले में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('आईसीआईसीआई बैंक') से प्राप्त सुविधा ('सुविधा') के लिए उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। हम 22 सितंबर, 2025 को गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की ई-नीलामी करने के लिए विवश हैं क्योंकि वे बकाया चुकाने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता हटाने/ई-नीलामी की तारीख बदलने का अधिकार है। नीलामी ऑनलाइन- https://gold.samil.in पर दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे के बीच होगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट पर लॉग इन करें। मृतक उधारकर्ता के मामले में, सभी शर्तें कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: | अंबिकापुर |
| 042562002731 | चंद्रकांत सिंह |
| शाखा का नाम: अंबिकापुर-खरसिया रोड | |
| 544862000035 | मो. दानिश अख्तर |
| शाखा का नाम: बैकुंठपुर, छत्तीसगढ़ | |
| 360562001789 | दिलीप सिंह राजपूत |
| शाखा का नाम: बालोद | |
| 328262001854 | विद्या हिरवानी |
| शाखा का नाम: बस्तर, छत्तीसगढ़ | |
| 360162001288 | तोमेश्वर कुमार |
| 360162001974 | अनमोल नाग |
| शाखा का नाम: बेमेतरा, छत्तीसगढ़ | |
| 372462001174 | निसज अली |
| शाखा का नाम: भाटापारा | |
| 134562001255 | सेवक राम साहू |
| शाखा का नाम: भिलाई नगर-सुपेला | |
| 434957000037 | लोकनाथ वर्मा |
| शाखा का नाम: बिलासपुर-मंगलाचौक | |
| 181462002147 | प्रशांत पाटिल |
| 181462002728 | अजय अरोड़ा |
| शाखा का नाम: बिलासपुर-सरकंडा | |
| 734962000674 | -अवधेश कुमार साहू |
| शाखा का नाम: चांपा | |
| 177462002370 | सुरेश कुमार देवांगन |
| शाखा का नाम: चिरमिरी | |
| 162562002972 | यशवंत राव भोसले |
| शाखा का नाम: घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ | |
| 372262001369 | निखिल शर्मा |
| 372262001568 | राज कुमार राठिया |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 372262001566 | प्रीति रत्या |
| 372262001579 | मनीराम नागेश |
| शाखा का नाम: जगदलपुर | |
| 108562012579 | मनीराम नागेश |
| 108557000032 | पूजा पूजा |
| 108562011402 | राकेश ठाकुर |
| 108562011550 | मोहन बघेल |
| 108562012554 | रामदयाल बघेल |
| 108562012514 | कंचन रवानी |
| 108562012516 | कंचन रवानी |
| 108562012515 | देवसीर बाई पुड़ो |
| 108562012559 | तुलाराम कश्यप |
| 108562012577 | ललित ठाकुर |
| 108562012582 | आलोक सिंह चंदेल |
| 108557000184 | अभय पॉल |
| शाखा का नाम: जगदलपुर - II | |
| 443162000479 | मानसिंह कश्यप |
| शाखा का नाम: जांजगीर-नेताजी चौक | |
| 782857000080 | होमेश चतुर्वेदी |
| शाखा का नाम: कटघोरा | |
| 328862001110 | मनोज कुमार नायक |
| 328862001255 | कमलेश कुमार |
| शाखा का नाम: कवर्धा | |
| 098762001250 | गंगाराम भास्कर |
| 098762001262 | नीतीश चंद्रवंशी |
| शाखा का नाम: खरसिया | |
| 202262004188 | चितेश कुमार साहू |
| शाखा का नाम: कोंडागांव, छत्तीसगढ़ | |
| 328157000347 | विवेक सिकदर |
| 328162004023 | दामोदर सिंह वैध |
| 328162004098 | दामोदर सिंह वैध |
| 328162005803 | ओंकार बघेल |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 328162005810 | रविदास मानिकपुरी |
| 328162005815 | ज्ञानेश्वर प्रधान |
| शाखा का नाम: कोरबा-बालको नगर | |
| 756062000609 | राजेंद्र पाल यादव |
| शाखा का नाम: मुंगेली | |
| 328062002878 | आकाश शर्मा |
| 328062002876 | श्रवण कुमार |
| 328062002881 | निकेश कुमार पांडे |
| शाखा का नाम: नगरनार | |
| 263962003241 | दिनेश मौर्य |
| शाखा का नाम: नारायणपुर | |
| 783562000288 | उर्मिला नेताम |
| 783562000295 | जन कालेक्षण |
| 783562000300 | सूरज लाल |
| शाखा का नाम: परसदा | |
| 435257000045 | रामबाबू कुमार कुमार |
| शाखा का नाम: पेंड्रा | |
| 784862000194 | शिवकृष्ण प्रताप सिंह |
| 783362000100 | सुरेश पालेश्वर |
| शाखा का नाम: रायपुर-पचपेड़ी नाका | |
| 134662001813 | जय प्रकाश हेडिड |
| शाखा का नाम: सारंगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 371862002387 | पार्वती जांगड़े |
| 371862002437 | शत्रुघ्न भोई |
| 371862002788 | दशरथ चौहान |
| 371862002799 | महेन्द्र विक्रम सिंह जांगड़े |
| शाखा का नाम: सूरजपुर | |
| 749662000552 | शेसमान रजवाड़े |
| शाखा का नाम: तिल्दा | |
| 794862000114 | वरुण कुमार निर्मलकर |

दिनांक: 12.09.2025
स्थान: बस्तर, रायगढ़, रायपुर, कोंडागांव, महेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, महासमुंद, बिलासपुर, कबीरधाम, बेमेतरा, दुर्ग, गौरेले-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा, कोरिया, नारायणपुर, सरगुजा,

सही – प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# गोल्फ महोत्सव में जुटेंगे देशभर के दिग्गज खिलाड़ी, पहली बार ग्रामीण बच्चे दिखाएंगे खेल का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महानगरों की तर्ज पर अब राजधानी में गोल्फ के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। इसी क्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से इस साल होटल मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्स में गोल्फ महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। आयोजन 17 सितंबर से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश-विदेश से आए गोल्फ खिलाड़ी अपने खेल का कौशल दिखाएंगे।

महोत्सव में 100 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे, जिन्हें राजधानी में गोल्फ के क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। खास बात यह है कि पहली बार छत्तीसगढ़ के गांवों के बच्चे भी गोल्फ कोर्स पर उतरकर अपना हुनर आजमाएंगे। ग्रामीण बच्चों को गोल्फ से जोड़ने की यह पहल फेडरेशन की ओर से एक अनोखा प्रयास है।

## 17 सितंबर से शुरू होगा महोत्सव, 12 जनवरी को होगा समापन

### गोल्फ के हर शॉट में दिखेगा रोमांच

गोल्फ महोत्सव में दिग्गज खिलाड़ियों के हर शॉट का रोमांच दर्शकों को रोमांचित करेगा। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों के साथ-साथ गोल्फ प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी और छत्तीसगढ़ को भी गोल्फ में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। दर्शक न केवल खेल का नजदीक से आनंद उठा सकेंगे बल्कि गोल्फ के नियमों और तकनीकों को भी समझने का मौका पाएंगे।

- महोत्सव में वृक्षारोपण के साथ,रक्तदान शिविर और शहीद परिवारों का होगा सम्मान
- सेना के जवान, भूतपूर्व सैनिक कार्यक्रम में होंगे शामिल, युवाओं को देंगे मार्गदर्शन



### खेल और सेहत से जुड़े होंगे कार्यक्रम

गोल्फ महोत्सव केवल खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सेहत और सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा होगा। महोत्सव की शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से होगी और समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर किया जाएगा। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयोजक आर्यवीर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 5 हजार पेड़ लगाए जाएंगे, रक्तदान शिविर आयोजित होगा और शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। इस अवसर पर सेना के जवान, भूतपूर्व सैनिक और भारतीय सेना के सेवानिवृत्त चीफ जनरल मनोज पांडेय विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### युवाओं को नशे के खिलाफ दिया जाएगा संदेश

गोल्फ महोत्सव के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ युवाओं को सेहत बेहतर रखने के उपायों पर मार्गदर्शन देंगे और उन्हें गोल्फ जैसे सकारात्मक खेलों से जोड़ने की पहल भी होगी। महोत्सव में युवा पूर्व सैनिकों और भारतीय कैडर सेवा जवानों से सीधे संवाद कर सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल खेल को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सम्मान का संदेश भी देना है।

# डेविस कपः भारत ने दक्षिणेश्वर और नागल को स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैदान में उतारा

चरम पर भारतीय खिलाड़ियों का जोश : होरा



**नई दिल्ली/स्विट्जरलैंड।** डेविस कप के ग्रुप-I मुकाबले में भारत और स्विट्जरलैंड के बीच खेले जाने वाले मैचों का गुरुवार को ड्रा निकाला गया। इसमें शुक्रवार को पहले सिंगल्स मैच में भारत के दक्षिनेश्वर सुरेश का मुकाबला स्विट्जरलैंड के जेरोम किम से होगा। वहीं दूसरे सिंगल्स में सुमित नागल, स्विट्जरलैंड के मार्क एंड्रिया हुस्लर से भिड़ेंगे। भारतीय टीम के समन्वयक गुरुचरण सिंह होरा ने कहा, मेजबान देश के खिलाफ इतने बड़े मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। मुझे यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) का आभारी हूं। उन्होंने बताया कि एआईटीए के कोषाध्यक्ष रोहित राजपाल और महासचिव अनिल धूपर की निर्देश और मार्गदर्शन ने इस यात्रा को और खास बना दिया है। टीम को स्विट्जरलैंड स्थित भारतीय दूतावास का दौरा करने का भी अवसर मिला, जिसे कोआर्डिनेटर होरा ने गर्व और भावुक क्षण बताया।

कोआर्डिनेटर श्री होरा ने बताया कि टीम इन दिनों गहन अभ्यास सत्रों में जुटी हुई है। अभ्यास के साथ-साथ खिलाड़ियों ने आपसी तालमेल और आत्मविश्वास मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी पूरे जुनून और अनुशासन के साथ मेहनत कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि आने वाले मुकाबलों में वे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत का नाम रोशन करेंगे। टेनिस प्रेमियों में अब शुक्रवार के मुकाबले को लेकर उत्साह बढ़ गया है। सभी की निगाहें भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी हुई हैं।

# एशिया कप : बांग्लादेश ने जीत के साथ किया आगाज, हांगकांग को सात विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

लिटन दास ने कप्तानी पारी खेलते हुए आक्रामक अर्धशतक लगाया, जिसकी मदद से बांग्लादेश ने एशिया कप के अपने पहले मैच में गुरुवार को हांगकांग को सात विकेट से हरा दिया। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए हांगकांग को सात विकेट पर 143 रन पर रोक दिया था। इसके बाद दास ने 39 गेंद में 59 रन बनाकर टीम को 14 गेंद बाकी रहते जीत दिलाई।

हांगकांग की यह टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार है, जिसे पहले मैच में अफगानिस्तान ने 94 रन से हराया था। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन ने 14 गेंद में 19 रन बनाए। बीच के ओवरों में रन मुश्किल से बने और पावरप्ले के बाद एक समय तो 33 गेंद में कोई चौका छक्का नहीं लगा था।

### लिटन दास ने खेली कप्तानी पारी

बांग्लादेश ने जब 24 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब लिटन दास क्रीज पर आए। उन्होंने शुरुआत में संभलकर बल्लेबाजी की। हालांकि, क्रीज पर टिकने के बाद इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने रन गति में इजाफा किया। उन्होंने 33 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 39 गेंदों में 6 चौकों और 1 छक्के की मदद से 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने तौहीद हृदय के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी भी निभाई।



### अर्धशतक से चूके निजाकत खान

हांगकांग ने जब 30 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब निजाकत क्रीज पर आए। इस अनुभवी बल्लेबाज एक छोर से टिककर बल्लेबाजी करते हुए पारी को स्थिरता दी। वह अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर के 12वें अर्धशतक से चूक गए। दाएं हाथ के बल्लेबाज निजाकत 40 गेंदों में 42 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने 2 चौके और 1 छक्का लगाया। उनके अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 2,324 रन हो गए हैं।


UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

**अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in**

## अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **30.09.2025** को **11.00** बजे से दोपहर **4.00** बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी **30.09.2025, 4.00 बजे** के पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय- 30.09.2025** को सुबह 11.00 **बजे** से उपरान्ह 4.00 **बजे** तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

**संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 29.09.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 30.09.2025**

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ संपर्क विवरण | ऋणी एवं गारंटर का नाम | बकाया राशि / कब्जा का प्रकार | मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य व बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | GPC, DURG Preeti Choudhary (7869539556) | फरबेता साबरी एवं अहमद अली | ₹ 28.87 Lakh + उस पर लागू ब्याज / भौतिक कब्जा | 13/01/2025 / 19/03/2025 | **संपत्ति के मालिक- अहमद अली**, 1. ख. नं. 4854, प्लॉट नं. 16ए, कोहका दुर्ग, 148.70 वर्ग मीटर। खुली भूमि। 2. ख.नं. 4783, प्लॉट नं. 16/बी, कोहका, दुर्ग, 148.70 वर्ग मीटर। खुली भूमि | 63,00,000/- / 6,30,000/- / 25000/- |
| 02 | TELIBANDHA Branch Mr. Dilip Kumar Sahu 7008516101 | मेसर्स राणी सती स्टील एण्ड बेग्स, प्रोप. बबली गोयल जमानतदार- राजेश अग्रवाल | ₹ 35.95 Lakh + ब्याज / सांकेतिक कब्जा | 16.10.2024 / 14.01.2025 | **संपत्ति के स्वामी- श्रीमती बबली गोयल पत्नी श्री राजेश अग्रवाल**, ख. नं. 636/2, 641/2, 636/11 एवं 641/11, प.ह.नं. 110, प्रथम मंजिल, गोकुल अपार्टमेंट, महर्षि वाल्मिकी वार्ड नं. 28, मौजा- शंकर नगर, गायत्री नगर, आरएनएम- रायपुर स्थित फ्लैट नं. जी। | 33,14,000/- / 3,31,400/- / 25000/- |
| 03 | Pandari Branch Mr. Rupak Sau 9593501406 | रत्ना इंजीनियरिंग वर्क्स, पार्टनर- 1. ए.एन. रेड्डी 2. संजय कुमार | ₹ 363.43 Lakh + उस पर लागू ब्याज / भौतिक कब्जा | 17.10.2019 / 15.01.2020 | **संपत्ति के मालिकः ए. एन. रेड्डी**, सी.एस.आई.डी.सी., सिलतरा, रायपुर फेस-II, प्लॉट नं.-19/12 (भाग) में स्थित फैक्ट्री एवं शेड। **क्षेत्रफल- 26792 वर्गफीट** | 90,00,000/- / 9,00,000/- / 25,000/- |
| 04 | Bhilai Sector-I Mr. Shubhash 9805510068 | श्रीमती नेहा मिश्रा एवं स्वप्निल मिश्रा | ₹ 17.35 Lakh + उस पर लागू ब्याज / भौतिक कब्जा | 25.05.2024 / 07.08.2025 | **स्वामित्व- नेहा मिश्रा पत्नी स्वप्निल मिश्रा**, ख.नं. 9296, प.ह.नं. 14/19, सोनिया रेसिडेंसी, रामनगर, अम्बेडकर नगर वार्ड, कोहका, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग, फ्लैट नं. 204 द्वितीय तल) में स्थित आवासीय फ्लैट। **क्षेत्रफल- 598 वर्गफीट** | 17,68,000/- / 1,76,800/- / 25,000/- |

**ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 30.09.2025, सुबह 11:00 बजे से शाम 4.00 बजे** तक एव **संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समयः 29.09.2025, दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे** तक। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** पर दिए गए लिंक को देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए ऊपर बताए गए शाखा प्रमुख से संपर्क कर सकते हैं। बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्वीकार/अस्वीकार/रद्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में किसी भी प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा।

**यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 15 दिनों की नोटिस भी है।**

दिनांक : 11.09.2025 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)






**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

हॉंडा अधिकृत विक्रेता : **रायपुर :** ए सिटी हॉंडा – 9785823333, ग्रैंड हॉंडा – 0771-4033794, वरूण हॉंडा – 0771-4005901, जी.के. हॉंडा – 8058254444, **आरंग:** वी श्री हॉंडा – 9893728947, **भिलाई:** आन हॉंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) – 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, **दुर्ग:** श्री सांईराम हॉंडा (स्टेशन रोड) – 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) – 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) – 0788-4058968, 8823050444, **राजनांदगांव:** अंशदीप हॉंडा – 07744-223100, मनराज हॉंडा – 07744-223333, **महासमुंद:** श्री आर्यन हॉंडा – 9425204997, **दल्लीराजहरा:** श्री शुभ हॉंडा – 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)– 9425564232, **बलौदा बाजार:** किरण हॉंडा – 7049518181, **कवर्धा:** प्रथा हॉंडा– 7400550099, **बेमेतरा :** श्री रामा हॉंडा – 7824222521, **धमतरी:** श्री श्याम हॉंडा– 07722-233255, **जगदलपुर:** वाहेगुरू हॉंडा – 8435090001, **कोंडागांव:** दंतेश्वरी हॉंडा– 8517909999, **कांकेर :** शिवनाथ हॉंडा – 9644059600, 8720008800, 7970005301 For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com Embassy

# मिस्र के रेगिस्तान में मिला समुद्र का सबसे खूंखार शिकारी, 4 करोड़ सालों से दफन ये राज

**काहिरा।** मिस्र अपने अंतहीन लगने वाले रेगिस्तान और पिरामिड के लिए दुनिया भर में मशहूर है। यहां के रेगिस्तान को देखने के लिए भी हर साल हजारों पर्यटक पहुंचते हैं। लेकिन, ये रेगिस्तान दिखने में जितना नॉर्मल लगता है, उतना ही अपने अंदर कई कहानियों को दबाकर बैठा है। हाल ही में वैज्ञानिकों को यहां व्हेल के सैकड़ों कंकाल मिले हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि रेगिस्तान में समुद्र का सबसे खूंखार जीव व्हेल कैसे पहुंचा? मिस्र के वेस्टर्न डेजर्ट के बीचों-बीच मौजूद वादी अल-हितान यानी 'व्हेलों की घाटी' में वैज्ञानिकों को ऐसा जीवाश्म (फॉसिल्स) खजाना मिला है, जो धरती पर जीवन के सबसे बड़े बदलावों की कहानी कहता है।

### समुद्र से रेगिस्तान तक का सफर

आज जिस जगह सिर्फ रेत और चट्टानें दिखती हैं, वहां कभी प्राचीन टेथिस महासागर हुआ करता था। लाखों साल पहले यह इलाका समुद्र से ढका हुआ था और यहां जल जीवों की भरमार थी। समय के साथ समुद्र सूख गया और यह क्षेत्र एक गर्म, सूखा रेगिस्तान बन गया, जिसे आज आप देख रहे हैं। लेकिन, उस समय के समुद्री जीवों के कंकाल आज भी इस रेगिस्तान में दफन हैं और एक नेचुरल टाइम कैप्सूल की तरह वैज्ञानिकों को जीवन की गहराइयों तक पहुंचने में मदद करते हैं।



### पैरों वाली व्हेल

1989 में वैज्ञानिकों ने यहां बासिलोसॉरस इसिस के कंकाल की खोज की। यह व्हेल करीब 60 फीट लंबी थी और इसमें पिछले पैर, पंजे और उंगलियां तक थीं। यह दिखाता है कि कैसे एक समय में व्हेल जैसे जीव जमीन पर चलते थे और धीरे-धीरे उन्होंने पानी में रहने के लिए खुद को ढाल लिया। यहां मिली आर्कियोसीट व्हेल्स आज की डॉल्फिन और व्हेल की पूर्वज मानी जाती हैं।

### व्हेल के अलावा भी खजाने दफन

वादी अल-हितान में व्हेल्स के अलावा कई और समुद्री जीवों के जीवाश्म भी पाए गए हैं। इसमें प्राचीन समुद्री कछुए, हड्डी वाली मछलियां, शार्क और रे की प्रजातियां, प्राचीन मगरमच्छ और मानाटी जैसे समुद्री स्तनधारी जीव शामिल हैं। 2005 में यूनेस्को ने वादी अल-हितान को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है। यह जगह न सिर्फ पर्यटकों के लिए खुला है, बल्कि वैज्ञानिक अध्ययन का भी बड़ा केंद्र बन गया है। यहां एक स्वागत केंद्र भी है, जो फॉसिल्स की जानकारी देता है।

### विकास की खुली किताब

वादी अल-हितान यह साबित करता है कि व्हेल कभी चार पैरों वाले जमीन पर चलने वाले जीव थे। उनकी नाक की स्थिति, पूंछ की ताकत, पंख जैसे अगले पैर यह सब इस बात के सबूत हैं कि कैसे उन्होंने समुद्र में रहना सीखा। यह स्थल यह भी दिखाता है कि कैसे धरती और जीवन के रूप में समय के साथ हैरान करने वाले बदलाव हुए हैं।

## यहां गिद्ध की होती है पूजा, विदेश से तक आते हैं भक्त




**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में एक ऐसा मंदिर है, जहां मूर्तियां तो स्थापित हैं, परंतु किसी देवी-देवताओं की नहीं, बल्कि विलुप्त हो रहे गिद्ध जोड़े की। इस मंदिर को गिद्ध सती मंदिर के नाम से पुकारते हैं। यहां हर रोज दर्जनों लोग आकर पूजा पाठ करते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। पूजा-पाठ करने वाले लोग दावा करते हैं कि यहां उनकी मांगी हर मुराद पूरी होती है। मंदिर प्रांगण में हर बरस एक महीने का मेला भी लगता है, जिसमें पड़ोसी देश नेपाल तक के लोग आते हैं और अपनी मनोकामना मांगते हैं। मनोकामना पूर्ण होने के बाद फिर दर्शन करने के लिए आते हैं। गांव के रहने वाले रामनरेश वर्मा सहित कई ग्रामीणों का कहना है कि अपने साथी गिद्ध की मौत के बाद मादा गिद्ध ने भी वहीं पर अपने प्राण त्याग दिए थे। जिससे माना गया कि मादा गिद्ध ने नर गिद्ध के वियोग में अपने प्राण त्याग कर सती हो गई। इसके बाद गांव वालों ने दोनों मृतक गिद्धों के शवों का विधि विधान से गांव के पास ही अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

## 1 साल के लिए भारत आई थी महिला, पूरे हुए 11 साल तो मना रही जश्न

**नई दिल्ली।** ऐसा नहीं है कि सिर्फ भारतीय ही विदेश में जा बसे हैं, बल्कि कुछ विदेशी भी हैं, जिन्हें हमारे 140 करोड़ आबादी वाले देश का कल्चर और संस्कृति अपनी ओर खींचता है और फिर वो यही के होकर रह जाते हैं। कई विदेशी महिलाएं हैं, जो हिंदुस्तानियों से शादी करके भारत में बस गई हैं। अब इस रशियन महिला को ही देख लीजिए। यह बीते 11 साल से भारत में रह रही है और यहां के चप्पे-चप्पे से वाकिफ है। सोशल मीडिया पर इसने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में इस रशियन महिला ने बताया है कि इसे किन तीन चीजों ने सबसे ज्यादा आकर्षित किया है। रशियन महिला का नाम यूलिया है, जो भारत में आई थी तो सिर्फ एक साल के लिए लेकिन अब यहां अपने 11 साल पूरे होने का जश्न मना रही है। यह महिला एक कंटेंट क्रिएटर भी है और आए दिन अपने वीडियो शेयर करती रहती है। अपने नए वीडियो में यह रशियन महिला भारतीय पारंपरिक परिधान सूट-सलवार में है।




## भारतीय छात्रों ने बनाया ऐसा एआई, जो पहले ही करेगा सौर तूफानों से अलर्ट



**नई दिल्ली।** डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के छात्रों की एक टीम ने आदित्य एल 1 मिशन से मिले डाटा का इस्तेमाल करके एक ऐसा सिस्टम बनाया है जो सूर्य से आने वाले तूफानों के बारे में पहले ही चेतावनी दे सकता है। इसे खासतौर पर कोरोनल मास इजेक्शन की वजह से होने वाले तूफानों के लिए है। उनकी इस तकनीकी खोज के लिए इसरो ने उन्हें भारतीय अंतरिक्ष हैकाथॉन 2025 का विजेता घोषित किया है। इस टीम ने एक एआई सिस्टम को विकसित किया है, जो सौर घटनाओं का अंदाजा लगाने और स्पेस मिशन को उनसे बचाने में मदद करेगी। सीएमई सूर्य से निकलने वाले प्लाज्मा के बड़े बादल हैं, जब ये धरती पर आते हैं तो भू-चुंबकीय तूफान पैदा करते हैं जिससे सैटेलाइट, बिजली के ग्रिड और संचार सिस्टम में दिक्कत आ सकती है। प

### कैसे खास है ये एआई?

इस एआई मॉडल की सबसे खास बात है कि यह पूरी तरह से आदित्य एल-1 सैटेलाइट पर लगे स्विस-एपेक्स पेलोड से मिले डाटा पर काम करता है। यह एक मजबूत और स्वतंत्र अलर्ट सिस्टम है जो कुछ सेंसर खराब होने पर भी काम कर सकता है। यह उन सिस्टमों से बेहतर है जो सिर्फ चुंबकीय डाटा पर निर्भर करता है।

### क्या ये सही साबित हुआ?


सीबीएम की पुष्टि करने के बाद इस एआई सिस्टम ने सौर तूफानों का अनुमान लगाने में बहुत सही साबित हुआ और इसने बहुत कम गलत चेतावनियां दीं। यह सिस्टम सामान्य सौर हवा और असली खतरे के बीच फर्क कर सकता है, जिससे इसपर भरोसा बढ़े। यह सिस्टम ऐसे समय में बनाया गया है जब 2025 में सूर्य की गतिविधियां सबसे ज्यादा होने की उम्मीद थी। ऐसे समय में आदित्य एल-1 बहुत काम आ सकता है। इस नई तकनीक से भारत दुनिया का चौथा ऐसा देश बन सकता है, जिसके पास मानव अंतरिक्ष उड़ान और अंतरिक्ष मौसम की सुरक्षा दोनों की क्षमता है।

# भारत में खुलने जा रहा है अनूठा स्काईवॉक आसमान में लटका महसूस करेंगे खुद को!

**नई दिल्ली।** लोग खुद को हवा में महसूस करने के लिए हवाई जहाज में नहीं जाते हैं। वे या तो पैरा ग्लाइडिंग का सहारा लेते हैं। या फिर ऊंचे पर्वत की छोटी पर खड़े होते हैं। पर ग्लास स्काईवॉक ऐसी संरचना है, जो आपको आसमान में चलने का अहसास करा देगी। अभी तक भारत में ऐसी संरचना नहीं थी, लेकिन अब अगले हफ्ते विशाखापट्टनम में इसकी हकीकत में बदलने की पूरी तैयारी हो चुकी है। यहां पहुंचने के बाद आपको पैरों के नीचे कुछ नहीं है यही अहसास होगा। उम्मीद की जा रही है कि इससे पर्यटन उद्योग में जबरदस्त इजाफा देखने को मिलेगा।


### कितना ऊंचा है ये

अब विशाखापट्टनम की कैलाशगिरी हिल्स पर यह नया कांच का स्काईवॉक 262 मीटर ऊंचा है और इसकी लंबाई 55 मीटर की है। और इस तरह ये भारत का सबसे ऊंचा और सबसे लंबा ग्लास स्काईवॉक हो जाएगा। अगले हफ्ते इसका लोकार्पण किया जा रहा है। ऊंचाई में एडवेंचर करने के शौकीन लोगों के लिए यह बहुत ही रोमांचकारी अनुभव लाएगा।



### चीन में है सबसे बड़ा कांच का पुल

ग्लास की स्काईवॉक दुनिया में हर जगह देखने को नहीं मिलती है। फिलहाल, दुनिया की सबसे ऊंची ग्लासवॉक चीन के झांगजियाजेइ में ग्लास ब्रिज के तौर पर है जो की जमीन के 300 मीटर ऊंचाई पर है और यह पुल 262 मीटर लंबा है। लेकिन, ऐसा नहीं है कि अब तक ऐसी कोई संरचना भारत में नहीं थी। भारत में अब तक वेगामन ग्लास ब्रिज ही सबसे लंबे कांच का पुल है जो कि 40 मीटर लंबा है।




### कितने में बना है ये

यह प्रोजेक्ट विशाखापट्टनम मैट्रोपॉलिटियन रीजिन डेवेलपमेंट अथॉरिटी (वीएमआरडीए) ने तैयार किया है और इसका मकसद तटीय पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसे बनाने में 7 करोड़ रुपए की लागत आई है। इसे बनाने के लिए जर्मनी से आयात किया गया खास कांच और मजबूत स्टील का इस्तेमाल किया गया है।

### पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

इस स्काईवॉक की खास बात ये है यह आधुनिक इंजीनियरिंग और कुदरती नजारों का शानदार संगम के रूप में नजर आएगा। यहां से चारों ओर का नजारा हैरान कर देगा। एक तरफ पहाड़ों की हरियाली तो दूसरी तरफ समुद्र और उसका किनारा, लोगों की आंखों के लिए बहुत ही सुकून भरा साबित होगा। उम्मीद की जा रही है कि इससे ना केवल विशाखापट्टनम, बल्कि आंध्रप्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## पति और बेस्ट फ्रेंड ने दिया धोखा, पत्नी ने लिया ऐसा बदला कि पूरा शहर देखता रह गया



**बीजिंग।** प्यार में धोखा मिलने से व्यक्ति अंदर से टूट जाता है। उसके लिए इस सदमे से उबरना मुश्किल हो जाता है। लेकिन, चीन के हुनान प्रांत की एक महिला ने जिस तरह से अपने धोखेबाज पति और बेस्ट फ्रेंड से बदला लिया, उसने पूरे शहर को हिला कर रख दिया है। यह मामला अब सोशल मीडिया की दुनिया में आग की तरह फैल रहा है। चीन के चांगशा की रहने वाली इस महिला को हाल ही में पता चला कि उसके पति का पिछले 5 साल से किसी के साथ अफेयर चल रहा है, और वह महिला कोई और नहीं बल्कि उसकी ही बेस्ट फ्रेंड है। इस धोखे से महिला बुरी तरह टूट गई, लेकिन अपनी किस्मत को कोसने और चुपचाप आंसू बहाने की बजाय कुछ ऐसा किया, जिसकी शायद ही किसी ने कल्पना की थी। महिला ने बदला लेने का ऐसा तरीका अपनाया, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया।

### शहर में लगवाए लाल रंगे के बैनर


*एक रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने पूरे शहर में लाल रंगे के बैनर लगवाए, जिन पर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था- 5 साल तक मेरा साथ निभाने वाले पति का धन्यवाद। यह सीधा-सीधा उसकी बेवफा बेस्ट फ्रेंड पर तंज था, जिसने उसकी पीठ में छूरा भोंका था। इतना ही नहीं, महिला ने एक और बैनर लगवाया, जिसमें उसने सीधे अपनी सहेली का नाम लेते हुए लिखवाया, शी ने नैतिकता के सारी हदों को लांघ दिया। उसने अपनी सबसे अच्छी दोस्त के पति के साथ अवैध संबंध बनाए। फिर क्या था। किसी ने इन बैनरों की तस्वीर खींचकर उसे सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गई और ये बैनर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए।*

### कानूनी मुश्किलों का करना पड़ सकता सामना

इस घटना ने एक नई बहस छेड़ दी है। कुछ लोग महिला की हिम्मत की दाद दे रहे हैं, तो कई इसे गलत ठहरा रहे हैं। वकीलों का मानना है कि महिला का यह कदम उसकी सहेली की प्राइवेसी और उसके रेप्युटेशन पर हमला है, जिससे उसे कानूनी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन, महिला का कहना है कि पति का धोखा तो वह किसी तरह बर्दाश्त कर लेगी, पर सबसे गहरा जख्म तो उसकी सबसे करीबी दोस्त ने दिया था। इस धोखे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।

## ये पतली सी मछली पल भर में ले सकती है जान

**लंदन।** समुद्र की दुनिया में शार्क जैसी मछलियां अपने खतरनाक स्वभाव के लिए जानी जाती हैं, लेकिन एक ऐसी मछली भी है जो देखने में पतली और नाजुक लगती है, पर वह शार्क से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। इस मछली का नाम नीडिलफिश है, जिसे हिंदी में 'सुई मछली' भी कह सकते हैं। यह मछली अपने नुकीले और तेज चोंच की वजह से लोगों के लिए जानलेवा बन जाती है। इस मछली से घायल होने के कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें कुछ लोगों की मौत भी हुई है। नीडिलफिश की सबसे बड़ी खासियत उसकी रफ्तार है। यह पानी की सतह के पास तैरती है और जब कोई रुकावट आती है, तो ये 60 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार से पानी से बाहर उछलकर उसके ऊपर से निकल जाती है। दिक्कत तब होती है जब ये रुकावट कोई नाव या इंसान होता है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com